दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◈◈ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, रविवार, 23 जुलाई, 2023, सावन शुक्ल पक्ष पंचमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-98 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

मणिपुर को लेकर कौन कितना गंभीर है यह सारा देश देख रहा है। संसद के मानसून सत्र के दो दिन व्यर्थ गए। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच नूरा कुश्ती चलती रही। दोनों एक दूसरे पर मणिपुर मुद्दे को लेकर चर्चा से भागने का आरोप लगाते रहे। समझ में नहीं आता कि जब विपक्ष इस पर चर्चा चाहता है और सत्तापक्ष चर्चा के लिए अपनी सहमति जता रहा है तो दो दिनों तक इस पर चर्चा आखिर क्यों नहीं हो पाई? लगता है दोनों का ही मकसद हंगामा खड़ा करना है। कोई नहीं चाहता कि सूरत बदले।

//-- सुविचार --//

जब तक हम लोगों के लिए
कुछ करते हैं,
वो कुछ भी नहीं कहते,
पर जब ऐसा न हो तो कहेंगे
कि आप बदल गये हैं!!

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:15 प्रातः
अस्त : 06:35 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.0	23.0
जमशेदपुर	32.0	26.0
हजारीबाग	33.0	28.0
डालटनगंज	35.0	27.0

संक्षिप्त खबरें

दो और अमरनाथ यात्रियों की मौत

श्रीनगर। श्री अमरनाथ जी की पवित्र यात्रा पर गए दो और तीर्थयात्रियों की शनिवार को मौत हो गई। इसके बाद इस साल की तीर्थयात्रा के दौरान अब तक मरने वालों की संख्या 36 हो गई है। दोनों तीर्थयात्री राजस्थान के निवासी थे। मृतकों की पहचान फतेह लाल मनारिया और मांगी लाल के रूप में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि उनकी उम्र 60 वर्ष थी। अधिकारियों ने बताया कि फतेह लाल मनारिया की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई लेकिन मांगी लाल की मौत के कारण का पता लगाया जा रहा है। इन दो मौतों से इस साल अब तक यात्रा के दौरान मरने वालों की संख्या 36 हो गई है। ऊंचाई पर कम ऑक्सीजन सांद्रता के कारण होने वाली हृदय गति रुकना अमरनाथ तीर्थयात्रियों और वहां तैनात सुरक्षा बलों के बीच मृत्यु के सबसे आम कारणों में से एक है। अब तक की 22 दिनों की यात्रा के भीतर ही इस बार तीन लाख से अधिक तीर्थयात्री प्राकृतिक बर्फ के से बने भगवान शिव के दर्शन कर चुके हैं। इस बार की अमरनाथ यात्रा में कई बाहरी देशों के यात्रियों, फिल्म हस्तियों, सेना के अधिकारियों, नेताओं सहित देश के बाहरी राज्यों के तीथयात्रियों ने श्री अमरनाथ जी की पवित्र गुफा के दर्शन किए हैं।

राष्ट्रपति को मुख्यमंत्री ने मणिपुर में जारी हिंसा की रोकथाम के लिए लिखा पत्र

रांची। मणिपुर में जातीय समूहों के बीच जारी हिंसा और दो दिन पूर्व सोशल मीडिया पर मणिपुर की आदिवासी महिलाओं पर बर्बरता दिखाने वाले एक लीक वीडियो को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पत्र लिख कर वहां शांति और सद्भाव कायम करने आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मणिपुर में बढ़ती स्थिति से व्यथित और चिंतित हूं। मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार हिंसा की वजह से पहले ही सैकड़ों निर्दोष लोगों की जानें चली गई है। साथ ही संपत्ति और सार्वजनिक बुनियादी ढांचों का नुकसान हुआ है। क्षेत्रों में रहने वाले कई जातीय समूहों के बीच असुरक्षा की भावना उत्पन्न हुई है।

पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुर दो महीने से ज्यादा समय से जल रहा है। बच्चों सहित 40 हजार से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं और अस्थायी शिविरों में रह रहे हैं। कुछ निहित स्वार्थों की वजह से मौन समर्थन के साथ यह जातीय हिंसा बेरोकटोक जारी है, जो दुःखद है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दो दिन पूर्व मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ जिस तरह से बर्बरतापूर्ण व्यवहार हुआ, वह अत्यंत चिंतनीय और निंदनीय है। इस घटना ने पूरे देश को अंदर तक झकझोर कर रख दिया है। ऐसा प्रतीत होता है कि मणिपुर में शांति, एकता और न्याय समाप्त होने के कगार पर है। राष्ट्रपति से मुख्यमंत्री ने आग्रह किया है कि मणिपुर और देश के सामने संकट की इस घड़ी में हम आपको आशा और प्रेरणा के अंतिम स्त्रोत के रूप में देखते हैं। इस विकट परिस्थिति में आगे का रास्ता दिखाने, न्याय सुनिश्चित करने और मणिपुर की शांति एवं सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने की अपील करता हूं।

शिमला के जगोटी में बादल फटा, भारी तबाही

शिमला। हिमाचल प्रदेश में बरसात का सितम जारी है। ताजा आपदा रात को शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल की चिड़गांव तहसील में आई है। चिड़गांव की उपतहसील जांगला डिसवाणी पंचायत के जगोटी में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। एक भोजनालय ढह गया। इसमें रह रहे तीन लोग लापता हो गए हैं। इनकी पहचान रोशन लाल (62), उनकी पत्नी भागा देवी (57) और पोता (11) कार्तिक के रूप में हुई है। पानी के सैलाब से स्थानीय लैला खड्ड उफान पर है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बिरसा योजना एवं रोजगार प्रोत्साहन भत्ता तथा परिवहन भत्ता वितरण का किया शुभारंभ, कहा

कुशल युवाओं का झारखंड बनेगा

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज जमाना तकनीक का है। बदलते वक्त के साथ तकनीक भी बदल रही है। ऐसे में हर इंसान को हुनरमंद होना होगा। अगर आपके पास हुनर होगा तो बाजार में आपकी डिमांड भी होगी और रोजगार के बेहतर विकल्प और अवसर भी मिलेंगे, वरना जमाने से आप काफी पीछे रह जाएंगे। ऐसे में आप अपने हुनर को निखारें और अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बनाएं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शनिवार को राजधानी रांची के आर्यभट्ट सभागार में में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना एवं रोजगार प्रोत्साहन भत्ता तथा परिवहन भत्ता वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि कौशल विकास से जीवन में बदलाव के साथ ऊर्जा का संचार होता है एवं सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने की शक्ति मिलती है।

प्रशिक्षण के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने यहां के ग्रामीण नौजवानों के स्किल डेवलपमेंट के लिए यह योजना शुरू की है । पहले जहां आपको कौशल विकास के प्रशिक्षण के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। वहीं, अब आपको अपने प्रखंड में ही खोले जा रहे बिरसा केंद्र में अपनी इच्छा के अनुरूप फील्ड में स्किल डेवलपमेंट का कोर्स निशुल्क कर सकेंगे । इतना ही नहीं आपको रोजगार प्रोत्साहन भत्ता और परिवहन भत्ता भी मिलेगा, ताकि आप अपने हुनर को बेहतर तरीके से निखार सकें।

हर नौजवान को हुनरमंद बनाने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशल युवाओं का झारखंड बनाने का हमारा संकल्प है। इस कड़ी में साक्षर, निरक्षर, कम पढ़े लिखे और उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के स्किल को निखारने के लिए सरकार काम कर रही है । मेरा मानना है कि आज शिक्षा के साथ-साथ हुनरमंद होना किसी मास्टर डिग्री से कम नहीं है। आज एमबीबीएस और बी टेक का कोर्स करने के बाद आप नौकरी तो पा लेंगे, लेकिन अच्छे अवसर के लिए आपके पास प्रबंधन की डिग्री भी बेहद जरूरी है।

अपने राह पर आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ खड़ी रहेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना वजह समय और करियर बर्बाद नहीं हो, आपको हर हाल में अपने आप को निखारना होगा। आपने जो सोचा है, उस राह पर आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ सहयोग करेगी। आप एक कदम आगे बढ़ेंगे तो सरकार चार कदम आगे बढ़कर आपका साथ देगी। जरूरत इस बात की है कि आप सरकार की योजनाओं से जुड़कर उसका लाभ लें।

काम में किसी प्रकार का संकोच नहीं करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि काम कोई भी छोटा और बड़ा नहीं होता है। ऐसे में काम करने से आप संकोच नहीं करें। क्योंकि, जिस काम से आपका घर- परिवार और जीवन चलता है, वह भगवान समान होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको अपने राज्य में रोजगार के बेहतर अवसर मिले, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

मजदूरों के हितों का कर रहे संरक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मजदूर बहुल राज्य है। यहां के लाखों मजदूर दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं। लेकिन, इसके बाद भी पिछले दो दशकों में मजदूरों के प्रति ना तो किसी तरह की संवेदना देखने को मिली और ना ही उनके लिए योजनाएं बनाई गई । उनके हितों को अनदेखा किया जाता रहा। लेकिन, हमारी सरकार पूरी संवेदना के साथ मजदूरों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है, भले ही मजदूर राज्य में काम कर रहा हो या दूसरे राज्यों अथवा विदेशों में। सभी मजदूरों के हितों का संरक्षण सरकार कर रही है।

राज्य में बड़े पैमाने पर हो रही नियुक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज झारखंड में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं। कई विभागों में हजारों पद भरे जा चुके हैं। अनेक पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। अभी 26 हजार शिक्षकों के लिए विज्ञापन निकल चुका है। ऐसे में जहां देशभर में सरकारी नियुक्तियां सिकुड़ रही है, हम बड़े पैमाने पर युवाओं को बहाल कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निजी क्षेत्रों में भी अब तक 20,000 से ज्यादा युवाओं को सरकार के प्रयासों से रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। हमारा प्रयास हर हाथ को काम देना है।

स्वरोजगार के प्रति युवाओं का बढ़ा रुझान

मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते समय के साथ शिक्षित युवाओं में स्वरोजगार के प्रति रुझान तेजी से बढ़ रहा है। पहले जहां वे किसी कंपनी में किसी के अधीन काम करते थे। आज अपना व्यवसाय खड़ा कर चुके हैं और अपने साथ कई नौजवानों को भी रोजगार देने का काम कर रहे हैं। सरकार भी स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना लागू की है । आप इन योजनाओं से जुड़कर अपने व्यवसाय और आय को बढ़ा सकते हैं।

स्कूली शिक्षा से लेकर विदेशों में उच्च शिक्षा का खर्च दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने राज्य के बच्चे-बच्चियों से कहा कि आप अपने पढ़ाई पर ध्यान दें। आपकी पढ़ाई का सारा खर्च सरकार वाहन करेगी। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा से लेकर विदेशों में उच्च शिक्षा तक का खर्च सरकार वाहन कर रही है। इतना ही नहीं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों के साथ मेडिकल-इंजीनियरिंग और अन्य प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए भी सरकार आर्थिक सहयोग कर रही है। आपकी गरीबी आपकी पढ़ाई में बाधा ना बने, इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने ये कदम उठाए हैं।

आप यूथ आईकॉन बनें, मार्गदर्शक का रोल निभाएं

मुख्यमंत्री ने बिरसा केंद्र में स्किल डेवलपमेंट के लिए चयनित युवक-युवतियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने फील्ड के यूथ आईकॉन बने और एक मार्गदर्शक का रोल निभाएं, तभी अन्य बच्चे बच्चियां भी स्किल डेवलपमेंट का कोर्स करने के लिए आगे आएंगे। बिरसा केंद्र के लिए चयनित युवक-युवतियों से सीधा संवाद, डीबीटी के माध्यम से खाते में राशि ट्रांसफर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान बोकारो, चतरा, गढ़वा साहिबगंज और पश्चिमी सिंहभूम जिले के एक -एक प्रखंड में खुलने वाले बिरसा केंद्र में प्रशिक्षण के लिए चयनित युवक-युवतियों से सीधा संवाद किया। इस मौके पर उन्होंने सांकेतिक रूप से 1039 प्रशिक्षणार्थियों के बैंक खाते में रोजगार प्रोत्साहन भत्ता के रूप में 13 लाख 9 हजार 5 सौ रुपए और 2178 प्रशिक्षणार्थियों को 11 लाख 87 हजार 840 रुपए परिवहन भत्ता के रूप में ट्रांसफर किए।

क्या है बिरसा योजना

मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना के तहत प्रखंड स्तर पर कौशल विकास का प्रशिक्षण केंद्र खोला जाना है। इस योजना के पहले चरण में अस्सी प्रखंडों में बिरसा केंद्र खोले जा रहे हैं। यहां युवाओं को निशुल्क कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा । प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को एक हजार रुपए रोजगार प्रोत्साहन भत्ता मिलेगा, जबकि युवतियों, दिव्यांगों और परलैंगिको के लिए यह राशि एक हजार पांच सौ रूपए प्रति माह होगी। इसके अलावा गैर आवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को एक हजार रूपए प्रतिमाह परिवहन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में 1 वर्ष तक रोजगार प्रोत्साहन भत्ता भी दिया जाएगा।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, श्रम विभाग के सचिव राजेश शर्मा, श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के मिशन डायरेक्टर सुनील कुमार, श्रम विभाग के अपर सचिव अमित प्रकाश और पवन कुमार मौजूद थे।

झारखंड में अब तक 46 प्रतिशत कम बारिश

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : झारखंड में इस वर्ष मानसून के दौरान अब तक उम्मीद से काफी कम बारिश होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार 1 जून से लेकर 21 जुलाई तक राज्यभर में सामान्य से करीब 46 प्रतिशत कम बारिश हुई। जिसके कारण झझरखंड के कई हिस्सों में लगातार दूसरे साल सुखाड़ की आशंका उत्पन्न हो गई।

चतरा, धनबाद व गिरिडीह समेत अन्य जिलों में काफी कम बारिश

मौसम विभाग के अनुसार मानसून की अवधि में अब तक राज्य में 403 मिलीमीटर वषार्पात का रिकॉर्ड है, लेकिन इस अवधि में अब तक सिर्फ 219.6 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से 46प्रतिशत कम है। राज्य में सिर्फ साहेबगंज जिले में सामान्य से अधिक बारिश हुई, जबकि गोड्डा और सिमडेगा जिले में सामान्य बारिश हुई। जबकि शेष अन्य सभी जिलों सामान्य से काफी कम या सामान्य से कम बारिश हुई है। चतरा, धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा, कोडरमा, लोहरदगा, रामगढ़, खरसावां, बोकारो और हजारीबाग जिले में 50 से लेकर 70 प्रतिशत कम बारिश हुई। जबकि देवघर, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, खूंटी, रांची, पलामू, पाकुड़ और पश्चिमी सिंहभूम जिले में सामान्य से करीब 25 से लेकर 49 प्रतिशत कम बारिश हुई।

27 जुलाई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना

राज्य में 27 जुलाई तक कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से 22 जुलाई को कुछ इलाकों में बारिश के साथ वज्रपात को लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। जबकि पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम के मुसाबनी में 25.4 मिलीमीटर हुई। इसके अलावा चक्रधरपुर में 21.2, धनबाद के मैथन में 17.4, कुरडेगा में 15.8, नीमडीह में 15.4, गोईलकेरा में 14.6, रांची के बेडो में 13.7 मिलीमीटर बारिश हुई।

गोड्डा में 35.7 डिग्री अधिकतम तापमान

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान गोड्डा जिले में सबसे ज्यादा 35.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। रांची का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री, जमशेदपुर का 32.6, डालटनगंज का 35.0, बोकारो का 31.2, चतरा का 33.4, देवघर का 35.2, गढ़वा का 34.8, गुमला का 31.9 और हजारीबाग का 30.5 डिग्री सेल्यियस रिकॉर्ड किया गया।

बांग्लादेश में डेंगू से महामारी फैली, 43 लोगों की मौत, 500 मरीज अस्पताल में

ढाका। बांग्लादेश में डेंगू के बढ़ते प्रकोप के बीच स्वास्थ्य मंत्री जाहिद मलिक ने शनिवार को राजधानी के मुग्दा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने यहां दाखिल डेंगू के मरीजों और डॉक्टरों से बात कर मौजूदा स्थिति को जाना। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने पत्रकारों से कहा, हाल के कुछ दिनों में डेंगू के 43 मरीज दम तोड़ चुके हैं। इस अस्पताल में करीब 5000 मरीज भर्ती हुए हैं। 4500 को छुट्टी दी जा चुकी है। बाकी का इलाज चल रहा है। प्रतिदिन 100 से अधिक डेंगू मरीज भर्ती हो रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री मलिक ने कहा, इनमें से ज्यादातर मरीज कार्यस्थलों में संक्रमित हुए हैं। तमाम मरीजों की शिकायत है कि नगर निगम मच्छर मारने के लिए दवा का पर्याप्त छिड़काव नहीं कर रहा।

राज्य सरकार की सख्ती. झारखंड में स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं देने पर 268 कंपनियों को नोटिस

18 पर जुर्माना, गिरिडीह में सर्वाधिक नोटिस

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : झारखंड सरकार ने राज्य में प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों में 75 फीसदी स्थानीय लोगों की नियुक्ति का कानून लागू किया है। इस कानून का पालन न करने के आरोप में सरकार ने कुल 268 कंपनियों को नोटिस भेजा है, जबकि 18 कंपनियों पर 30-30 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जिन कंपनियों पर जुमार्ना लगाया गया है, वह सभी कोडरमा जिले की हैं। ऐसा इसलिए किया गया है, क्योंकि इन कंपनियों ने विधानसभा में नियुक्ति संबंधी कानून पास होने के तीन महीने बाद भी लेबर डिपार्टमेंट के पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। 40 हजार तक की तनख्वाह वाली नौकरियों में 75 फीसदी स्थानीय लोगों को नियुक्त करने के इस कानून के प्रावधान को नहीं मानने पर सबसे ज्यादा गिरिडीह जिले में 86 कंपनियों को नोटिस भेजा गया है।

श्रम विभाग के पोर्टल पर 85 हजार से ज्यादा कंपनियों का रजिस्ट्रेशन

श्रम विभाग के पोर्टल में 85 हजार से ज्यादा कंपनियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनसे संबंधित जानकारी विभाग को उपलब्ध करायी है। इसमें 1128 कर्मियों का श्रम विभाग ने भौतिक सत्यापन भी किया है। इस कानून के अनुपालन की स्थिति पर निगरानी के लिए झारखंड विधानसभा की एक विशेष कमेटी बनाई गई है, जिसके सभापति नलिन सोरेन हैं। जबकि, प्रदीप यादव और नारायण दास सदस्य हैं। यह कमेटी समय-समय पर इस बात की समीक्षा कर रही है कि राज्य की प्राइवेट कंपनियां 75 फीसदी स्थानीयों के आरक्षण के कानून का कितना पालन कर रही हैं।

अब तक 5046 कंपनियों ने कराया अपना रजिस्ट्रेशन

नौकरी देने के मामले में श्रम विभाग की ओर से जारी किए गए पोर्टल में राज्य की 5046 कंपनियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें सबसे अधिक पूर्वी सिंहभूम की 1136 कंपनियों ने पोर्टल में जानकारी दी है। वहीं, रांची की 319, सरायकेला-खरसावां की 537, बोकारो की 645, धनबाद की 608 कंपनियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।

पीएम मोदी ने रोजगार मेले में 70 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार को लेकर पिछली यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज भारत उन देशों में से एक है जहां का बैंकिंग सेक्टर सबसे मजबूत माना जाता है, हालांकि नौ साल पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ साल में उनकी सरकार द्वारा इस दिशा में सुधारात्मक उपाय करने से यह स्थिति बनी है। प्रधानमंत्री शनिवार को रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों में नवनियुक्त 70,000 से अधिक युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा भर्ती के लिए आज से बेहतर समय नहीं हो सकता क्योंकि नए अधिकारियों को अमृतकाल में देश की सेवा करने का सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने सुझाव दिया कि नियुक्ति पाने वालों की प्राथमिकताएं देश के लोगों की सेवा करना और जीवन में आसानी बढ़ाने के लिए होना चाहिए, साथ ही उन्हें खुद को विकसित भारत के लक्ष्यों के साथ जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, 1947 में आज के ही दिन 22 जुलाई को तिरंगे को संविधान सभा द्वारा वर्तमान स्वरूप में स्वीकार किया गया था। इस महत्वपूर्ण दिवस पर आप सभी को सरकारी सेवा के लिए नियुक्ति पत्र मिलना बहुत बड़ी प्रेरणा है। यह आपके लिए यादगार और देश के लिए ऐतिहासिक दिन है। आज नियुक्ति पत्र पाने वालों में बड़ी संख्या बैंकिंग क्षेत्र से होने के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने बैंकिंग क्षेत्र के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के विस्तार में बैंकिंग सेक्टर की बहुत बड़ी भूमिका होती है। मोदी ने पिछले नौ वर्षों की यात्रा को याद करते हुए कहा, आज भारत उन देशों में से एक है जहां का बैंकिंग सेक्टर सबसे मजबूत माना जाता है, हालांकि नौ साल पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ साल में सरकार ने इस दिशा में सुधारात्मक उपाय करने से यह स्थिति बनी है।

प्रदेशभर के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को ईवीएम का दिया गया प्रशिक्षण

ईवीएम में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है : रवि कुमार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग ने शनिवार को रांची स्थित एटीआई सभागार में राज्यभर के डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया। ईवीएम बनाने वाली हैदराबाद की कंपनी ईसीआईएल के विशेषज्ञ कृष्णा त्रिपाठी सहित अन्य लोगों ने तकनीकी जानकारी दी। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के सचिव मधुसूदन गुप्ता ने अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि ईवीएम में ना तो किसी तरह की छेड़छाड़ की जा सकती है और ना ही कोई सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है। चुनाव के दौरान या उससे पहले ईवीएम में छेड़छाड़ करने पर यह मशीन बंद हो जायेगी। एम-3 नाम से यह ईवीएम अगले लोकसभा चुनाव में लगाया जायेगा। यह ईवीएम मशीन हाईटेक सिस्टम से युक्त है जो वन टाइम प्रोग्रामेबल है इसमें किसी तरह का साफ्टवेयर नहीं दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव के दरमियान झारखंड सहित देशभर में एम 3 मशीन का प्रयोग किया जाएगा। 2019 के चुनाव में एम2 और एम3 मशीन का प्रयोग किया गया था। हर 15 वर्ष के बाद ईवीएम को नष्ट कर दिया जाता है। झारखंड में ईवीएम की एम2 मशीन कुछ हैं, जिनका प्रयोग नहीं किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी और एफएलसी सुपरवाइजर की मीटिंग के बाद जिला स्तर पर निर्वाचन कर्मियों को ईवीएम के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इस दौरान जिलों की सुरक्षा व्यवस्था, लोकसभा क्षेत्रों की भौगोलिक संरचना, संवेदनशील, अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की व्यवस्था, जिले में दलगत स्थिति, नेताओं की भूमिका समेत अन्य कई विषयों पर चर्चा हुई। इसके अलावा जिलों में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कार्य की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के अलावा चुनाव से जुड़ी अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रांची, खूंटी, धनबाद सहित राज्यभर के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उपनिर्वाचन पदाधिकारी और एफएलसी सुपरवाइजर शामिल हुए।

कांग्रेस ने मणिपुर के मुख्यमंत्री को हटाने और राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को तत्काल हटाने और पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। सिन्हा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और उन पर मणिपुर के लोगों की दुर्दशा पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

उन्होंने ने कहा कि मोदी सरकार संसद में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं चाहती। क्योंकि, वे अक्षमता, हिंसा के लिए षड्यंत्रकारी उकसावे, रैंक की उदासीनता और लापरवाही के दोषी हैं। मणिपुर के लोग प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की गुहार लगा रहे हैं लेकिन उन्होंने लोगों को सिर्फ पीठ दिखाई है।

उन्होंने कहा कि क्या पिछले 80 दिनों से राजस्थान और छत्तीसगढ़ में दंगे हो रहे हैं? क्या इन राज्यों में गांव जलाए जा रहे हैं? क्या इन राज्यों में 50 हजार लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं? सशस्त्र उग्रवादी विद्रोही समूह इन राज्यों में 4500 गंभीर हथियार लूटकर एक-दूसरे पर गोलीबारी कर रहे हैं?

सिन्हा ने यह भी आरोप लगाया कि राजस्थान में जो कुछ भी हुआ वह एबीवीपी ने किया था। सरकार ने दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। मणिपुर सरकार को 1000 लोगों की भीड़ में से चार लोगों को गिरफ्तार करने में 77 दिन लग गए। उन्होंने यह भी सवाल किया कि मणिपुर सरकार, गृह मंत्रालय, पीएमओ, डब्ल्यूसीडी मंत्री, एनसीडब्ल्यू, एनएचआरसी इतने लंबे समय तक मणिपुर पर क्यों सो रहे थे। जब देश की महिलाएं ही सुरक्षित नहीं है, तो देश सुरक्षित कैसे होगा।

एक नजर

मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी की याचिका पर 17 अगस्त को होगी सुनवाई

रांची। रांची एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत में शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मोदी सरनेम केस से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। इसके बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। 16 जून को इस मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने राहुल गांधी को सशरीर उपस्थिति होने का निर्देश दिया था। इस आदेश को राहुल गांधी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसपर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने 16 अगस्त तक राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट के इस आदेश की जानकारी राहुल गांधी के अधिवक्ता ने एमपी-एमएलए कोर्ट को दे दी है। रांची के रहने वाले प्रदीप मोदी नाम के व्यक्ति ने राहुल गांधी के खिलाफ मोदी उपनाम पर टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस किया था। उल्लेखनीय है कि यह मामला 2019 का है। रांची के मोरहाबादी मैदान में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के दौरान राहुल गांधी ने नरेन्द्र मोदी, नीरव मोदी और ललित मोदी का जिक्र करते हुए कहा था कि सारे मोदी सरनेम वाले चोर हैं।

राज अस्पताल में आईवीयूएस तकनीक से एंजियोप्लास्टी

रांची। राज अस्पताल में आईवीयूएस (इमेजिंग) तकनीक से एंजियोप्लास्टी की गयी। मरीज के हृदय की मुख्य ऑर्टरी में ओरिजिन से ही ब्लॉकेज था, जिससे मरीज को चलने-फिरने में काफी तकलीफ होती थी। मुख्य ऑर्टरी की ब्लॉकेज को हटाने के लिए डॉ. राजेश कुमार झा ने आईवीयूएस (इमेजिंग) तकनीक से स्टेंट का सटीक प्रत्यारोपण किया। इससे मरीज के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। डॉ. राजेश कुमार झा ने बताया कि आईवीयूएस तकनीक के द्वारा न सिर्फ स्टेंट का प्रत्यारोपण सटीक तरीके से होता है, बल्कि प्रत्यारोपण की बाद उसकी पुष्टि भी सही से हो जाती है कि स्टेंट सही से लगा है या नहीं। उन्होंने बताया कि इमेजिंग तकनीक सबसे महत्वपूर्ण एवं नवीनतम तकनीक है, जो कोरोनरी धमनी रोग के निदान और उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कोरोनरी इमेजिंग के लिए विशेष उपकरण का उपयोग किया जाता है, जिसका उपयोग कर, डॉक्टर एंजियोप्लास्टी की प्रक्रिया को आसान और परफेक्ट बनाते हैं, जिससे रोगी को बेहतर परिणाम मिलता है। डॉक्टर राजेश ने बताया कि आईवीयूएस तकनीक की मदद से रेस्टेनोसिस (धमनी का फिर से सिकुड़ना) और थ्रोम्बोसिस (रक्त के थक्के) जैसी जटिलताओं का खतरा कम हो जाता है। इससे मरीज को बार-बार अस्पताल में भर्ती होना नहीं पड़ता है। राज अस्पताल के हार्ट सेंटर में अभी तक तीन मरीजों को आईवीयूएस तकनीक से एंजियोप्लास्टी की जा चुकी है।

बाबूलाल मरांडी ने 12वीं तक की शिक्षा क्षेत्रीय-स्थानीय भाषाओं में देने की पहल का किया स्वागत

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं तक की शिक्षा को क्षेत्रीय, स्थानीय भाषाओं में देने की पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भाषाई विविधता, सांस्कृतिक समझ और शैक्षणिक सफलता को बढ़ावा देने की दिशा में बहुभाषी शिक्षा का महत्वपूर्ण दृष्टिकोण में व्यापक रूप से मान्यता प्रदान करते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं तक की शिक्षा को मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषा, स्थानीय भाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने के निर्णय का स्वागत। मरांडी ने कहा कि नई शिक्षा नीति से स्थानीय, क्षेत्रीय भाषाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा। इससे झारखंड की स्थानीय और जनजातीय भाषाएं और पल्लवित-पुष्पित होंगी।

जनता को दिग्भ्रमित कर रही सरकार : बालमुकुंद सहाय

रांची। भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने शनिवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। राज्य सरकार के खाते में पिछले वर्षों के स्वीकृत आवास के पैसे पड़े हुए हैं लेकिन लगभग 75 हजार प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य लंबित है। पूरे प्रदेश में जिस प्रकार से बालू की तस्करी हो रही उससे सरकारी योजनाओं का निर्माण प्रभावित है। सहाय ने कहा कि जो राज्य केंद्र सरकार की योजनाओं को समयबद्ध पूरा कर रहे हैं वहां केंद्र सरकार अविलंब नई योजनाओं को स्वीकृति देती है। केंद्र सरकार ने कभी भी किसी राज्य को राशि उपलब्ध कराने में भेदभाव नहीं किया है। राज्य सरकार को बताना चाहिए कि उन्होंने जो अतिरिक्त राशि देकर आवास निर्माण की बात कही थी उसकी क्या स्थिति है। राज्य सरकार ने अपने योजना मद से कितने आवास का निर्माण कार्य पूरा किया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले सांसद संजय सेठ

रांची। रांची के सांसद संजय सेठ ने शनिवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में लोकसभा क्षेत्र के ऐसे कलाकारों को मंच प्रदान किया गया, जो गुमनाम थे। ऐसे कलाकार भी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जो अभी कला के क्षेत्र में संघर्ष कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सांसद के इस आयोजन की सराहना की। वही सांसद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को रांची लोकसभा क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों के संबंध में भी अवगत कराया। विशेष संपर्क अभियान के तहत रांची लोकसभा क्षेत्र में हुए कार्यक्रमों की जानकारी उन्हें दी। उनसे मुलाकात के बाद सांसद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रांची लोकसभा क्षेत्र सहित झारखंड के राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी ली है।

डूबने से बच्ची की मौत

रांची। बरियातू थाना क्षेत्र के श्री रामकृष्ण एनक्लेव में कार वॉशिंग के लिए बनाए गए पानी के हौद में डूबने से एक बच्ची की मौत का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि सॉफ्टवेयर इंजीनियर पीके सिंह एनक्लेव में तीन माह पहले ही शिफ्ट हुए थे। गुरुवार रात को पीके सिंह की बच्ची हौद के पानी में डूब गयी थी, लेकिन पुलिस को शनिवार को इसकी जानकारी मिली है। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बच्ची की मौत के बाद परिजन ने उसे रिम्स ले गये। पर न शव का पोस्टमार्टम करवाया, न ही बरियातू पुलिस को भी घटना की जानकारी नहीं दी।

केंद्र सरकार के रोजगार मेले में रांची के 200 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले के तहत देश के 70 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए, जिनमें रांची के 200 युवाओं को रोजगार मिला है।

रांची में सीसीएल दरभंगा हाउस में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, सेंट्रल जीएसटी के प्रिंसिपल सरदार वल्लभ समेत कई लोग उपस्थित थे। सभी ने पीएम के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना।

प्रधानमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिन लोगों को नियुक्ति पत्र मिल रहे हैं, उनके लिए यादगार दिन है। साथ ही देश के लिए भी यह बहुत ऐतिहासिक दिवस है। इसमें केंद्र सरकार के विभागों के साथ राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में ये भर्तियां की जा रही हैं।

इन विभागों में होंगी भर्तियां

युवा राजस्व विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, जल संसाधन विभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और गृह मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, रेल मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में सरकार में शामिल हैं।

निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज



रांची। जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की अग्रिम जमानत याचिका पर ईडी के विशेष कोर्ट ने फैसला सुनाया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को दोनों आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए दोनों की याचिका को खारिज कर दी। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने अग्रिम जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किए थे।

हेमंत सोरेन से नागपुरी फिल्म 'नासूर' की टीम ने की मुलाकात

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नागपुरी फिल्म 'नासूर' के निदेशक राजीव सिन्हा, अभिनेता विवेक नायक, अभिनेत्री शिवानी गुप्ता एवं साउंड डिजाइनर मनोज कुमार प्रेमी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने टीम को शुभकामनाएं दीं तथा राज्य सरकार की ओर से मदद करने का आश्वासन भी दिया।

नागपुरी फिल्म 'नासूर' की टीम ने मुख्यमंत्री को फिल्म की पटकथा के संबंध में जानकारी दी और कहा कि यह फिल्म डायन-बिसाही पर आधारित है। यह समाज को जागरूक करने वाली एवं प्रेरणादायी फिल्म है। फिल्म के निमार्ता एवं निर्देशक राजीव सिन्हा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि इस फिल्म का निर्माण झारखंड के ही कलाकारों एवं टेक्नीशियन को लेकर बेहद ही सीमित संसाधनों में किया गया है। बहुत मशक्कत के बाद यह फिल्म रांची के जेडी सिनेमा हॉल में लगाई गई और लगातार तीन सप्ताह तक चली। इस फिल्म को दर्शकों ने बहुत सराहा।

उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान समय में झारखंड के अन्य जिलों में सिनेमा हॉल काफी संख्या में बंद हो चुके हैं, जिसकी वजह से इस फिल्म का प्रदर्शन संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से ऐसी कोई व्यवस्था करने का अनुरोध किया, जिससे इस फिल्म का प्रदर्शन झारखंड के गांव-गांव तक हो सके तथा समाज में व्याप्त डायन-बिसाही जैसी कुरीति से समाज को जागरूक किया जा सके।

पीएम कुसुम योजना के तहत 36716 योजनाओं को मिली स्वीकृति

रांची। पीएम कुसुम योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र को ऊर्जा और पानी के सुरक्षा की गारंटी देना है। किसानों की कृषि अच्छे से हो। उनकी आय में बढ़ोतरी हो। पर्यावरण प्रदूषण से बचा जा सके। इस उद्देश्य से पीएम कुसुम योजना यानी प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान की शुरूआत की गई है। यह जानकारी केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने लोकसभा में शनिवार को दी। लोकसभा में रांची के सांसद संजय सेठ ने नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से संबंधित सवाल पूछा था। संजय सेठ के सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पीएम कुसुम योजना के तहत विशेष रूप से कृषि क्षेत्र को ऊर्जा और सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सौर ऊर्जा के माध्यम से किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके। उनकी खेती प्रदूषण से बच सके। उनकी पैदावार ज्यादा हो। उनकी आय में बढ़ोतरी हो। इन्हीं सब सोच के साथ इस योजना को लाया गया है। इसके तहत देशभर में 35 लाख से अधिक सिंचाई परियोजनाओं को क्रियान्वित किए जाने की तैयारी चल रही है। युद्ध स्तर पर इस क्षेत्र में काम भी हो रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में बताया कि झारखंड में इस परियोजना के तहत 36717 योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, जिसमें 12844 स्थानों पर सौर ऊर्जा से सिंचाई की व्यवस्था कर ली गई है। विगत चार वर्षों में झारखंड को इस मद में अब तक 36 करोड रुपये की राशि भी दी जा चुकी है। पीएम कुसुम योजना मार्च 2026 तक संचालित की जाएगी। पूर्व में 7.5 हॉर्स पावर तक के मोटर और मशीन लगाने की व्यवस्था थी लेकिन इसे बढ़ाकर अब 15 हॉर्स पावर तक किया गया है।

योगा प्रतियोगिता में मेटास एडवेंटिस्ट स्कूल के विद्यार्थी बने विजेता

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) के रांची जोन योगा कंपटीशन का आयोजन श्याम लोंग के कार्मेल स्कूल में शनिवार को किया गया। इसमें रांची के सभी आईसीएसई बोर्ड के अंतर्गत आने वाले स्कूलों ने भाग लिया। मेटास एडवेंटिस्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों में आयोजित योग प्रतियोगिता में 21 मेडल जीता। साथ ही विद्यालय महिला और पुरुष दोनों वर्ग में विजेता रहा। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसडीडी नायडू ने सीआईएससीई कॉउंसिल को योग को विषय के रूप में शामिल करने पर धन्यवाद ज्ञापन किया। साथ ही साथ बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी स्कूल को निवेदन किया कि अपने विषय में योग को जरूर शामिल करें। क्योंकि, योग बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है । योग शिक्षिका राफिया नाज ने कहा कि यह परिणाम बच्चों के मेहनत का नतीजा है। जो विजेता रहे उनको बहुत बधाई और जो विजेता नहीं रह पाए उनको भी बधाई। क्योंकि, उन्हें बेहतर करने का एक मौका मिला है। उन्होंने कहा कि योग को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए ताकि हम और हमारा देश स्वस्थ रह सके।

ये रहे विजेता : शुभम कुमार, ऋतुराज भास्कर दिव्या माजी, चंचल मुंडा, युवराज भास्कर, खुशबू कुमारी, अंकित कुमार, अनुराग गंजू, विष्णु कुमार, मुफीद अंसारी और अनामिका बेसरा।

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

[illegible]

1. 2020-21

क्र०	योजना का नाम	ईकाई	ईकाई लागत (लाख में)	कोटिवार स्थिति		सरकार द्वारा अनुदानित राशि (लाख में)
1	[illegible]	[illegible]	25.00	[illegible]	1	10.00
2	[illegible]	[illegible]	7.00	[illegible]	1	4.50
3	[illegible]	[illegible]	14.00	[illegible]	1	5.60
4	[illegible]	[illegible]	25.00	[illegible]	1	15.00
5	[illegible]	[illegible]	7.50	[illegible]	1	3.00
				[illegible]	1	4.50
				महिला	1	4.50
6	[illegible]	[illegible]	3.00	[illegible]	2	1.20

2. 2021-22

क्र०	योजना का नाम	ईकाई	ईकाई लागत (लाख में)	कोटिवार स्थिति		सरकार द्वारा अनुदानित राशि (लाख में)
1	Establishment of RAS (with 1 tank of 100 m³)	[illegible]	7.50	[illegible]	1	4.50
				महिला	1	4.50

3. 2022-23

क्र०	योजना का नाम	ईकाई	ईकाई लागत (लाख में)	कोटिवार स्थिति		सरकार द्वारा अनुदानित राशि (लाख में)
1	Construction of Biofloc ponds for freshwater areas including inputs of Rs. 4 Lakh/Ha	[illegible]	14.00	[illegible]	2	8.40
				महिला	1	8.40
2	Establishment of Biofloc(7 Tanks of 4m dia and 1.5 m high) culture system	[illegible]	7.50	[illegible]	3	4.50

नोट- [illegible] DPR [illegible]

[illegible] 14.08.2023 [illegible]

NOTE :- [illegible]

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.303014 Lohardaga(23-24):D

गोलीकांड में शामिल तीन अपराधी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

- अपराधियों ने मांगी थी पांच लाख की रंगदारी
- रातू थाना क्षेत्र में 8 जून को अपराधियों ने मारी थी गोली

रांची: रातु थाना की पुलिस ने गोली मारकर घायल करने के आरोप में तीन अपराधकर्मी संजय भगत(भक्सो हर टोली, थाना-जिला लोहरदगा) , राजेन्द्र महली (तिगरा लालपुर थाना+जिला लोहरदगा) और उमेश उरांव(कुसुमटोली देवाकी, थाना घघरा, जिला गुमला) को गिरफ्तार की है। इस संबंध में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि गोलीकांड के वादी संतोष कुमार चौरसिया(सुडील, थाना रातु ,जिला राँची) के द्वारा पुलिस को बताया गया कि वादी मकान की ढलाई हेतु मिक्सर मशीन भाड़े पर देते हैं। 08 जून 2023 को करीब आठ बजे रात्रि में तीन व्यक्ति मोटरसाईकिल से उनके घर पर आये और बोले कि मुझे ढलाई कराना है। इस पर उन्होंने बोला कि ठीक है हो जायेगा। इतने में ही उनलोगों के द्वारा उन पर फायरिंग कर दिया गया। इस गोलीकांड में वादी घायल हो गये, जिन्हें ईलाज के लिये रिम्स राँची में भर्ती कराया गया। उक्त कांड का उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-2) राँची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर संजय भगत, राजेन्द्र महली, और उमेश उरांव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्त में आये अपराधकर्मियों ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस पूछताछ जानकारी मिली कि अपराधकर्मियों द्वारा वादी से पांच लाख रूपया रंगदारी की भी मांग की गयी थी। पुलिस की गिरफ्त में आये अपराधियों का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार अपराधकर्मी अपहरण, शस्त्र अधि, जानलेवा हमला जैसे कई कांडों में पूर्व में जेल जा चुके है, जिसकी जाँच की जा रही है। पुलिस टीम में प्रवीण कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-2) , पुनि सपन कुमार महथा, थाना प्रभारी रातु ,पुअनि अंजन कुमार, पुअनि महानन्द कुमार, पुअनि शेखर कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

मुख्यमंत्री 24 नवप्रोन्नत आईपीएस अधिकारियों को लगायेंगे बैज

रांची: झारखंड पुलिस ने 24 नवप्रोन्नत आईपीएस अधिकारियों के लिए पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया है। पिपिंग सेरेमनी का कार्यक्रम झारखंड मंत्रालय में 24 जुलाई की सुबह दोपहर 12 बजे से होगा। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सभी 24 नवप्रोन्नत आईपीएस अधिकारियों को बैज लगाएंगे।

इन अफसरों को बैज लगाएंगे सीएम हेमंत सोरेन : सीएम हेमंत सोरेन जिन आईपीएस अफसरों को बैच लगाएंगे उनमें सरोजनी लकड़ा, अमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर, दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेश नैथानी, अजय कुमार झ 1, आरिफ एकराम, डॉ विमल कुमार, मनीष टोप्पो, डा. कैलाश करमाली, पीतांबर सिंह खेरवार अधिकारी शामिल हैं।

एक नजर

कोडरमा का कुख्यात अपराधी बबलू राय रातू से गिरफ्तार

रांची: कोडरमा पुलिस ने शनिवार को रांची पुलिस के सहयोग से रातू थाना क्षेत्र से कुख्यात अपराधी बबलू राय को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त जयनगर थाना का वांछित अपराधी है। बबलू राय के खिलाफ कोडरमा जिला के कई थानों में मामला दर्ज है। वहीं 12 से ज्यादा कांडों में आरोपित रह चुका है। गौरतलब है कि कोडरमा पुलिस ने पूर्व में बबलू राय के खिलाफ सीसीए भी लगाया था। इससे पूर्व बबलू राय को 2017 में दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। कुछ सालों तक जेल में रहने के बाद अपराधी बबलू को जमानत मिल गई थी। तीन जनवरी 2021 में बबलू राय को हथियार की डिलीवरी करने पहुंचने की सूचना पर कोडरमा पुलिस ने थर्मल पावर प्लांट के फोरलेन चौक से गिरफ्तार किया था। बबलू राय पर कोडरमा के जयनगर, तिलैया, कोडरमा, जयनगर, डोमचांच थाना, चतरा और गोमो रेल थाना में कई मामले दर्ज हैं।

मोहर्रम का जुलूस सौहार्द से निकालने का लिया निर्णय

लोअर बाजार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

रांची: लोअर बाजार थाना परिसर में शनिवार को थाना प्रभारी दयानंद कुमार की अध्यक्षता में मोहर्रम जुलूस को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकालने का निर्णय लिया गया । मौके पर थाना प्रभारी दयानंद ने सभी को आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण तरीके के साथ पर्व को मनाने की अपील की , उन्होंने कहा कि मोहर्रम में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता वॉलिंटियर्स, खलीफाओं की काफी महत्वपूर्ण योगदान रहता है । जुलूस में कहीं भी किसी प्रकार की कोई हिंसक व अप्रिय घटना ना हो इसके लिए सभी कमेटियों के सहयोग की जरूरत है । वहीं थाना प्रभारी ने सहयोग करने का पूरा भरोसा दिलाया । इस मौके पर मस्जिद ए जाफरिया के खतीब मौलाना तहजीब उल हसन रिजवी , बुलंद अख्तर , सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के महासचिव अकील उर रहमान , मोहम्मद सज्जाद, एकता कमेटी के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा , अफरोज आलम , मोहम्मद इस्लाम, मो इनाम गुड्डू , मोहम्मद काजिम , जितेंद्र वर्मा , जदयू के प्रवक्ता सागर कुमार , गोपाल कुमार , मो परवेज , रजी अहमद रजा , भास्कर वर्मा , इनामुल हक , मो नसीम , प्रोफेसर जुबेर आलम , मो शकील , नंदू भैया आदि मौजूद थे ।

कार्यकर्ता पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं : सुदेश महतो

रांची। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी के नीति और सिद्धांतों को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत और ग्राम प्रभारियों का भी यह दायित्व है। कि वो अपने अपने क्षेत्र में पार्टी के नीति और सिद्धान्तों को जन जन तक पहुंचाने का काम करें। पूरी निष्ठा के साथ संगठन विस्तार में जुड़े, कार्यकर्ता ही संगठन की मूल पूंजी हैं। महतो शनिवार को नामकुम प्रखंड अंतर्गत सिदरौल में आयोजित प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह में बोल रहे थे। मौके पर कई नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने पार्टी का दामन थामा। महतो ने कहा कि सिर्फ 35 किलो अनाज के लिए राज्य नहीं बना है। आज किसी गरीब के पास लाल कार्ड है, कल उसके पिता के पास भी लाल कार्ड था और आने वाले कल में उनके बेटे के पास भी लाल कार्ड होगा। हम सभी को मिलकर यह परंपरा तोड़नी होगी। इसके लिए सबसे सशक्त माध्यम शिक्षा है। बेहतर शिक्षा से प्रदेश आगे बढ़ सकता है। आज प्रदेश का हर बच्चा यही सोच रहा है कि उसके लिए, उसके भविष्य के लिए राज्य में क्या हो रहा है। सरकार उनके विकास लिए क्या कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि बीडीओ एवं सीओ को जमीन नापने में मजा आता है। गरीब का काम करने में नहीं। गलत धारणाओं में सरकार की व्यवस्था जा रहीं है। उन्होंने कहा कि नामकुम राजधानी में तो है लेकिन यहां पर राजधानी में होने का किसी भी स्तर पर बोध नहीं होता है। इस प्रखण्ड में कुल 101 गांव हैं जो आज तक विकास से काफी दूर हैं। रांची में शहर से सटे ऐसे कई गांव हैं जहां अभी भी एक राज्य की राजधानी में होते हुए भी कोई सुविधा नहीं है। जिसका कारण है उचित नितृत्व न मिल पाना।

महंगी बिक रही है शराब, थोड़ी थोड़ी पीया करो

अधिक दाम लेने से शराब दुकानों में रोज हो रही है मारपीट

नव प्रदेश संवाददाता



- झारखंड में शराब बिक्री से अवैध कमाई का गोरखधंधा चरम पर
- खुलेआम एमआरपी से ज्यादा कीमत पर बिक रही है शराब

रांची: झारखंड में शराब बिक्री से अवैध कमाई का गोरखधंधा जोरों पर है। यहां खुलेआम एमआरपी से ज्यादा कीमत पर शराब बिक रही है। ज्यादा एमआरपी पर शराब बेचने को लेकर रांची के सिंह मोड़, हटिया चौक स्थित शराब दुकानदार और ग्राहक के बीच मारपीटकी घटनाएं आये दिन होती रहती है। केवल एक दुकान में नहीं बल्कि हर दुकान में शराब एमआरपी से अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है। इसको लेकर हर दिन दुकानदार और ग्राहकों के बीच नोकझोंक होना आम है।

आंकड़ों के अनुसार, राज्य में हर दिन औसतन दस करोड़ की शराब बिकती है। यहां एमआरपी से करीब पांच प्रतिशत अधिक कीमत पर शराब की बिक्री होती है। इसका हिसाब निकालें तो पूरे राज्य में शराब बिक्री से हर दिन करीब 50 लाख रुपये की अवैध कमाई हो रही है। लगभग सभी शराब दुकानों में बीयर पर दस रुपये, क्वार्टर पर दस, हाफ पर 20 और फुल पर 40 रुपये अधिक वसूला जा रहा है। ऐसा नहीं की यह चोरी-छिपे हो रहा है। सबकुछ डंके की चोट पर हो रहा है। कहीं नकदी में तो कहीं-कहीं कार्ड या ऑनलाइन भुगतान में भी यह हो रहा है। कुछ जगह पर कार्ड से भुगतान करने के बाद तो ग्राहकों को स्लीप भी नहीं दी जाती है। दुकान के बाहर एमआरपी का बोर्ड तो लगा है, लेकिन उसका अनुपालन नहीं हो रहा है।

कोटा पूरा होने के बाद हो रही है हेराफेरी

वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब कारोबार के गोरखधंधे में कारोबारी कई तरह के हेराफेरी कर अवैध कमाई कर रहे है। जानकारी के अनुसार राज्य में शराब दुकान का कोटा सरकार ने फिक्स कर दिया है। ऐसे में दुकानदार निर्धारित तय सीमा के अंदर कोटा पूरा कर लेता है तो दुकान में इधर-उधर का शराब बिक्री की जा रही है। इतना ही नही लोगों को पानी मिला शराब भी धडल्ले से बेची जा रही है।

वहीं इस मामले में झारखंड शराब व्यापारी संघ के महसचिव सुबोध कुमार जायसवाल ने कहा है कि शराब दुकानों में एमआरपी से अधिक कीमत में शराब बेचने की लगातार शिकायत मिल रही है। दुकानदार और ग्राहकों के बीच अधिक कीमत को लेकर आये दिन मारपीट की घटनाएं घट रही है। संघ के द्वारा कमीश्नर को संज्ञान में दिया गया है। कार्रवाई शराब दुकान के कर्मचारियों के बजाये शराब बेचनेवाले प्लेसमेंट एजेंसी पर होनी चाहिये,जो अधिक कीमत पर धडल्लें से शराब बेच रहे हैं।

एंटी क्राइम एण्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कॉन्सिल ऑफ इंडिया की बैठक आयोजित

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: एंटी क्राइम एण्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कॉन्सिल ऑफ इंडिया की बैठक शनिवार को अरगोड़ा तालाब हरमू रोड स्थित लेक गार्डेन मैरेज हाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल मनी कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस संबंध में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र साहु ने बताया कि एंटी क्राइम एण्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कॉन्सिल ऑफ इंडिया की झारखंड प्रदेश इकाई, महिला मोर्चा इकाई, रांची जिला इकाई ने संगठन में अपनी गति विधि और कार्य में तेजी लाने के लिए मिल रहे केस का पुलिस प्रशासन की मदद लेते हुए जल्द उद्भेदन कर समाधान में हो रही कठिनाइयों को राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष महीला मोर्चा इकाई ने अपने आई कार्ड, ड्रेस कोड पर जल्द फैसले लेकर समाधान निकालने की मांग रखी, महिला पदाधिकारियों ने फील्ड में कार्य करने में हो रही परेशानी को देखते हुए आई कार्ड ड्रेस कोड पर जल्द फैसले लेने को कहा। वहीं निष्क्रिय पदाधिकारियों को बदलते हुए सक्रिय भूमिका में कार्य करने वाले को संगठन की उत्तरदायित्व देने पर विचार करने की मांग जोरदार तरीके से रखी गई।

बैठक में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र साहु, उपाध्यक्ष निपुण कुमार वर्मा,महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बिंदु सिंह, रांची ज़िला अध्यक्ष रोहित कुमार, पुर्व जिला अध्यक्ष विनीता सिन्हा, राष्ट्रीय सचिव नवल शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नवल सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित कुमार , ने सभी वक्ताओं की बाते सुनकर कार्य करने में आ रहे कठिनाइयों का जल्द समाधान निकालने का आश्वासन दिया। बैठक में अन्य पदाधिकारियों में पूनम शर्मा, बिनीता कुमारी, बिंदु सिंह, मनजीत कौर, बिरहा सिंह, पिंकी पांडेय, रोहित कुमार, सरोजा देवी, पूनम सिन्हा, सुनिल कुमार, मो शकील, मनोज कुमार, निपुण कुमार वर्मा, अमित कुमार,पवन कुमार सिंह, पवन कुमार शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल मनी कुमार सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

ठगी मामले में दिल्ली से गिरफ्तार आरोपित भेजा गया जेल

रांची। न्यायिक दंडाधिकारी कुमार सौरभ त्रिपाठी की अदालत में रेलवे में करोड़ों का ठेका दिलाने का झांसा देकर 68 लाख रुपये की ठगी मामले में दिल्ली से गिरफ्तार आरोपित विशाल पांडेय को शनिवार को पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया है। रांची पुलिस ने दिल्ली पुलिस की मदद से शुक्रवार को विशाल पांडेय को गिरफ्तार किया था। इसके बाद वहां की अदालत में पेश करके तीन दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया था। आरोपित बिहार के भोजपुर जिला के आरा टाउन क्षेत्र का निवासी है। आरोपित के खिलाफ ठगी के आरोप में इटकी रोड सर्वेश्वरी नगर निवासी कारोबारी अजय कुमार सिंह ने 18 नवंबर 2022 को पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। उसकी अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट में अप्रैल 2023 में खारिज कर चुकी है।

मणिपुर घटना के खिलाफ केंद्र सरकार का पुतला दहन

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: मणिपुर घटना के खिलाफ लोगों का गुस्सा चरम पर है। केंद्र सरकार के खिलाफ शनिवार को राजधानी में कई संगठनों के लोगों ने अपने गुस्से का इजहार करने के लिए सड़क पर उतरे। मणिपुर में आदिवासी महिला के साथ हुई घटना के विरोध में महिला संगठनों ने सड़क पर उतर कर विरोध जताया। महिलाओं ने डांगरा टोली से आक्रोश मार्च निकाला। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने पैदल मार्च में केंद्र और मणिपुर की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अलबर्ट एक्का चौक पर पहुंची। जहां केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्राएं भी शामिल थी।

मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता व आंदोलनकारी दयामनी बरला ने कहा कि मणिपुर तीन महीने से जल रहा है और केंद्र सरकार तमाशा देख रही है। मणिपुर में लगातार हिंसा हो रही है और चुन-चुन कर लोगों को मारा जा रहा है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म और दुर्व्यवहार की घटनाएं घट रही है। महिला मामलों के मंत्री स्मृति ईरानी भी भाजपा सरकार के बचाव में बयान दे रही है। विभिन्न संगठनों ने घटना के विरोध में प्रधानमंत्री गृहमंत्री और मणिपुर सीएम से इस्तीफा मांगा है।उन्होंने कहा कि मणिपुर में हिंसा को रोकने में विफल केंद्र सरकार व मणिपुर की राज्य सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्त्ता वासवी किड़ो ने कहा कि हम मणिपुर में हुई घटना से दुखी हैं। मणिपुर में लंबे समय से भाजपा की सरकार हैं। सरकार की नजर मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में स्थित खनिज पर हैं। सरकार ने 2015 में तीन कानूनों को लागू करने की कोशिश की। जिसमें भूमि सुधार कानून के अलावा पारंपरिक व्यवस्था को भी बदलने की कोशिश की गई थी। वहीं तारामनी साहू ने कहा कि तीन महीने से मणिपुर जल रहा है और प्रधानमंत्री अमेरिका, फ्रांस और इजिप्ट घूम रहे हूं। मणिपुर में औरतों के साथ दुष्कर्म किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में आदिवासी के चेहरे पर पेशाब किया जा रहा है। पुलिस सिर्फ तमाशबीन की भूमिका में है। विरोध प्रदर्शन में डॉ किरण, दीपा मिंज, एलिना होरो, नंदिता दास, वीणा लिंडा, आलोका, फादर टोनी, हरमिंदरवीर सिंह एवं शाहिद अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रांची

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई०-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- RDD/SD/RANCHI/07/2023-24 जिसका P.R. No. 302050 Rural Development (23-24) D है, को इस हद तक संशोधित किया जाता है।
(1) कंडिका -7) निविदा खोलने का स्थान :- e-procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी.पी. भवन, धुर्वा, रांची के स्थान पर कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रांची पढ़ा जाए।
निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रांची

PR.NO.303024 Rural Development(23-24).D

राजधानी में शारदीय नवरात्र का तैयारिया शुरू

श्री दुर्गा पूजा समिति भुताहा तालाब नें मूर्ति निर्माण के लिए दी सहयोग राशि

नव प्रदेश संवाददाता

रांचीः राजधानी रांची में शारदीय एवं दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। श्री दुर्गा दुर्गा पूजा समिति भुताहा तालाब द्वारा संस्था के मुख्य संरक्षक एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा मूर्तिकार को 2023 के लिए मूर्ति का स्वरुप और मूर्ति निर्माण के लिए सहयोग राशि दिया गया। श्री दुर्गा पूजा समिति के आयोजक संजय सिंह (लल्लू सिंह) और गणेश सिंह की तरफ से राजधानी के प्रसिद्ध शिल्पकार रामलाल को इस वर्ष होने वाले दुर्गा पूजा का आयोजन को लेकर प्रतिमा निर्माण करने का प्रारूप सौंपा। साथ ही मुख्य संरक्षक एवं संरक्षक मंडली के द्वारा प्रारूप के तर्ज पर प्रतिमा निर्माण करने को कहा गया। लल्लू सिंह ने बताया कि मां की कृपा से इस बार समिति की ओर से भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन करने का निर्णय लिया है इसको लेकर अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गई है । इस वर्ष 20 अक्टूबर से नवरात्र प्रारंभ हो जाएंगे। इस वजह से अभी से ही पूजा के लिए तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतिमा के अलावा पंडाल का प्रारूप विद्युत सज्जा साउंड सिस्टम सहित सभी संबंधित लोगों को एडवांस देकर अग्रिम बुकिंग कर दी गई है। इस बार मां की कृपा से भव्य रूप में मां भवानी के दर्शन भक्तों को होंगे। वहीं इसके साथ ही प्रत्येक शनिवार कि तरह इस शनिवार को भी श्री चैती दुर्गा मंदिर में मुख्य संरक्षक के द्वारा खिचड़ी का भोग लगाया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष मिश्रा के द्वारा भोग लगाया गया। श्री चैती दुर्गा मंदिर में खिचड़ी, अचार, चिप्स और चोखा इत्यादि प्रमुख रूप से थे।

इसमें मुख्य रूप से उपस्थित महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, उदय साहू, संजय सिंह (लल्लू सिंह), गणेश सिंह, दीपू सिंह, प्रदीप गुप्ता, उमंग सुल्तानिया, मेहेंद्र वर्मा, विकाश पांडे, नन्द किशोर सिंह चंदेल, प्रणीत कुमार, श्याम सुन्दर मोदी, राहुल सिंह, विशाल कृष्णा, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राजू चौरसिया, महेंद्र वर्मा, जय कांत चौधरी, नमन भारतीय (गुल्लु), राहुल रजक, संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन),अमन वर्मा,आकाश रजक, अभिषेक रजक (बाबू),अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा, समीर नायक आदि उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

ई- निविदा सूचना संख्या – RE-RDD/SD/HZB/07/2023-24 (2nd call)

[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
1	RE-RDD/SD/HZB/07/01/2023-24	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	
2	RE-RDD/SD/HZB/07/02/2023-24	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	

[illegible]

www.jharkhandtenders.gov.in

PR 303017 (Rural Development) 23-24 (D)

बंद घर में लाखो की चोरी के बाद आग लगाया

नवप्रदेश संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र के आस्थापुरम में शुक्रवार रात चोरो ने शेखर चौधरी के बंद घर में लाखो रूपयो की चोरी के बाद जाते-जाते आग लगा दी।जिससे घर में रखा कीमती सामान सहित बख्से में रखी जमीन जायदाद के कागजात, सहारा, एलआईसी के कागजात व पैन कार्ड आधार कार्ड भी जलकर राख हो गए। घटना के संबंध में भुक्तभोगी शेखर चौधरी ने बताया कि हम प्रतिदिन काम करने रांची जाते है और शाम में वापस घर लौट जाते है। शुक्रवार को मेरी मां की तबियत ज्यादा खराब हो गई थी जिसके कारण हम वापस नही आए पिस्कामोड रांची में ही रह गए। शनिवार सुबह छह पडोसियो ने घर में आग लगने व चोरी की सुचना दी। चोरी की सुचना मिलते ही हम सब भागे भागे आए। घर आकर देखा तो घर में रखा सारा सामान जला पडा था। चोरो ने घर के अलमारी में रखे लगभग ढाई लाख के सोने के जेवरात, घर बनाने के लिए रखा 90 हजार रूपया नकद व पीतल के बर्तन जिसकी कीमत लगभग 40-50 हजार रूपया होगी की चोरी कर ली थी। जाते-जाते चोरो ने स्मार्ट टीवी, घर के जमीन के कागजात के अलावे कई जरूरी कागजात जो बख्सा में रखा था उसमें आग लगा दिया जो जलकर राख हो गए। आसपास के लोगो ने कहा कि इससे पहले भी यहां पर चोरी हुई है लेकिल पुलिस कोई कारवाई नही करती। कई बार रातू थाना प्रभारी से क्षेत्र में गश्ती के लिए बोला गया लेकिन किसी को कोई असर नही होता।

घटना की सुचना पुलिस को - शेखर चौधरी ने चोरी की जानकारी रातू थाना को दी। चोरी की सुचना मिलते ही पीसीआर 29 घटना स्थल पर पहुंची और रिर्पोट लिखकर ले गई। शेखर चौधरी ने घटना के संबंध में रातू थाना को लिखित सुचना दी है।शेखर चौधरी की पत्नी रानी देवी ने रोते रोते कहा कि बहुत मुश्किल से घर बनाने के लिए पैसा जोड रहे थे जिसे चोरो ने चोरी कर ली।

चोरी के बाद आग - चोरी के बाद आग लगा देने की यह पहली घटना नही है। गत वर्ष भी चोरो ने रातू क्षेत्र में चोरी के बाद लगभग आधा दर्जन घर में आग लगा दिया था।लगता है कि वही चोर गिरोह फिर से रातू क्षेत्र में आ गया है। गत वर्ष हुई चोरी का भी कोई सुराग पुलिस पता नही लगा पाई थी।

प्री-सुब्रतो कप बालक वर्ग में प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग ने जीता खिताब

लापुंग में प्री-सुब्रतो कप बालिका वर्ग अंडर 17 में सरसा हाई स्कूल का कब्जा, अंडर 14 बालक वर्ग में राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया ने चैंपियनशीप हासिल किया

नवप्रदेश संवाददाता

लापुंग : लापुंग प्रखंड स्थित स्टेडियम में प्री सुब्रतो कप मुखर्जी प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग अंडर 17 में सरसा हाई स्कूल का कब्जा, बालक वर्ग में प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग ने खिताब जीता। वहीं अंडर 14 बालक वर्ग में राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया ने चैंपियनशीप हासिल किया। शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र की प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी लीलावती तिर्की, विशिष्ट अतिथि बीआरपी रेशम शाहदेव तथा लाल मिथिलेश कुमार सिंह ने विजेता और उप विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल देकर पुरस्कृत किया। बालिका वर्ग अंडर 17 में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा ने राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया को 2-0 से पराजित कर बालिका वर्ग अंडर 17 में कब्जा जमाया। सरसा की ओर से मीना कुमारी ने पहले हाफ के पांचवें मिनट में ही शानदार गोल कर अपनी टीम को शुरूआत में ही बढ़त दिलाई। महज दो मिनट बाद ही सरसा की तेज तरार स्ट्राइकर मगनी कुमारी ने शानदार गोल कर अपनी टीम को शुन्य के मुकाबले दो गोलों से विजयी दिला दी। बाद के समय में किसी तरह का कोई गोल नहीं हो सका। अन्ततः सरसा की बालिका टीम चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं अंडर 17 बालक वर्ग के फाइनल में राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग ने राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा को 1-0 से पराजित कर बालक वर्ग अंडर-17 में कब्जा जमाया। लापुंग प्लस टू उच्च विद्यालय के खिलाड़ी मिड फील्डर सिमांत उरांव ने पहले हाफ के 12 वें मिनट में ही शानदार गोल कर अपनी टीम को 1-0 से विजय दिलाकर प्रखंड का चैंपियन बनाया। वहीं अंडर 14 बालक वर्ग में राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया की टीम ने राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा की टीम को ट्राई ब्रेकर में 03 - 02 से पराजित कर अंडर 14 बालक वर्ग का चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया। तीनों ही फाइनल मुकाबले के फाइनल में खेल कर राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा की टीम ने एक नया रिकॉर्ड कायम किया। लगातार दो दिनों तक लापुंग स्टेडियम में प्रतियोगिता को बिना थके सफल बनाने में प्रखंड संसाधन केंद्र के लाल मिथिलेश कुमार सिंह, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी. के शारीरिक एवं खेल शिक्षक रंजीत प्रकाश होरो, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुगांव खास के शारीरिक एवं खेल शिक्षक राकेश रोशन तिग्गा, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल शिक्षक आनंद मिर्धा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा के शारीरिक एवं खेल शिक्षक विजय तिर्की, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया के मो समीउल्लाह हक सहित विंद्रे लोहरा एवं अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा, लापुंग प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी सहित कई लोगों ने विजेता टीम को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

घायल छात्रा का इलाज के दौरान हुई मौत, गांव में छाया मातम

नवप्रदेश संवाददाता

बेड़ो: बेड़ो थाना क्षेत्र के जरिया नहर टोली गांव निवासी 19 वर्षीय इंटर पास छात्रा खुशबू खाखा पिता सुरेश खाखा की शुक्रवार को इलाज के दौरान रिम्स रांची में मौत हो गई। छात्रा को गुरुवार को अपने ही घर के आंगन में थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली गांव के एक सिरफिरे युवक अर्जुन उरांव ने लगातार चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गई थी। वहीं खुशबू के द्वारा शोर मचाने पर पड़ोस में रहने वाले सोमरा मिंज अपनी पत्नी के साथ वहां पहुंचे। साथ ही ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीरावस्था में घायल युवती को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया।जिसे स्वजनों ने उपचार के लिए रिम्स रांची ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्रा की मौत की सूचन से परिवार में कोहराम मच गया।वहीं गांव में मातम छा गया है।पिता सुरेश खाखा मां दिनिया खाखा छोटा भाई निखिल खाखा मामा सुकेन्द्र उरांव सहित स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतका छात्रा के मामा सुकेन्द्र उरांव ने बताया कि खुशबू खाखा राजकीय बालिका प्लस टू विद्यालय बरियातू रांची से 2023 में इंटर पास की थी। वह पढ़ लिखकर शिक्षिका पुलिस या नर्स बनना चाहती थी। वही इसकी तैयारी के लिए वह सुबह में दौड़ लगाती थी। लेकिन एक हत्यारे ने उसपर चाकू से बेरहमी से हमला कर दिया। वही बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने बताया कि आरोपी युवक अर्जुन उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही इस मामले को लेकर गहनता से जांच कर रहे हैं। इधर पोस्टमार्टम के बाद शनिवार की शाम छात्रा का शव गांव लाया गया। जहां अंतिम संस्कार आदिवासी पम्परा अनुसार गांव के मसना में किया गया।

पड़वा प्रखंड के गाड़ी खास निवासी शैलेंद्र साव ओमान में बना बंधक परिजन बेहाल

श्रम नियोजन पदाधिकारी एवं झारखंड सरकार से वापस बुलाने का पिता ने लगाया गुहार

नवप्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगरः पलामू जिला में बेरोजगारी इस कदर पांव पसारे हुए है कि लोग रोजी रोटी एवं परिवार के भरण-पोषण को लेकर रोजगार की तलाश में भारत के विभिन्न राज्यों समेत विश्व के विभिन्न देशों में जाकर काम करने को मजबूर हैं।लेकिन जब लोग रोजगार को लेकर किसी कंपनी एजेंट या रोजगार मेला के माध्यम से बाहर जाते हैं।तो उन्हें घर वापस आने में पसीना छुटने लगता है।कारण की उस व्यक्ति को कंपनी वाले या रोजगार देने वाले संस्था उसे बंधक बनाकर रख लेता है। ऐसी ही घटना का उजागर पलामू जिला के पड़वा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गाड़ी खास टोला मुड़कटवा निवासी चंद्रदेव साव के पुत्र शैलेंद्र साव के साथ घटी है।वह 16 मार्च 2023 को रोजगार को लेकर ओमान देश गया था।जो घर का एकलौता पुत्र कमाने वाला है।उसे जाने के बाद उसके पत्नी दो बच्चे एवं माता पिता के भरण पोषण को लेकर कई प्रकार के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह बात जब ओमान में रह रहे शैलेंद्र को पता चला तो।उसने कंपनी से घर वापस जाने के लिए छुट्टी मांगा।जिसे कंपनी द्वारा छुट्टी ना देकर उसे बंधक बना लिया गया है। यह सूचना जब शैलेंद्र के पिता को पता चला तो उसने श्रम अधीक्षक पलामू को आवेदन देकर मांग किया है कि मेरा पुत्र को जल्द से जल्द ओमान देश से वापस झारखंड बुलाया जाए। चंद्रदेव साव झारखंड सरकार से भी गुहार लगाया है कि मेरा पुत्र को जल्द से जल्द वापस भुला दिया जाए। वरना उसके साथ किसी भी होनी अनहोनी की घटना घट सकती है।

अड़की से दो फरार वारंटी गिरफ्तार

खूंटी। पुलिस कप्तान अमन कुमार के निर्देश पर फरार और स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए शनिवार को अड़की थाना प्रभारी एसआई मो इकबाल हुसैन के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया गया और वर्षों से फरार दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया।

आदिवासियो द्वारा मणिपुर घटना को लेकर पीएम,सीएम व गृहमंत्री का पुतला दहन

आदिवासियो की दुश्मन मणिपुर सरकार इस्तीफा दो : अमर उरांव

नवप्रदेश संवाददाता

रातू। मणिपुर की घटना को लेकर शनिवार को तिलता बगीचा से आदिवासी समाज द्वारा विरोध मार्च निकाला गया। विरोध मार्च तिलता बगीचा से निकलकर काठीटांड चौक पहुंचा। जहां पीएम नरेन्द्र मोदी, सीएम बिरेन सिंह व गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इसके बाद उपस्थित कई नेताओ ने आदिवासी बेटी को निर्वस्त्र कर उसके साथ दुर्व्यवहार को लेकर रोष व्यक्त किया। पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव ने कहा कि घटना का विडियो वायरल होने से देश भर के आदिवासी समाज में उबाल है। मणिपुर में पिछले दो महीने से आदिवासी महिलाओ के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना हो रही है और निकम्मी सरकार चुप है। उन्होने मणिपुर सरकार को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की।प्यारी उरांव ने कहा कि जिस तरह से आदिवासी बहन बेटी के साथ घटना हो रही है इससे लगता है कि अब देश व राज्य में हमारी बेटी-बहन सुरक्षित नही है। विरोध मार्च में सुखदेव उरांव, जौनी उरांव, प्रतिमा बाडा,सोमनाथ उरांव, तारा उरांव, संजय उरांव, वरूण उरांव, गंगु पाहन, मोहन उरांव, महरू उरांव, गोपी मिंज, सुकरा उरांव, मदन उरांव, हुसे उरांव सहित आदिवासी समाज के कई अन्य लोग थे।

आजसू का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन आज, तैयारी पूरी

नवप्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर : आजसू पार्टी पलामू जिला आयोजन समिति की समिक्षात्मक बैठक सुदना स्थित तत्कालीन कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिला अध्यक्ष दीलीप चौधरी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के हर तैयारी की समिक्षात्मक चर्चा की गई। केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि हमारी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। शहर मे तोरण द्वार से आकर्षक तरिके से सजाया जा रहा है। कार्यकर्ता सम्मेलन स्थल टाउन हाल की सजावट की जा रही है। साउंड और लाईट सिस्टम बेहतर व्यवस्था की गयी है। झारखंड के विर योद्धा के नाम से तोरण द्वार बनाये जा रहे हैं। शहीद निलाम्बर पिताम्बर द्वार, शहीद निर्मल महतो द्वार शहीद राजा मेदनीराय द्वार शहीद बिरसा मुंडा द्वार, स्व कमल किशोर भगत द्वार समेत झारखण्ड आन्दोलनकारियो के नाम से दर्जनों तोरण द्वार लगाये जा रहे हैं।सभी कार्यकर्ता अपना अपना फ्लेक्स लगा रहे हैं। गढवा व लातेहार जिला मे भी तैयारी जोर पर है। गढ़वा जिला से सैकड़ों की संख्या में व मोटर साइकिल व छोटे वाहनों से जुलूस के शक्ल में शामिल होंगे। पलामू के सभी प्रखंड से कार्यकर्ता शामिल होंगे व सभी अनुसांगीक ईकाइ के लोग तैयारी में जुट गए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और पुर्व उप मुख्यमंत्री सह केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो जी कई स्थानों पर जोर दार स्वागत की तैयारी की गयी है। केन्द्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नजमी ने कहा कि सभी प्रतिनिधियों की भोजन की व्यवस्था कर ली गयी है। कार्यकर्ता सम्मेलन पलामू प्रमंडल में कार्यकताओं मे उर्जा का संचार करेगी। पुर्व जिलाध्यक्ष व केन्द्रीय सचिव विकेश शुक्ला ने कहा कि शहर को झंडा बैनर से पाट दिया जाएगा। केन्द्रीय सचिव विजय मेहता ने कहा कि पलामू मे 23 जुलाई को सुदेश कुमार महतो जी का आगमन व सम्मेलन की सफलता मिशन 2024 की सफलता का पहला कदम होगा। जिला कार्यकारी अध्यक्ष संतन मेहता ने कहा कि पुरे प्रमंडल से अन्य दलों से काफी संख्या में पार्टी मे ज्वाईनिंग होगी। प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन सांगठनिक मजबूती प्रदान करेगी।

जिला उपाध्यक्ष तुलसी शुक्ला ने कहा कि सम्मेलन बर्तमान राज्य सरकार के जन बिरोधी कार्य कलाप को बेनकाब करेगी। और झारखण्ड नव निर्माण की लम्बी लकिर खिचेगी।

राज्यपाल के परिवार के सदस्यों ने हुंडरू फॉल का उठाया आनन्द

अनगड़ा। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के परिवार के सदस्यों ने शनिवार को हुंडरू फॉल के मनोरम वादियों का लुत्फ उठाया। राज्यपाल के पुत्र,पुत्र-वधु,बेटी, दामाद व उनके बच्चों ने हुण्डरु फॉल की खुबसूरत वादियों को करीब से देखा। सुरक्षा व्यवस्था में सिकिदीरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि अपने पुलिस बल के साथ तैनात थे। इस मौके पर अनगड़ा बीडीओ उतम प्रसाद, कनीय अभियंता गौतम कुमार, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, राजकिशोर प्रसाद, बालेश्वर बेदिया, मुचीराम महतो, अशोक मुण्डा, पर्यटक मित्र विष्णु कुमार बेदिया, मनोज कुमार बेदिया, मेघनाथ बेदिया, हरिचरण बेदिया, राजेश बेदिया, जीतवहन भोगता नागेश्वर बेदिया,रंजन बेदिया, बुधराम बेदिया आदि उपस्थित थे।

बैडमिंटन को बढ़ावा देने में दुमका पुलिस एवं डीआईजी की भूमिका सराहनीयःकृषि मंत्री

दुमका। तीन दिवसीय ईस्ट जोन सलेक्शन ट्रायल बैडमिंटन टूनार्मेंट का उद्घाटन सिदो कान्हू इंडोर स्टेडियम में सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने शनिवार को किया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री बादल को टूनार्मेंट के संयोजक सह डीआईजी, संताल परगना प्रमंडल सुदर्शन मंडल ने स्मृति चिन्ह एवं टी-शर्ट भेंट कर सम्मानित किया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के विभिन्न जिलों से दुमका पहुंचे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य के किसी जिले में दुमका की तरह बैडमिंटन का टूनार्मेंट नहीं होता है। राज्य के दुमका जिले में बैडमिंटन टूनार्मेंट अधिक होता है। टूनार्मेंट आयोजन में डीआईजी की महती भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि जिले के गुहियाजोरी के मकरो गांव की नन्ही खिलाड़ी मीरा कुमारी लेजर रन प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए महाराष्ट्र में आयोजित प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल हासिल कर राज्य और जिला का नाम रौशन किया। एक छोटे से गांव से आने वाली मीरा का महाराष्ट्र जैसे बड़े शहर में ख्याति हासिल करना काबिले तारीफ है। कृषि मंत्री ने इस अवसर पर खिलाड़ी मीरा कुमारी को क्रॉकरी सेट, ट्रैक शूट, गिफ्ट हैम्पर एवं नगद राशि 11 हजार देकर सम्मानित किया। जिले में बैडमिंटन को बढावा देने के लिए दुमका पुलिस और डीआईजी के कार्यों को सराहा। उद्घाटन कार्यक्रम में पाचुवारा,नॉर्थ कोल माईनस, अमड़ापाड़ा के प्रबंधक अभिजीत, डीएमओ, दुमका कृष्ण कुमार किस्कू,डॉ तुषार ज्योति, जिला खेल पदाधिकारी, डीएसपी, मुख्यालय, एसडीपीओ, सदर आदि मौजूद थे।

एक नजर

थाना प्रभारी ने दुर्व्यवहार करने के आरोप को फर्जी बताया

अनगड़ा। अनगड़ा थाना प्रभारी नवीन कुमार ने आजसु नेत्री सह नामकुम उपप्रमुख वीणा देवी के द्वारा लगाये गये दुर्व्यवहार के आरोपों को पुरी तरह गलत व फर्जी बताया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने घटना के दिन 20 जुलाई का विडियो दिखाते हुए कहा कि पुरा मामला फर्जी है, दुर्व्यवहार की घटना थाना में हुआ ही नहीं है। उपप्रमुख व उनके पति ने अपने उपर लगे गंभीर आरोपों से बचने के लिए झुठा मामला रचा है। कहा कि धन्नजय सिंह ने बाहेया स्थित उसके चहारदीवारी व घर तोड़ने का आरोप उपप्रमुख व उसके पति सहदेव महतो पर लगाया था, साक्ष्य के रूप में फोटो व विडियो भी दिया था, पुलिस ने मामले में उनलोगों को बुलाया था। थानेदार ने कहा की उपप्रमुख,उनके पति व अन्य लोगों को चाय व ठंढा देकर आदर के साथ उन्हें बिठाया गया और उनका पक्ष सुना गया था। वावजूद इसके वे लोग जबरन थाना में ही मामले का निबटारा करने का दबाव बना रहे थे। इधर वीणा देवी के आवेदन पर ग्रामीण एसपी ने मामले की जांच का जिम्मा सिल्ली डीएसपी ख्रीस्टोफर केरकेट्टा को सौंपा है, शनिवार को डीएसपी ने विभिन्न गवाहों के बयान दर्ज किया। उल्लेखनीय है कि वीणा देवी ने थाना प्रभारी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। इधर भूस्वामी दौलत देवी के पुत्र धन्नजय सिंह ने आईजी, डीआईजी व एसएसपी को आवेदन देकर चहारदीवारी व मकान तोड़ने के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

मोबाईल सिम विक्रेता क्षेत्र में फोन से दी जा रही धमकी को देखते हुए सही व्यक्ति को ही सिम की बिक्री करे : डीएसपी

रातू। थाना क्षेत्र के मोबाईल सिम विक्रेताओ के साथ शनिवार को रातू थाना परिसर में बैठक की गई। बैठक में डीएसपी प्रवीण सिंह ने मोबाईल सिम के माध्यम से होने वाले अपराध के संबंध में सिम विक्रेताओ को जानकारी दी। प्रवीण सिंह ने कहा कि आज जिस तरह से मोबाईल फोन से असामाजिक तत्वो द्वारा धमकी दी जा रही है उसे देखते हुए सिम बेचने वाले सही व्यक्ति को ही सिम दे। सिम के दुरुपयोग पर रोक लगाने में सिम विक्रेता की अहम भूमिका होगी। उन्होंने नाबालिग, वृद्ध व संदिग्ध लोगो को सिम नहीं बेचने व दुकानो में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया। मौके पर थाना प्रभारी सपन कुमार महथा, अंजन कुमार,पवन कुमार साहु, शैलेंद्र पांडेय, संतोष सिन्हा, जितेश मिश्रा, रविंद्र सिंह, अनुप कुमार, सुरेश साहु, पंकज कुमार, पवन केशरी, निलेश कुमार, सुजीत साहु सहित अन्य उपस्थित थे।

सुब्रतो कप फुटबॉल में जोन्हा बानपुर एवं ईद की टीम चैम्पियन

अनगड़ा। अनगड़ा प्रखंड मैदान में प्री सुब्रतो कप फुटबॉल के तीनों वर्ग के फाईनल मैच खेला गया अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय जोन्हा की टीम ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय गेतलसूद की टीम को पेनाल्टी शूट में 1-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। जबकि अंडर-17 बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बानपुर की टीम ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय गेतलसूद को 1-0 से पराजित कर चैम्पियन बनी। इधर अंडर-14 मैच के खेले गए फाइनल मैच में मध्य विद्यालय ईद ने मवि जरगा को 2-0 से पराजित किया। इधर जेईपीसी के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग,बीइईओ भरोसी मुंडू,बीपीओ कमला एक्का,पंकज तिर्की,विवेक कुमार,तासिया नाग,रतनी तिर्की,कुन्ज बिहारी महतो ने ट्रॉफी और मेडल देकर पुरस्कृत किया। इस मौके सभी विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

बिजली चोरी में पांच पर प्राथमिकी, 95 हजार 197 का जुर्माना

रातू। विद्युत उर्जा निगम के उच्च अधिकारियो के आदेश पर शनिवार को रातू तथा आसपास के क्षेत्रो में बिजली चोरी के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चलाया गया। जेईई रंजीत कुमार के नेतृत्व में चले इस अभियान में पांच लोगो को बिजली चोरी करते रंगे हाथ पकडा गया। विद्युत विभाग ने बिजली चोरी करने वाले पांच लोगो पर प्राथमिकी दर्ज करने की कारवाई करने के साथ ही 95,197 रुपए का जुमार्ना लगाया। विभाग द्वारा बिजली चोरी करने के आरोप में मनीष कुमार पिता पंचम महतो बाजपुर निवासी पर 16,556, देवनारायण साव पिता स्वः सीताराम साव बाजपुर निवासी पर 12,417, आबिद अंसारी,पिता इस्माईल अंसारी बाजपुर निवासी पर 12,417, सत्तार राय पिता सफरूदीन राय बाजपुर पर 20,695, हाफिज महिबुल्लाह पिता युनुस अंसारी बाजपुर निवासी पर 33,112 रूपया का जुमार्ना के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छापामारी अभियान में प्रशांत कुमार सिंह, प्रवीण कुमार रजक, मिथुन कुमार, विवेक द्विवेदी सहित अन्य थे।

संकल्प दिवस 24 को मेकन कॉलोनी में

रांची : झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने बताया कि 24 जुलाई को दिन के 11:00 बजे संकल्प दिवस का आयोजन त्रिमूर्ति चौक मेकन कॉलोनी डोरंडा मे किया जायेगा तथा डोमिसाइल आंदोलन के वीर शहीद संतोष कुंकल ,विनय तिग्गा, कैलाश कुजूर को भावभीनी श्रद्धापूर्वक श्रदांजलि अर्पित किया जायेगा। उक्त संकल्प दिवस सह माल्यार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक सह बोरियों के विधायक लोबिन हेंब्रम होंगे। झारखंड बचाओ मोर्चा के संयोजको द्वारा भी माल्यार्पण कर वीर शहीदों को नमन किया जाएगा तथा खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति की जब तक घोषणा नही होता है तब तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया जाएगा।

मुखिया ने समस्या समाधान के लिए बैठक बुलाई

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड के दिघिया पंचायत के टेंगरिया गांव स्थित स्कूल परिसर में शनिवार को मुखिया प्रबला केरकेट्टा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पंचायत के लोगों की समस्याएं सुनी गई। बैठक में पंचायत की जनता की सभी समस्याओं को एक-एक कर सुना गया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में समस्या,पंचायत में साफ सफाई व पानी की समस्या, गांव से नशा पान को मुक्त करना, स्कूल को सुचारू रूप से चलना, पंचायत के वृद्ध,विधवा व विकलांग लोगों की भोजन की व्यवस्था करना। साथ ही पंचायत के गांवों में बिजली व पेयजल की समस्या को सुना एवं हर संभव इन समस्याओं का निराकरण करने का आश्वसान दिया। मुखिया ने कहा जनता की हर समस्या का समाधान होगा। समस्या का समाधान तथा संबंधित विभाग और जिला प्रशासन को समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। बैठक में पंसस रौशन तिर्की वार्ड सदस्य चार के सतीश सिंह,अजित तिर्की,आंगनबाड़ी सेविका जल सहिया,संयोजिका व स्वास्थ्य सहिया सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

बेड़ो में भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान कल

बेड़ो: घर-घर जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत सोमवार को नरकोपी व बेड़ो मंडल द्वारा बेड़ो में महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ ऐतिहासिक मुड़हर पहाड़ स्थित मुंडहर बाबा का पुजा कर भव्य बाइक यात्रा निकाली जाएगी जो बेड़ो व नरकोपी मंडल के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क करने के बाद केशा मोड़ पहुंचेगी। इसके बाद साप्ताहिक बाजार में नुक्कड़ नाटक कर मोदी सरकार के नौ सालों का कार्यों को बताने का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में भाजपा के नरकोपी व बेड़ो मंडल के सभी कार्यकताओं शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी बलराम सिंह व राजेश साहू ने दी।

सॉफ्ट टेनिस खेल में निखार लाने के लिए कोचेज ने सीखें कई गुर

खेल में निखार लाने के लिए ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी) का हुआ आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना। सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के के द्वारा एमेच्योर सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में आयोजित ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स प्रोग्राम लेवल -1 के दूसरे एवं अंतिम दिन शनिवार को पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्पोर्ट्स साइंस टीचरों के द्वारा सॉफ्ट टेनिस खेल से जुड़े कोचेज को कई विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। टीओटी प्रोग्राम में आए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पटना के स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉक्टर करुणेश कुमार ने कोच से संबंधित विभिन्न आयामों को बताया। साथ ही उन्होंने बताया कि एक खिलाड़ी के लिए कोच मार्गदर्शक होता है, जिसके बदौलत खिलाड़ी अपनी मंजिल की

ओर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी को बेहतर स्किल प्रदान करने के लिए कोचेज के पास भी बेहतर स्किल होना आवश्यक है। साथ ही साथ एक कोच में कई गुणों का समावेश होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पहले के समय और अब के समय में काफी बदलाव हुआ है। अब के खेल पूरी तरह साइंस पर आधारित है और इसका फायदा खिलाड़ियों को मिल रहा है। श्रीकुमार ने बताया कि एक बेहतर खिलाड़ी को चयन करने के लिए किन किन बातों पर ध्यान देना चाहिए। श्रीकुमार ने बताया कि खेल के दौरान कई इंज्यूरी भी होता है। उन्होंने कई इंज्यूरी के बारे में भी विस्तृत से जानकारी दिया। वही एस एन्ड सी कोच बीसीए की प्रियंका कुमारी ने फिटनेस के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक एक खिलाड़ी को जाने के लिए फिटनेस बहुत जरूरी है। उन्हीने बताया कि यदि एक खलाड़ी लगातार फिट रहा तभी आगे तक जा सकता है नही तो इंज्यूरी की संभावना ज्यादा हो जाती है। साथ ही साथ उन्होंने इंज्यूरी को ठीक करने का तरीका भी बताया और इंज्यूरी ठीक होने के बाद कैसे पुनः खेल में वापसी करें। प्रियंका कुमारी ने बताया की खिलाड़ी के खेल में निखार लाने के लिए सबसे पहले खिलाड़ी का चयन करना है। इसके लिए नेशनल फिटनेस टेस्ट के माध्यम से चुनाव करना जरूरी है ताकि हमे जानकारी मिले की एक कोच को उस खिलाड़ी पर कितना मेहनत करना है। वही सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव धर्मबीर कुमार ने कहा कि टीओटी का मुख्य मकसद कोचेज को बेहतर बनाना है ताकि खिलाड़ियों को बेहतर जानकारी दे सके और खिलाड़ी अपनी खेल को निखार सके। उन्होंने सभी कोचेस को एक एक टीम तैयार करने को कहा जिन्हें कई मौके दिए जाएंगे। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे अम्रपाली फूड्स लिमिटेड के इंडिया सेल्स हेड प्रेम सिंह, पूर्व क्रिकेटर एवं कमेंट्रेटर बीसीसीआई के सुरेश मिश्रा उर्फ पिंटू, सॉफ्ट टेनिस असोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष मोहन प्रसाद, उपाध्यक्ष आलोक आजाद, राज शेखर, अंतराष्ट्रीय बेस बॉल खिलाड़ी रूपक कुमार, बिहार कुश्ती संघ के सचिव विनय कुमार सिंह, अंतराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी मधु कुमारी, आप्त सचिव चेयरमैन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग दिनेश कुमार सहनी सहित अन्य लोग मौजूद रहें। अंत में सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया।

शर्मनाकः सगी नाबालिग बहनों का अपहरण कर किया दुष्कर्म, फिर ऑर्केस्ट्रा में बेच दिया

नवप्रदेश प्रतिनिधि बगहा। बिहार में बेटियां कितनी सुरक्षित हैं, इसका अंदाजा बेगूसराय और बगहा की घटनाओं से लगाया जा सकता है। जहां बेगूसराय में युवती को निर्वस्त्र कर उसका वीडियो वायरल कर दिया गया। वहीं पश्चिम चंपारण के बगहा में दो सगी नाबालिग बहनों का ना सिर्फ अपहरण किया गया, बल्कि दोनों से दुष्कर्म करने के बाद उन्हें ऑर्केस्ट्रा में बेच दिया गया। शुक्रवार को पुलिस ने छापेमारी कर दोनों किशोरियों का रेस्क्यू किया। मौके से संचालिका ज्योति कुमारी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर आरोपी सागर कुमार व सोनू कुमार को भी पुलिस ने दबोच लिया। पूरा मामला

धनहा थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बीते 23 जून की रात में दोनों सगी बहनें शौच के लिए घर से बाहर निकली थीं। इसके बाद वे घर नहीं लौटीं। हमलोग उसे ढूंढ़ रहे थे। तभी अपहरणकताओं ने 29 जून को फोन कर कहा कि आपकी बेटियां सुरक्षित हैं, घबराएं नहीं। दोनों जल्द लौट आएंगी। तब हम लोग दोनों के लौटने का इंतजार करने लगे 19 जुलाई को फोन कर कहा कि दोनों नहीं लौटेगी। परिजनों ने दोनों नाबालिगों के अपहरण की एफआईआर 20 जुलाई को दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों के फोन लोकेशन के आधार पर ऑक्रेष्ट्रा में छापेमारी की और दोनों किशोरियों को वहां से बाहर निकाला। दोनों बहनों ने पुलिस को बताया कि दोनों युवकों ने हम लोगों को बहलाकर अगवा कर लिया। कई दिनों तक दुष्कर्म किया। इसके बाद ऑर्केस्ट्रा में बेच दिया। यहां कई लोगों के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर किया गया। मामले में दोनों युवतियों के बयान के आधार पर ऑर्केस्ट्रा संचालिका ज्योति कुमारी और अपहरण करनेवाले दोनों आरोपी सागर कुमार व सोनू कुमार को भी पुलिस ने दबोच लिया। फिलहाल सभी के विरूद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आशा कार्यकर्ताओं के आंदोलन के समर्थन में पहुंचे भाकपा माले विधायक मनोज मंजिल

नवप्रदेश प्रतिनिधि गड़हनी भोजपुर। भाकपा माले विधायक मनोज मंजिल ने गड़हनी में 10 दिनों से आंदोलन कर रही आशा कार्यकताओं एवं आशा फैसिलिटेटर के आंदोलन के समर्थन में पहुंचे। आंदोलन कर रही आशा

कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कॉमरेड मनोज मंजिल ने कहा कि आशा कार्यकर्ता से सरकार 40 प्रकार का कार्य करवाती है लेकिन जब मानदेय या वेतन की बात आती है तो हाथ खड़ा कर एक हजार रुपया मासिक पारितोषिक देने की बात करती है जो न्यूनतम मजदूरी से काफी कम है। यानी सरकार इनको बंधुआ मजदूर समझती है। इसलिए आशा कार्यकताओं की मांग है कि एक हजार में दम नहीं इक्कीस हजार से कम नही। ये केंद्र सरकार की योजना है 10 दिनों से आंदोलन चल रहा है लेकिन आरा सांसद आशा फैसिलिटेटर के आंदोलन में जाना तो दूर की बात उनके लिए एक बयान तक भी नहीं आया। मोदी की सरकार आशा बहनो को बंधुआ मजदूर से भी बदतर समझती है।आशा को न न्यूनतम वेतन न कोई सामाजिक सुरक्षा न कोई पोशाक राशि न कोई बैठने का कार्यालय है। लेकिन काम चालीस प्रकार का लेती है ये श्रम का शोषण नहीं तो और क्या है। भाकपा माले आशा कार्यकताओं के आंदोलन व इनके हक अधिकार की लड़ाई में साथ खड़ी है। इस मौके पर भाकपा माले के कर साथी ब सैकड़ों आशा कार्यकर्ता व फैसिलेटर उपस्थित थे।

शराब की बड़ी खेप बरामद, 59 पेटी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि कोचस। थाना के पुलिस इन दिनों शराब को लेकर काफी जागरूक है। क्षेत्र में शराब व शराब धंधेबाजों को लगातार गिरफ्तार कर रही है। वही इस दौरान कोचस पुलिस ने शुक्रवार की देर रात शराब

को लेकर बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक एक्सयूभी कार से 59 पेटी शराब बरामद किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि कोचस महात्मा गाँधी चौक पर वाहन चेकिंग किया जा रहा था। चेकिंग के दौरान एक एक्सयूभी कार मोहनिया से आरा के तरफ जा रहा था। पुलिस ने वाहन को रोकने का प्रयास किया परंतु वाहन चालक के द्वारा गाड़ी को बहुत तेजी से लेकर भागने लगा। जहां पुलिस ने वाहन को पीछा करते हुए एक्सयूभी कार को पकड़ लिया जहां कार से 50 पेटी व्लू लाईम देशी शराब 200 एमएल (4550=450) व 9 पेटी एटपीएम स्पेशल ब्लेन्ड स्कॉच व्हिस्की 180 एमएल (489= 432) पीस कुल 528 लीटर शराब बरामद किया गया। वही एक्सयूभी 500 सिल्वर कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर वढ 66 ढ 1333 जब्त किया गया। वही शराब धंधेबाज 18 वर्षीय रोहित कुमार भारती पिता मनोज कुमार भारती साकिम पीएनबी कॉलोनी मकबुल आलम रोड थाना चौका घाट वाराणसी व चालक 28 वर्षीय सुनिल गिरी पिता गौरी शंकर गिरी साकिम रमजनपुर, कान्डा, गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार धंधेबाजों के उपर मद्य निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

केवाईपी सेन्टर की गुणवत्ता में लाएं सुधार, बेहतर तरीके से कराएं बच्चों का कौशल विकास : जिलाधिकारी

नवप्रदेश प्रतिनिधि पश्चिमी चम्पारण। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि आर्थिक हल युवाओं को बल के तहत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम अत्यंत ही महत्वाकांक्षी है। इसका क्रियान्वयन सही तरीके से तत्परतापूर्वक किया जाय। इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी, सख्त कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र (डीआरसीसी) के औचक जाँच के दौरान अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व में दिये गये निर्देश के आलोक में डीआरसीसी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति अच्छी है। इसे और बेहतर करने की आवश्यकता है। जिले के योग्य छात्र-छात्राओं को संचालित योजनाओं का ससमय लाभ मिले, इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाय। इस हेतु योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित किया जाय।उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि केवाईपी सेन्टर की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार अत्यंत ही आवश्यक है। केवाईपी सेन्टर का संचालन विभागीय दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए सुनिश्चित किया जाय। केवाईपी सेन्टर के माध्यम से बच्चों को अच्छे तरीके से प्रशिक्षित कराया जाय ताकि उनका कौशल विकास बेहतर तरीके से हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि में तेजी लायी जाय। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कॉलेजों के प्राचार्य के साथ बैठक की जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि केवाईपी के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले सेन्टरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिया कि केवाईपी अंतर्गत इस वितीय वर्ष के लाभुकों को बीएससीसी योजना से भी लाभान्वित किया जाय। इस हेतु डीआरसीसी अवस्थित सिंगल विडों ऑपरेटरो के माध्यम से सभी केवाईपी लाभुकों को फोन कराकर जागरूक एवं प्रेरित किया जाय। इसके साथ ही मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने के उदेश्य से सभी विकास मित्रों, एलएस आदि के साथ बैठक किया जाय और उन्हें योग्य छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करने को कहा जाय ताकि लक्ष्य के अनुरूप छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया जा सके।

महिला के बाल काटने वाला नाई व पति गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि रक्सौल। रामगढ़वा थाना क्षेत्र के एक गांव में चाची-भतीजे को ग्रामीणों ने आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था। दोनों की बिजली के खंभे में बांधकर पिटाई की थी। महिला का बाल काटा गया व महिला के प्रेमी मंटू पासवान का सिर मुंडवा दिया। रामगढ़वा पुलिस ने पीड़ित महिला के पति शिव शंकर पासवान के साथ नाई नरेंद्र ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। महिला के बाल काटने का वीडियो भी सामने आया। वीडियो के आधार पर रामगढ़वा पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा।

अन्य की पहचान की जाएगी

नाई की पत्नी रेखा देवी ने कहा कि मेरे पति ने मन से महिला का बाल नहीं काटा। इस कार्य करने के लिए शिव शंकर पासवान ने धमकी दी थी। जब वह बाल काटने नहीं जा रहे थे तो शिव शंकर पासवान और उसके बेटे ने गांव से निकाल देने की बात कही थी। इसी डर से वह बाल काटने गए। रामगढ़वा थाना प्रभारी इंद्रजीत पासवान ने कहा कि इस मामले में अन्य लोगों की भी पहचान कर उन्हें भी जेल भेजा जाएगा।

मणिपुर घटना के विरोध में जाप ने फूंका केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। मणिपुर में महिलाओं पर हो रहे जुल्म,बलात्कार एवं हिंसा के खिलाफ जन अधिकार पार्टी (लोक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद पप्पू यादव के निदेर्शानुसार पार्टी के जिलाध्यक्ष पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर के गाँधी चौक पर केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला दहन किया, इस दौरान जमकर नारेबाजी की गयी। उक्त मौके पर प्रेस को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने कहा कि मणिपुर की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है ,वही इस घटना पर देश का प्रधानमंत्री और गृह मंत्री चुप्पी साधे बैठा हुआ है। पार्टी के प्रदेश महासचिव मोख्तार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मणिपुर की घटना के महिलाओं का जो वीडियो वायरल हुआ है ,इस तरह की घटना देश मे पहली घटना है जिससे पूरा देश शर्मशार हुआ है

और प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री मौन धारण किये हुए है ,मणिपुर घटना के खिलाफ जन अधिकार पार्टी पप्पू यादव के नेतृत्व में राज्यव्यापी गृह मंत्री का पुतला दहन कर प्रधानमंत्री को आगाह किया कि मणिपुर सरकार एवं गृह मंत्री अमित शाह को अविलंब बर्खास्त करें, जन अधिकार छात्र परिषद के तिरहुत प्रमंडल अध्यक्ष आकाश कुमार सिंह ने कहा कि मणिपुर की घटना से भारत पूरी दुनिया मे शर्मसार हुआ है वही देश के प्रधानमंत्री विदेश जाकर ठिठुका लगा रहे हैं तथा गृह मंत्री पुनः सत्ता में आने के लिए देश मे नफरत की राजनीतिक कर रहे हैं , दूसरे राज्यो में केंद्रीय टीम को जांच के लिए शीघ्र भेज दिया जाता है लेकिन मणिपुर तीन महीनों से ज्यादा दिनों से हिंसा की आग में जल रहा है लेकिन देश का प्रधानमंत्री और गृह मंत्री मौन धारण किये हुए है , श्री सिंह ने कहा देश की मणिपुर सरकार को अविलंब बर्खास्त करे और नैतिकता के आधार पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इस्तीफा दे, जन अधिकार युवा परिषद के जिलाध्यक्ष रौनक त्यागी ने कहा कि एक तरफ बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ की नारा देने वाले लोग ही आज मणिपुर की बहन - बेटियों पर हो रहे अत्याचार पर खामोश बन बैठा हुआ है प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को थोड़ी भी नैतिकता है तो इस्तीफा दे । पुतला दहन में पार्टी के प्रदेश महासचिव मोख्तार प्रसाद गुप्ता,प्रदेश सचिव बिट्टू दुबे, जिलाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, जन अधिकार छात्र परिषद के तिरहुत प्रमंडल अध्यक्ष आकाश कुमार सिंह, युवा परिषद के जिलाध्यक्ष रौनक त्यागी ,युवा शक्ति जिलाध्यक्ष मणिभूषण राय, युवा प्रदेश महासचिव नुरैंन आलम, छात्र जिलाध्यक्ष पुन्नू सिंह, हम्माद जफर खान,मो ह्यूल, ज्ञासुदीन अंसारी, आशिक आलम, गुड्डू कुमार, रॉकी कुमार, तनवीर आलम आदि थे।

102 एंबुलेंस के ड्राइवर और ईएमटी का धरना प्रदर्शनः इमरजेंसी सेवाएं बाधित, बकाया वेतन भुगतान के लिए दे रहे धरना

नवप्रदेश प्रतिनिधि मोतिहारी। धरने पर बैठे ईएमटी और 102 एंबुलेंस के ड्राइवर मोतिहारी में 102 एम्बुलेंस के सेवा बंद है। भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले सभी अनिश्चित काल के लिए हड़ताल पर बैठे, इसने कहना है कि जब तक हम लोगों का बकाया वेतन का भुगतान नहीं होता है, तब तक हम लोगों का आंदोलन जारी रहेगा। 102 एंबुलेस के ड्राइवर और ईएमटी अपनी मांग के समर्थन में सदर अस्पताल में एंबुलेस को खड़ा कर धरना दे रहे हैं, जिसके कारण जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है । ड्राइवर अस्पताल प्रबंधन और ज़िम्मेवार एजेंसी के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त करते हुए जमकर नारेबाजी किया। चालकों का आरोप है कि संबंधित एजेंसी पिछले चार माह का बकाया वेतन नही दे रही है जिसके कारण उनका जीना मुश्किल हो गया है। सभी के सामने घोर आर्थिक संकट आ गया है एम्बुलेंस चालकों का कहना है कि जब तक उनके बकाया वेतन और अन्य मांगों को पूरा नही किया जाता है। तब तक वे लोग काम पर वापस नही जाएंगे।

श्रम अधिनियम का नहीं किया जाता है पालन

ईएमटी ने मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि हम लोगों से श्रम अधिनियम के विरुद्ध काम कराया जाता है। उसके बदले पैसा भी नहीं दिया जाता है। जो मिलता भी है वह समय से नहीं मिलता है। जिसके कारण अपना सहित परिवार की स्थिति खराब हो गई है।

पहले दौर की बातचीत रही बेनतीजा

जैसे ही सीएस अंजनी कुमार को पता चला की 102 एंबुलेस के ड्राइवर धरना दे रहे है। जिसके बाद उसने बुला कर जिला स्वास्थ्य समिति में बात कर धरना खत्म करने को कहा, इस दौरान एजेंसी के अधिकारियों से भी बात कर इन लोगो के मांग को रखा, जिसके बाद एजेंसी के संचालक धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि सितंबर तक सब साफ जो जाएगा, जिसके बाद भी ड्राइवर नहीं माने कहा जब तक भुगतान नहीं होगा तब तक यह आंदोलन काफी रहेगा।

एक नजर

संत एसएन ग्लोबल में आयोजित हुआ राष्ट्रीय आम महोत्सव



नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। शहर के डुमरांव रोड स्थित संत एस एन ग्लोबल स्कूल में भारत के प्रिय फल और उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें छोटे-छोटे बच्चे येलो मैंगो के अलग-अलग रूप में तैयार होकर आए थे। वे अपने साथ तरह-तरह के मैंगो भी लाए थे। इस मौके पर आम के बारे में उन्हें जानकारी दी गई। बच्चों ने मैंगो शेक मेकिंग और आम से तैयार किए जाने वाले व्यजंनों और पारंपरिक पकवान को बनाने सम्बन्धी एक्टिविटी में भी हिस्सा लिया। टीचर्स ने क्लास में मैंगो शेक बनाकर दिखाया। मैंगो डे सेलिब्रेशन एक फन एक्टिविटी होने के साथ बच्चों में लैंग्वेज डेवलपमेंट का भी माध्यम बना। प्राचार्या सुखविंदर कौर के नेतृत्व में आयोजित आम महोत्सव बेहद ही आकर्षक रहा।इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय फल आम और उसके समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं परम्परा से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि भारत में आज से पांच हजार साल पहले ही आम की खेती शुरू हुई और यहीं से आम अफ्रीकी और यूरोपीय देशों में पहुँचा। पुर्तगाली व्यापारियों ने इसे मांगा और कालांतर में मैंगो से सम्बोधित किया। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड ने सर्वप्रथम दिल्ली में 22 जुलाई 1987 को राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया। आज विश्व के अनेक देशों में मैंगो डे या मैंगो फेस्ट मनाया जाता है।

रविन्द्र सिंह बनाए गए रालोजद के प्रदेश महासचिव

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। इंदू-तपेश्वर महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज के शिक्षक रविंद्र सिंह को रालोजद के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव बनाया गया है। इनके प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर स्थानीय कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। हर्ष व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि इनके नेतृत्व में पार्टी और अधिक मजबूत होगी। वहीं रविन्द्र सिंह ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी हमें दी है उसका इमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे तथा संगठन को मजबूत करने में अपनी सारी ऊर्जा लगा देंगे। बधाई देने वालों में अखिलेश सिंह, बसंत चौधरी पटेल, सुरेश सिंह, सुनील सिंह, राम अशीष ठाकुर, उमेश सिंह नोनहर, प्रमोद चौरसिया सहित कई लोग शामिल हैं।

मुहर्रम में डीजे बजाने पर रहेगी रोक : थानाध्यक्ष

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज (रोहतास)। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को मुहर्रम पर्व को लेकर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर सुबोध कुमार व संचालन सीओ अमित कुमार ने किया। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर चर्चा की गयी। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने अति संवेदनशील स्थानों के बारे में जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने कहा कि जिले के वरीय अधिकारियों के निदेर्शानुसार मुहर्रम में डीजे बजाना पूरी तरह से प्रतिबंध है। डीजे बजाने के लिए बिक्रमगंज एसडीएम से अनुमति लेना जरूरी है। जिन लोगों पर धारा 107 निर्गत है, वे अपना बांड भरवा लें। सीओ अमित कुमार ने कहा कि ताजिया जुलूस में सड़क को पूरी तरह से बन्द नही किया जाए। सड़क की एक तरफ से आने-जाने का रास्ता छोड़ा जाना चाहिए। ताकि अन्य लोगों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। इंस्पेक्टर सुबोध कुमार ने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं से अपील की कि अगर क्षेत्र में कुछ भी गलत नजर आए, तो प्रशासन को सूचित करें। मौके पर प्रमुख योगेश कुमार, नगर ईओ राकेश कुमार, बीसीएम शकील अहमद, जेई पंकज शर्मा, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामुल हक, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि लुकेश्वर कुमार प्रिय, मुखिया सुजीत कुमार उर्फ टिंकू सिंह, कृष्णा कुमार, मुखिया प्रतिनिधि शाहिद हुसैन, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ०अमरेंद्र कुमार, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष मन्ना खां, कॉग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष बक्शी जौहर अली, गुलाम मुस्तफा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इंसानियत को तार-तार करता मणिपुर की घटनाः मनीष शरण

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय वरिष्ठ संगठन सचिव मनीष कुमार शरण ने भारतीय महिला आयोग नई दिल्ली को एक पत्र के द्वारा यह सूचित किया है कि आज से लगभग 2 महीना पहले जो घटना मणिपुर में दो महिलाओं के साथ घटित हुई है। उसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया है लेकिन आप से भी विनम्र प्रार्थना है कि उसमें शामिल सभी अभियुक्तों को फांसी की सजा की सिफारिश की जाए। साथ ही साथ इंशानियत को जिस तरह से हैवानित की रूप दी गई है उसकी जितनी भी निंदा की जाए वो कम है।

महिला सुरक्षा व संरक्षा की दी गई विधिक जानकारी

नवप्रदेश प्रतिनिधि पीरो। विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में महिलाओं के सुरक्षा व संरक्षा के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान महिलाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने हेतु विधिक जानकारी के तहत घरेलू हिंसा, महिला उत्पीडन, बलात्कार, दुराचार एवं यौनाचार, सामाजिक उत्पीड़न तथा नारी सशक्तिकरण से संबंधित कानून के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। यहां आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम का उदघाटन अपर जिला न्यायाधीश सह सचिव आदित्य सुमन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर के कर कमलों द्वारा किया गया। मौके पर मौजूद विधिक सेवा प्राधिकार पटना के सदस्य सविता अली तथा संजू सिंह द्वारा महिलाओं से संबंधित विभिन्न मामलों व घटनाओं पर प्रकाश डाला गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी पीरो अमरेंद्रकुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पीरो राहुल सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी पीरो सुनील कुमार गौतम, राजस्व पदाधिकारी पीरो ऋतिका कृष्णा,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पीरो, पैनल अधिवक्ता शेषनाथ सिंह, मुकेश कुमार शर्मा, अरुण कुमार राय, हरेराम उपाध्याय, सुरेश पासवान, श्यामा नंद पांडेय, दिनेश कुमार सिन्हा सहित पीरो बार के कई अधिवक्ता मौजूद थे।

जनता दरबार मे तीन मामलो का निष्पादन किया गया

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवाद के निपटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार का आयोजन राजस्व पदाधिकारी दिव्य प्रकाश एवं थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें भूमि संबंधित तीन मामलों का निपटारा हुआ। राजस्व पदाधिकारी ने बताया कि अंचल क्षेत्र अंतर्गत सूर्यपुरा में एक राघोडीहरा एंव बलिहार में एक तथास बिक्रमगंज में लडुई का एक मामला सहित तीन मामलों का निपटारा हुआ।

विशेष नामांकन अभियान को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बलिहार के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को नवीं वर्ग में नामांकन के लिए प्रभात फेरी निकाला। छात्र-छात्राओं ने अपने पोषक क्षेत्र में नारो के साथ भर्मण कर नवी वर्ग में प्रवेशोत्सव के अंतर्गत प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी विद्यालय परिसर से प्रारम्भ की गई तथा पोषक क्षेत्रो का भर्मण किया। शिक्षक श्रीतिवारी ने कहा कि विभागीय निदेर्शानुसार कक्षा नौवीं में नामांकन हेतु विशेष अभियान अन्तर्गत प्रभात फेरी के द्वारा प्रसार किया जा रहा है ताकि अब तक वैसे छात्र-छात्राएं जो कक्षा नवम में नामांकन नहीं करवा सके हैं, वैसे छात्र-छात्राएं विशेष नामांकन अभियान अन्तर्गत अपना नामांकन नजदीक के उच्च माध्यमिक विद्यालय में करवा लें।

संपादकीय

नदियों को न रोकें

भारत में वर्षा का असमान वितरण, शहरों में बाढ़ और ग्रामीण इलाकों में सूखा, किसी राज्य में लगातार बाढ़ आदि के संकेतों को समझने की जरूरत है। ये घटनाएं बता रही हैं कि मानव ने प्रकृति के साथ काफी छेड़छाड़ किया है। जंगल कटने से बारिश का वितरण असमान हो रहा है, वहीं नदियों के रास्ते और उसके स्त्रोतों में पक्के घर बनाएं जा रहे हैं। खासकर शहरों में नदियों के रास्ते को प्रभावित किया जा रहा है। उत्तर भारत में इस मानसून में लगातार हो रही बारिश से कई लोगों की मौत हो गयी और इससे शहरी जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इससे पता चलता है कि शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर और इसकी देखरेख के लिए जिम्मेदार एजेंसियां अपनी भूमिका में किस तरह से नाकाम रही हैं। देश के 17 राज्यों के पौने दो सौ जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने। पहाड़ों में तो जैसे हर ओर आपदा आयी हुई है, चाहे वह हिमाचल हो या उत्तराखंड। दो दिन के अंदर दिल्ली में 268 मिमी से अधिक हुई बारिश ने 44 साल का रेकॉर्ड तोड़ा और 74 साल बाद लद्दाख में साढ़े तीन हजार फीसदी से अधिक बारिश दर्ज हुई, यह साफ बताता है कि मामला जलवायु परिवर्तन से सीधा जुड़ा है। अब वैज्ञानिक बता रहे हैं कि पहाड़ों में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर है और पंजाब-हरियाणा में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के साथ-साथ मॉनसून टर्फ भी है। इसी के चलते दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और यूपी में इतनी ज्यादा बारिश हुई। ऐसी बारिश का अनुमान लगाने में मौसम विभाग भी विफल रहा है। इस बारिश ने सिर्फ मौसम विभाग की ही पोल नहीं खोली है, इसने यह भी दिखाया है कि हमारी अर्बन प्लानिंग भी किसी खास काम की नहीं है। जिस तरह से इस बारिश में दिल्ली से लेकर अंबाला तक डूब गए, यह साफ बताता है कि पानी निकासी के हमारे जो भी इंतजाम हैं, एक तो वे नाकाफी हैं, दूसरे उनका रखरखाव भी ठीक से नहीं किया गया। दिल्ली में ही पानी निकालने का मास्टर प्लान 1976 में बना था, जो अब आउटडेटेड हो चुका है। अंबाला शहर में तो लोगों को बचाने के लिए सरकार को सेना लगानी पड़ी। वैसे यह कोई आज का ही सीन नहीं है। दिल्ली नहीं तो चेन्नै, अंबाला नहीं तो जयपुर या गुड़गांव नहीं तो मुंबई में यह दृश्य लगभग हर साल ही खुद को दोहराता रहा है। ऐसा भी नहीं कि हर नगरपालिका या नगर निगम के पास धन की ही कमी है, जिसके चलते ऐसा हो रहा है। मुंबई बीएमसी को तो पूरे देश भर में सबसे ज्यादा धन आवंटित होता है, फिर भी वहां हर साल पानी जमा होता है। असल में जलवायु परिवर्तन का अब जो हाल है, ड्रेनेज सिस्टम की सीजनल सफाई से बात नहीं बनने वाली है। अब तो न सिर्फ इसकी साल भर सफाई करती रहनी होगी, बल्कि आबादी के हिसाब से इन्हें नए सिरे से प्लान भी करना होगा। जलवायु परिवर्तन तो अब हमेशा परेशान करेगा, तो इसे ध्यान में रखते हुए किसी भी संभावित आपदा के लिए तैयार रहना होगा। इधर, झारखंड के कई जिलों में सुखाड़ जैसे हालात बनने लगे हैं। इससे किसान परेशान हैं। सिंचाई की सुविधाओं पर झारखंड में जरूरत के अनुसार काम नहीं हुआ है। अब सरकारों को इन सभी मुद्दों पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है।

सामयिकी

बच्चों को डायरिया से कैसे बचाएं

बरसात के दिनों में कई तरह की बीमारियां का खतरा होना स्वभाविक है। जिनमें से एक सबसे खतरनाक है डायरिया। जो किसी के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। बरसात में पानी के बदलाव के साथ पाचन शक्ति की प्रक्रिया शिथिल होने से भोजन के पचने में समय लगता है। तेलीय भोज्य और नए आ रहे सब्जियों में रासायनिक खादों का जहरीला होना तय माना जाता है। बरसात के मौसम में खासकर बुजुर्ग और छोटे बच्चों को के पाचन क्रिया में शिथिलता के कारण डायरिया का खतरनाक हो सकता है। बरसात के मौसम में कई बीमारियों के फैलने की आशंका बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। डायरिया गंदा पानी पीने की वजह से होता है। जो जरा सी लापरवाही की वजह से जानलेवा हो जाता है। इससे व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। छोटे बच्चों में डायरिया की बीमारी बहुत खतरनाक हो सकती है। क्योंकि ये बच्चे को एक दिन में ही बहुत ज्यादा कमजोर कर देता है। भारत में जन्म से पांच साल तक के बच्चों में मौत का सबसे बड़ा कारण डायरिया को माना जाता है। डायरिया के प्रमुख लक्षणों में बार-बार मल त्याग करना, मल बहुत पतला होना, तीव्र दशाओं में रोगी के पेट के पूरे निचले भाग में दर्द और बेचैनी महसूस होना प्रमुख है। बीमारी बढ? पर आंतों में मरोड़ या पेट के निचले हिस्से में तेज दर्द भी होने लगता है. डायरिया जल्दी काबू में न आए तो निर्जलीकरण की स्थिति पैदा हो सकती है। इससे मरीज कमजोरी महसूस करता है। ऐसी स्थिति में बुखार आना सामान्य बात है। इतना ही नहीं शरीर में पानी के साथ खनिज तत्वों की ज्यादा कमी होने लगे तो मरीज बेहोशी की हालत में जा सकता है और स्थिति जानलेवा हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अगर दिन में तीन से ज्यादा बार पानी के साथ अधिक मात्रा में मलत्याग हो रहा हो तो यह डायरिया का लक्षण है। डायरिया में रोगी के शरीर में पानी की अत्यधिक कमी हो जाती है, जिससे उसका शरीर कमजोर हो जाता है। इसके बाद शरीर में संक्रमण फैलने का खतरा बहुत बढ़ जाता है।उचित समय पर सही इलाज नहीं होने पर रोगी की जान भी जा सकती है। चिकित्सा विज्ञायिनों के अनुसार तीन तरह के वायरस खासतौर से डायरिया का संक्रमण फैलाते हैं। 'नोरो-वायरसइ और 'रोटा-वायरसइ पांच साल से कम उम्र के बच्चों को सबसे ज्यादा संक्रमित करते हैं। महामारी नियंत्रण के संचालक का कहना है कि डायरिया से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता तथा स्वस्थ जीवन-शैली जरूरी है। शरीर में पानी और नमक की कमी को दूर करना डायरिया का सबसे सही घरेलू इलाज है. इसके लिए ओआरएस और जिंक के सेवन की सलाह दी जाती है। बरसात में सबसे पहले सावधानी के तौर पर तेल-मसालों वाले खाने से परहेज करना चाहिए। डायरिया होने पर पहले दो दिन तक बच्चे को फल, कैफिनयुक्त पेय पदार्थ, दूध और वसायुक्त भोजन न दें। केला, चावल, सेब का मुरब्बा और टोस्ट का मिश्रण जिसे ब्राट कहते हैं, उसके सेवन से डायरिया में आराम मिलता है। रोगी की देखभाल के बाद अपने हाथ और उपयोग में लाई गई चीजों को अच्छी तरह से साफ कर या विसंक्रमित कर रखें।

चीनी क्षेत्र के पुनरुत्थान से सशक्त हो रहे किसान

संजीव चोपड़ा

चीनी उद्योग ने न केवल अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने, बल्कि ग्रिड को अधिशेष बिजली प्रदान करने के लिए बिजली उत्पन्न करने में खोई का प्रभावी ढंग से उपयोग किया है। 9,500 मेगावाट की क्षमता के साथ, चीनी क्षेत्र अपने हरित ऊर्जा सह-उत्पादन बुनियादी ढांचे से लगभग 10,000 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर रहा है।

भारत सरकार ने हाल ही में चीनी सत्र 2023-24 के लिए गन्ने के 315 रुपये प्रति क्विंटल के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) की घोषणा की है, जिसमें भुगतान लागत के साथ-साथ पारिवारिक श्रम के मूल्यांकित मूल्य (ए2+एफएल लागत) पर 100 प्रतिशत से अधिक का मार्जिन शामिल किया गया है। यह फसलों के लिए सबसे ज्यादा मार्जिन में से एक है, जिससे किसानों के लिए ऊंचा रिटर्न सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस फैसले से लगभग 5 करोड़ गन्ना किसानों और उनके आश्रित लाभान्वित होंगे। नई एफआरपी का उद्देश्य भारतीय चीनी उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करते हुए किसानों की आकांक्षाओं को पूरा करना है। एफआरपी वह बेंचमार्क कीमत है जिससे कम मूल्य पर कोई भी चीनी मिल गन्ना नहीं खरीद सकती। इसलिए, यह न्यूनतम समर्थन मूल्य की तरह है लेकिन यहां पर खरीद चीनी मिलों द्वारा की जाती है, सरकार द्वारा नहीं।

भारत में चीनी उद्योग का इतिहास उतार-चढ़ाव वाला रहा है और हाल के वर्षों में यह एक मजबूत क्षेत्र के रूप में उभरकर सामने आया है। 2020-21 से पहले 8 वर्षों में, भारत सरकार ने चीनी क्षेत्र को वित्तीय संकट से बाहर लाने के लिए 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी, ताकि मिलों द्वारा किसानों का भुगतान तत्काल जारी किया जा सके। हाल के वर्षों में, केंद्र सरकार के लक्षित हस्तक्षेप, चीनी उद्योग की कुशलता और अनुकूल वैश्विक कारकों के कारण चीनी क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। चीनी क्षेत्र की सेहत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2021-22 के बाद से, इथेनॉल परियोजनाओं के लिए ब्याज अनुदान योजना (जिसके तहत 30 जून, 2023 तक 494 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं) को छोड़कर चीनी मिलों को कोई बजटीय सहायता नहीं दी गई है।

आधुनिकीकरण और विविधीकरण के लिए क्षेत्र में पूंजीगत व्यय के बढ़े हुए स्तर से पिछले 6 वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त निवेश हुआ है और ग्रामीण युवाओं के लिए 50,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर की कीमतों का रुझान न केवल इस क्षेत्र की वर्तमान स्थिति बल्कि इसकी भविष्य की संभावनाओं का भी एक

विश्वसनीय संकेत है। ऐसा देखा गया है कि शीर्ष 10 सूचीबद्ध चीनी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (उनकी गन्ना पेराई क्षमता के आधार पर) पिछले 4 वर्षों में दोगुना से अधिक हो गया है।

चीनी क्षेत्र के कायापलट का श्रेय तीन प्रमुख कारकों को दिया जा सकता है। राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति 2018 इस लिहाज से अहम पहल रही जिसने चीनी क्षेत्र के पुनरुद्धार में सबसे अधिक योगदान दिया है। इसके जरिये पेट्रोल के साथ इथेनॉल के मिश्रण को बढ़ावा दिया गया। हालांकि, पेट्रोल के साथ इथेनॉल सम्मिश्रण (ईबीपी) कार्यक्रम वर्ष 2003 से लागू किया जा रहा है, लेकिन राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति की घोषणा को इस क्षेत्र में पुनरुत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण घटना कहा जा सकता है। तब से, कई नीतिगत पहलों ने इथेनॉल संयंत्रों की स्थापना की प्रक्रियाओं को सरल बना दिया है और मोलासेस से उत्पादित इथेनॉल के लिए लाभकारी मूल्य की पेशकश की गई है। केंद्र सरकार ने इथेनॉल परियोजनाओं के लिए ब्याज अनुदान योजना भी शुरू की है, जिसके तहत देश में इथेनॉल उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से परियोजना के प्रस्तावकों को प्रति वर्ष 6 प्रतिशत ब्याज या 50 प्रतिशत ब्याज, जो भी कम हो, की 5 वर्षों के लिए प्रतिपूर्ति की जाती है। इसके तहत वर्ष 2018 से अभी तक 4,400 करोड़ लीटर अनुमानित क्षमता वाली 1,200 से ज्यादा परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी दी जा चुकी है। महज दो वर्षों के दौरान, इथेनॉल मिश्रण का प्रतिशत दोगुना हो गया है और इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (दिसंबर-नवंबर), 2021-22 के दौरान लगभग 434 करोड़ लीटर इथेनॉल मिश्रित किया गया था, जो 10 प्रतिशत के लक्ष्य को पार कर गया। ईबीपी कार्यक्रम अब 2025 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर है, जिससे भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा इथेनॉल उत्पादक देश बन जाएगा। इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम के परिणामस्वरूप पिछले 4 वर्षों के दौरान चीनी आधारित डिस्टिलरीज को 51,000 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। इस साल तेल विपणन कंपनियों को इथेनॉल की बिक्री से डिस्टिलरीज को 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई होने की उम्मीद है।

चीनी का निर्यात दूसरा बड़ा घटनाक्रम है, जिससे चीनी मिलों को बुनियादी रूप से मजबूती मिली है। लगभग शून्य निर्यात से, भारत ने चीनी सत्र (नवंबर-अक्टूबर) 2021-22 में 110 लाख टन चीनी का निर्यात किया है और दुनिया में चीनी का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया। अन्य बातों के अलावा, निर्यात ने चीनी क्षेत्र को अपनी अतिरिक्त इन्वेंट्री का निपटान करने में सक्षम बनाया है जो अब तक चीनी मिलों के लिए पैसे के फंसने और गन्ना किसानों को भुगतान में देरी की वजह बनता था। भारतीय चीनी ने अब निर्यात बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है और उसे ऊंची वैश्विक कीमतों का लाभ मिल रहा है, जो पिछले 3 वर्षों में लगभग दोगुनी हो गई हैं।

तीसरा कारक चीनी मिलों की उत्पाद श्रृंखला के विविधीकरण से संबंधित है। चीनी क्षेत्र आज देश में पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव डालने वाली चक्रीय अर्थव्यवस्था का मार्ग दिखाने वाला बना हुआ है। उद्योग साथ में बिजली, पोटाश आधारित उर्वरकों के उत्पादन और कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) बनाने के लिए प्रेस मड के इस्तेमाल के साथ अतिरिक्त कमाई कर रहा है। चीनी उद्योग ने न केवल अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने, बल्कि ग्रिड को अधिशेष बिजली प्रदान करने के लिए बिजली उत्पन्न करने में खोई का प्रभावी ढंग से उपयोग किया है। 9,500 मेगावाट की क्षमता के साथ, चीनी क्षेत्र अपने हरित ऊर्जा सह-उत्पादन बुनियादी ढांचे से लगभग 10,000 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर रहा है। ड्रिप सिंचाई के बढ़ते उपयोग और एकीकृत चीनी परिसरों में पानी के कुशल उपयोग के कारण चीनी मिलों द्वारा पानी का उपयोग कम हो रहा है। यह क्षेत्र कार्बन क्रेडिट अर्जित करने और मुद्रीकरण करने के उद्देश्य से इन सभी पहलों का उपयोग करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। इस प्रकार यह क्षेत्र नेट जीरो उत्सर्जन की दिशा में सीओपी 26 समझौतों के तहत भारत के लक्ष्यों को पूरा करने में सार्थक योगदान दे रहा है।

चीनी मिलों का मुनाफा बढ़ने से दो प्रमुख हितधारकों- किसानों और उपभोक्ताओं को भी फायदा हुआ है। चीनी मिलों के नकदी प्रवाह में सुधार से किसानों के गन्ने के बकाये का भुगतान तेजी से हुआ है। उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि 1 जुलाई, 2020 तक 73 प्रतिशत गन्ना बकाये का भुगतान किया जा चुका था, जबकि इस वर्ष इसी तारीख तक किसानों को 90.8 प्रतिशत बकाये का भुगतान किया जा चुका है। चीनी की घरेलू कीमतों में स्थिरता के कारण उपभोक्ताओं को भी लाभ हुआ है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीनी की कीमतें अप्रैल, 2023 में 11 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं, जबकि घरेलू स्तर पर खुदरा कीमतें 3 प्रतिशत से कम की मामूली मुद्रास्फीति के साथ स्थिर रही हैं। इसके विपरीत, पड़ोसी देशों में खुदरा कीमतें भारत की तुलना में दो से चार गुना तक अधिक हैं।

राजस्व के अतिरिक्त स्त्रोतों और हरित ऊर्जा केंद्र के रूप में परिवर्तन के साथ, चीनी क्षेत्र कहीं अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर हो गया है। यह अनुकूल नीति से संबंधित पारिस्थितिकी तंत्र से सहायता प्राप्त हितधारकों के ठोस प्रयासों के कारण संभव हुआ है।

(लेखक केन्द्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव हैं।)

सावन में वायु भी गुनगुनाती है शिव संकल्प



हृदयनारायण दीक्षित

भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के सम्वाद से भरापूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकत्र्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। लेकिन शिव सब जानते थे।

सावन शिवार्चन और नीराजन आराधन का मास है। तब मेघ भी उतर आते हैं -शिव आराधक होकर। सुनता आया हूं कि शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। शिव के माथे पर सोम चन्द्र हैं। ऋग्वेद के ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सावन वनस्पतियों के युवा हो जाने का काल है। झमाझम वर्षा का महीना। वायु भी शिव संकल्प सूक्त गुनगुनाते हुए बहती है और रुकती है उमस सहित तो शिव का रूद्राभिषेक करने के लिए। सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं। वनस्पतियां और औषधियां उगती हैं। खिलती हैं। खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का। पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। सोमवार को शिव आराधन की मुहूर्त जाना गया है। ठीक भी है। हमारे समाज में भी प्रतिष्ठित लोग सप्ताह में एक दिन खुलकर मिलते हैं। बाकी दिन व्यस्त रहते हैं। शिवभक्तों को सोमवार प्रीतिकर है। शिव भी सोमवार का दिन भक्तों के लिए ही खाली रखते होंगे। नहीं जानता सच। एक बार सावन का अंतिम सोमवार था। मैंने समूची वाराणसी को सोम शिव पाया। बम भोले और हर-हर महादेव की गूंज। लोक आह्लाद का आनंद। पौराणिक शिव बड़े आकर्षक हैं। बैल की सवारी और पार्वती मां से बतरस। 'विज्ञान भैरवतंत्र' में शिव और पार्वती के मध्य गहन दार्शनिक संवाद का उल्लेख है। हमारी अपनी प्रिय बचपने से ही हमारे मन को वात्सल्य रस देने वाली सई नदी हमारे गांव के पास ही शिव सीढ़ी का जलाभिषेक करती है। जलराशि निरंतर घटी है पर भाव राशि का क्या कहना? यहां भवरेश्वर शिव मंदिर में सावन के सोमवार लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। लोकमन हर-हर महादेव हो जाता है। ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धन' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे



का फल। शिव मस्त-मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकत्र्ता। श्रीकृष्ण के पास बांसुरी तो शिव के पास डमरू। बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे तो डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकर हो जाते हैं लेकिन यही रूद्र शिव हैं। ऋग्वेद में 'जो रूद्र है, वही शिव भी है।' त्रिशूल उनका हथियार। सोचता हूं कि ये तीन शूल क्या हैं? ये दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट तो नहीं हैं? या भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुख हारी हैं - त्रिशूल धारक जो हैं। लेकिन सोचने से मन नहीं भरता। मन यहां, वहां, जहां, तहां भागता ही है। शिव संकल्प मंत्र दोहराता हूं- 'हमारा मन भागता है। यहां वहां। ऐसा हमारा मन शिव संकल्प से भरापूरा हो- तन्मे मनः शिव संकल्पं अस्तु।' मैं राजनीति में हूं सो मंच, माला, माइक का त्रिशूल भीतर बहुत गहरे तक धंसा हुआ है। कह सकता हूं कि मैं भी त्रिशूलधारी हूं। सोम सामने है, भीतर ओम है। लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम् की अनुभूति नहीं। पढ़ा सुना काम आता नहीं। करूं तो क्या करूं? ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था त्र्यम्बक रूद्र को - हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो। मैं भी डंठल से चिपका हुआ पका फल हूं। शिव निर्णय लें कि 'उवरिक्मिव मृत्योरमोक्षीय' कब करना है?

भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के सम्वाद से भरापूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकत्र्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। लेकिन शिव सब जानते थे। वे प्रतिपल यत्र-तत्र सर्वत्र उपस्थित हैं। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप है। चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। शरद् चन्द्र की पूनो शिव रस सोम की ही वर्षा करती है। शिव ने सनत कुमारों को बताया कि, 'उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दायां नेत्र है और बायां चन्द्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं। सूर्य की अपनी प्रिय राशि सिंह है। चन्द्र की कर्क है। सूर्य इस यात्रा में कर्क से सिंह क्षेत्र में पहुंचते हैं। तब बड़ा शुभ मुहूर्त बनता है। ऐसी संक्रांति सावन मास में पड़ती है। सो शिव को सावन प्रिय है।' सावन है भी मनभावन। तब धरती और आकाश मधुरसा हो जाते हैं। शिव का सावन प्रेम तरल सरल ही तो है। श्रीकृष्ण को बसंत ऋतु प्रिय है और मार्गशीर्ष-अगहन का मास। लेकिन शिव की बात निराली है। ऋतुराज बसंत में पृथ्वी और वायु का चरम आनंद है। सावन में पांचों महाभूत - क्षिति, जल, पावक और गगन समीर भी मधुरसा हो जाते हैं। आकाश में मेघ गर्भ धारण करते हैं। धरती हरीतिमा के परिधान धारण करती है और प्रियतमा हो जाती है। धरती माता और आकाश पिता की प्रीति परवान चढ़ती है। आकाश मेघ भेजते हैं, धरती लहालोट होती है। वायु सोम तरंग लेकर बहती है। आकाश इन्द्रधनुष रचता है। लोक लहक उठता है। संसार क्षर से क्षर की यात्रा है। भौतिक से भौतिक की ओर लेकिन जीवन में भौतिक के साथ चेतन भी है। अन्तर्यात्रा भौतिक से चेतन की यात्रा है। स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा। पत्ती, पुष्प से पेड़ और पेड़ से जड़ की यात्रा सुगम है। जड़ें देखते ही बीज का ध्यान आता है। फूल का पकना ही बीज है। बीज के भीतर अनंत संभावनाएं हैं। फिर पेड़, शाखा, पत्तियां और फूल। फिर-फिर बीज। ओम् बीज के भीतर की प्राण शक्ति है और सोम इसी बीज का पल्लवन पुष्पन। ऋग्वेद में सोम पर पूरा एक मण्डल है। सोमवार हर सातवें दिन उन्हीं की स्मृति दिलाता है। सोम से ओम् की यात्रा शिव है। परम चरम आनंद है। यहां कोई भौगोलिक दूरी नहीं। सोम और ओम् साथ-साथ हैं। सोम शिव के ललाट पर हैं ही। शिव रूपक का सोम प्रतीक बड़ा प्यारा है। ऋग्वेद में सोम को पृथ्वी का निवासी बताया गया है। सोम असाधारण देवता हैं। वे जलों के पुत्र हैं और आनंददाता हैं। शिव भोले शंकर हैं। औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। गण देवता गणेश स्वाभाविक ही उनके पुत्र हैं। वे रूद्र शिव एशिया के बड़े भूभाग में प्राचीन काल से ही उपासित हैं। शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर के मन में शिव जिज्ञासा थी। शर शैय्या पर लेटे भीष्म से उन्होंने तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, 'शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। ब्रह्मा, विष्णु और इन्द्र के सृष्टा हैं। वे प्रकृति से परे और पुरुष से विलक्षण हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता।' फिर अर्जुन से कहा, 'रूद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत को व्याप्त किया है।' यहां श्रीकृष्ण के विराट का कारण भी शिव तत्व का बोध है। मैं शिव तत्व से अपरिचित हूं पर देवतंत्र का रसिया हूं। योग और तप से परिचित नहीं लेकिन भारत के मन के साथ मन मिलाते हुए ऐसे देवों के देव महादेव को नमस्कार करता हूं।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

भगवान शंकर बोले तो त्रिलोक कपूर

अजय कुमार शर्मा

एक बार शराबबंदी को लेकर दंगा हुआ, जिसमें करीब 200 लोग मारे गए। जुलूस में त्रिलोक भी शामिल हुए थे। उनकी सुरक्षा की दृष्टि से पिता ने पृथ्वीराज को त्रिलोक को भी अपने पास बुला लेने के लिए कहा तो इस तरह उनका भी फिल्मों में प्रवेश का रास्ता खुल गया।

बॉलीवुड के अनकहे किस्से

हिंदी फिल्मों में चालीस और पचास के दशक को पौराणिक और धार्मिक फिल्मों की अनेक यादगार फिल्मों के लिए जाना जाता है। उस समय के कई अभिनेता और अभिनेत्रियों को उनके धार्मिक किरदारों के रूप में ऐसी पहचान मिली की उनके कैलेंडर और पोस्टर घर-घर में लगे और उन्हें देवी-देवताओं के प्रतीक के रूप पूजा जाने लगा। शोभना समर्थ सीता के रूप में, कृष्ण के रूप में शाहू मोडक, राम के रूप में प्रेम अदीब, पार्वती के रूप में निरूपा राय, हनुमान जी के रूप में दारा सिंह आदि। इसी क्रम में एक महत्वपूर्ण नाम है भगवान शंकर के रूप में त्रिलोक कपूर का। त्रिलोक कपूर फिल्म इतिहास के पहला परिवार कहे जाने वाले कपूर परिवार से ही थे। वह पृथ्वीराज कपूर के छोटे भाई थे। तीन मार्च, 1912 को मुल्तान में जन्मे त्रिलोक जी की प्रारंभिक शिक्षा पेशावर में हुई।

पृथ्वीराज फिल्मों में भाग्य आजमाने पहले ही कलकत्ता आ चुके थे। त्रिलोक जी भी उनके पद चिह्नों पर चलते हुए जनवरी, 1933 में कलकत्ता पहुंचे और इंडियन नेशनल थियेटर और द ग्रेट एंडरसन कम्पनी ज्वाइन कर ली। उस दौरान त्रिलोक कपूर ने अपने बड़े भाई के साथ 'सीता' फिल्म में छोटी सी भूमिका भी निभाई। उन्हीं दिनों पृथ्वीराज कपूर कलकत्ता की न्यू थियेटर्स कम्पनी छोड़कर बंबई आ गए। फिर तो त्रिलोक भी बंबई आ गए। यहां उन्हें पहली फिल्म मिली 'चार दरवेश'। इस फिल्म के बाद त्रिलोक ने फिल्मकार हेमचंद्र के सहायक के रूप में कुछ समय तक काम सीखा। उस समय धार्मिक फिल्मों के सबसे बड़े निमार्ता

प्रकाश-पिक्चर्स के विजय भट्ट अभी तक रामायण को अपने बैनर के ब्रॉण्ड की तरह इस्तेमाल कर रहे थे। भट्ट को त्रिलोक कपूर में भगवान शंकर के रूप में नजर आए । उस समय प्रेम अदीब राम के रूप में अपनी सीता शोभना समर्थ के साथ लोकप्रियता के चरम पर थे।

त्रिलोक कपूर की जोड़ी पार्वती बनने वाली अभिनेत्री निरूपा राय के साथ जम गई। फिर तो क्या था फिल्म निमार्ताओं ने शंकर-पार्वती से संबंधित आख्यान पर फिल्मों की लाइन ही लगा दी। वैसे भी उन दिनों ग्रामीण और कस्बाई भारत में इन फिल्मों की सफलता की गारंटी रहती थी। इन फिल्मों के नाम थे, 'हर हर महादेव', 'शिव-कन्या', 'शिव-शक्ति', 'जय महादेव', 'गणेश जन्म', 'गणेश-महिमा' आदि। इनमें से 'हर-हर महादेव' फिल्म ने देश के अनेक शहरों में स्वर्ण जयंती मनाई। बंबई के सेन्ट्रल सिनेमा में तो यह फिल्म हीरक जयंती (डायमंड जुबली) तक बनी रही। शिव-पार्वती यानी त्रिलोक कपूर और निरूपा राय के चित्रों से सारे बाजार धर्ममय हो गए। कैलेण्डर्स की बाढ़ आ गई। जिधर देखो त्रिलोक-निरूपा । लोग उनकी आरती पूजा करने लगे थे।

भगवान शंकर का ठप्पा लगने से त्रिलोक कपूर को तो बहुत मुश्किल हो गई। उन्हें अन्य रोल मिलने बंद हो गए। बीच में उन्होंने अन्य भूमिकाएं प्राप्त कर इस छवि को तोड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह सामाजिक फिल्मों में अपने अग्रज पृथ्वीराज के समान स्थान नहीं बना सके। अपने फिल्मी करियर में त्रिलोक कपूर ने करीब 250 फिल्मों में काम किया, लेकिन अधिकांश फिल्मों की भूमिकाएं छोटी-छोटी सी रही। लेकिन कुछ उल्लेखनीय उपलब्धियां भी है। 'मिर्जा साहिबा' (1947) में वह मशहूर गायिका अभिनेत्री नूरजहां के हीरो बने थे, जो विभाजन के बाद पाकिस्तान चली गई। उन्होंने 'उम्मीद पे दुनिया जीती है' नामक फिल्म का निर्माण करना चाहा था, जिसके लिए जयश्री-शांताराम की बेटी राजश्री को अनुबंधित किया था, लेकिन उसके अमेरिका चले जाने से फिल्म डिब्बे में बंद हो गई। उन्होंने 'कच्चे धागे', 'नहले पे दहला' और राजकपूर की 'राम तेरी गंगा मैली' फिल्मों में भी काम किया। उनकी आरंभिक फिल्मों में 'धूपछांव' (1935), 'अछूत' (1940), 'आंख की शर्म' (1943), 'आईना' (1944), 'नल- दमयंती' और 'कृष्णार्जुन-युद्ध (1945), 'आनंद-भवन' और 'राजरतन' (1953) भी कुछ अलग थीं।

चलते-चलते

त्रिलोक कपूर के पिता गांधीजी के अनुयायी थे। अंग्रेजों के खिलाफ होनेवाले आंदोलनों की योजना उनके घर पर ही बना करती थी। एक बार शराबबंदी को लेकर दंगा हुआ, जिसमें करीब 200 लोग मारे गए। जुलूस में त्रिलोक भी शामिल हुए थे। उनकी सुरक्षा की दृष्टि से पिता ने पृथ्वीराज को त्रिलोक को भी अपने पास बुला लेने के लिए कहा तो इस तरह उनका भी फिल्मों में प्रवेश का रास्ता खुल गया। फिल्मों से दूर होने के बाद त्रिलोक कपूर समाज कल्याण की अनेक संस्थाओं से लगातार जुड़े रहे। कुछ समय के लिए उन्होंने विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट का पद भी संभाला। 23 सितंबर, 1988 को वे हमारे बीच नहीं रहे।

(लेखक, वरिष्ठ कला-संस्कृति व साहित्य समीक्षक हैं।)

एक नजर

टोल प्लाजा में स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया को लेकर बैठक संपन्न



नवप्रदेश, चंदवारा। उरवां डीवीसी फोर्म में मदनगुंडी में प्रस्तावित टोल प्लाजा में स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया एवं कोडरमा/हजारीबाग जिला के वाहनों को टोल टैक्स मुक्त को लेकर पूर्व प्रमुख लीलावती देवी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित स्थानीय लोगों के द्वारा विचार विमर्श करते हुए निम्न प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में सर्वप्रथम एक जागरूकता समिति का गठन किया गया। जो मुख्य रूप से कोडरमा जिला हजारीबाग जिला के मुख्य प्रभावित गांवों में जाकर लोगों को भी प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ते हुए आगे की रूपरेखा तैयार करने में सहायक हो। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति की अगली बैठक संयोजक युवा नेता कृष्णा यादव के द्वारा दिनांक 24 जुलाई 2023 को प्रस्तावित टोल प्लाजा के समीप में 11:00 बजे दोपहर से होगी। मौके पर महेंद्र यादव, राजू यादव, बीरेंद्र यादव, शीतल यादव, सैयद इबरार, मो० अनवर, मनोज पासवान, रामदेव यादव, दिनेश यादव, नंदू राणा, देवनारायण शर्मा, अशोक सिंह, कृष्णा यादव, रामविलास पासवान, रामपरसाद यादव, त्रिभुवन यादव, परमेश्वर यादव, रविन्द्र यादव, भोला यादव, गणेश साव, महेंद्र यादव, सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

बीपीएम नितेश कुमार के तबादला होने को लेकर महिला सदस्यों ने किया विदाई

नवप्रदेश, मरकच्चो। प्रखंड स्थित तेलोडीह पँचायत भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नितेश कुमार का मरकच्चो प्रखंड से इसी जिले के जयनगर प्रखंड के लिए तबादला होने को लेकर विभाग में कार्यरत महिला सदस्यों ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर मनाए विदाई सामारोह। वहीं इस दौरान सदस्यों ने कार्यक्रम के सुरुवात में बीपीएम नितेश कुमार को बुके देकर सम्मानित करने के पश्चात एक से बढ़कर एक उपहार भी पेश किये। जहां केक काटकर सभी सदस्यों को वितरण भी कियागया। वहीं इस दौरान बीपीएम नितेश कुमार ने बताया की सन 2017 ई. के मई महीने में हमने मरकच्चो प्रखंड में अपना योगदान दिया था। और इसबीच करीब छह वर्ष से भी अधिक दिनों तक हमने परकच्चो प्रखंड के सभी पंचायतों के महिला सदस्य के सहयोग से कार्य करने का काम किया जहां आजतक प्रखंड के सभी पंचायतों के एम्बिके और सक्रिय दीदियों ने बिल्कुल ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक कार्य करने का काम किया। जिसे हमें भी यहां कार्य करने में काफी उत्साह मिलते रहा। और जैसा की सरकारी सिस्टम बनाहूवा है की जो कोई भी पदाधिकारी किसी भी पोस्टपर आकर कार्य करता है उसे एक न एक दिन स्थानांतरण होकर जाना ही पड़ता है। ठीक उसी नियमानुसार हमारा भी तबादला हुवा है और हमें जाना पड़ रहा है. इसलिए नॉकरी में लोगों का आनाजाना लगा रहता है। जो सर्व विदित है। मौके पर एम्बिके दीदी सुनीता देवी, शिला देवी, प्रेमा देवी, सक्रिय दीदी बबिता देवी, कंचन देवी, सबिता देवी, सचिव अंजना देवी, सीएलएफ दीदी संगीता देवी, डीओ प्रभात कुमार समेत दर्जनों दीदियां लोग मौजूद थे।

मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रखंड परिसर में सिलाई सेंटर का उद्घाटन

सतगावां। प्रखंड परिसर में शनिवार को राज्य में संचालित किए जा रहे मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा सतगंवा के ब्लॉक कैंपस में ऑनलाइन माध्यम से जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा किया फीता काट कर किया गया। मुख्यमंत्री ने उदघाटन के समय बिरसा में ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षु को घर से आने जाने के लिए 1000/- एवं ट्रेनिंग के बाद 3 महीने तक रोजगार उपलब्ध न होने पर युवतियों को 1500/-जबकि युवक को 1000/- रुपया देने की भी घोषणा की। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ ओरांव और सरकारी हॉस्पिटल के प्रभारी सत्यनारायण भकत ने प्रशिक्षु से रोज उपस्थित होकर क्लास करने और ट्रेनिंग के बाद रोजगार पाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की। बिरसा योजना को संचालित कर रहे संचालक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सिलाई का प्रशिक्षण लगभग 4 महीने का है जो गरीब और असहाय लोगो को प्रशिक्षण के बाद रोजगार दिलाकर बिखरती आशाओं को फिर से जागृत करना है। उदघाटन समारोह में लगभग 250 कैंडिडेट ने बिरसा से उम्मीद लिए अपने सपनो को साकार करने के लिए साक्षी बने थे जिसमें संचालक महोदय ने सबको रोजगार देने का वादा किया। इस मौके पर के परियोजना सहायक जला संचालन) अजीत कुमार, सुकृति लाल ने के तरफ से भाग लिया एवम महेंद्रा स्किल ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट सेंटर के मौके पर शाखा संचालक शैलेंद्र कुमार सिंह, ऑपरेशन हेड निलेश कुमार, रंजीत कुमार इत्यादि उपस्थित रहें।

सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता का आयोजन

नवप्रदेश, डोमचांच। सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट का प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। टूनार्मेंट का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। खेल प्रतियोगिता में डोमचांच प्रखंड के विभिन्न स्कूलों से अंडर- 17 के बालक एवं बालिका तथा अंडर 14 के बालक वर्ग ने भाग लिया। बालक वर्ग में अंडर 14 के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय बागरीडीह, तथा अंडर-17 में बालक वर्ग में सीएम प्लस टू उच्च विद्यालय डोमचांच, एवं बालिका वर्ग में प्लस टू उच्च विद्यालय मसमोहना विजयी रहा। प्रमुख सत्यनारायण यादव द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड एवं मैडल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीपीओ प्रभु देव, राजेश्वर पांडे, नूतन पांडे, मनोहर यादव, राजीव कुमार, बालमुकुंद ब्रह्मचारी, दिलीप कुमार, आलोक कुमार, विजय कुमार, अभय सिंह इत्यादि का मुख्य भूमिका रही। खेल का संचालन विजय कुमार एवं उनके सहयोगी ने किया। प्रखंड स्तर के विजेता टीम जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

अपने परिवेश को स्वच्छ और हरा-भरा रखना हमारी जिम्मेदारी है और हम सभी का कर्तव्य है: ज्योति पांडेय

मेदिनीनगर पलामू। भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण एवम संवर्धन के लिए पौधा वितरण कार्यक्रम सदर मण्डल के जोड़ गांव में चलाया गया। इस अवसर पर ज्योति पांडेय ने बताया कि अपने परिवेश को स्वच्छ और हरा-भरा रखना हमारी ज़िम्मेदारी है और हम सभी को ऐसा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहिए, ताकि हम अपनी धरती माँ को बचा सकें और खुशी से रह सकें।हम सबों को अपने आने वाले कल को बचाने के लिए आज से शुरूआत करने की जरूरत है। ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधों को लगाने से ही स्वच्छ और सुंदर वातावरण का निर्माण होगा इस अवसर पर कई तरह के फलदार वृक्षों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री श्वेतांक गर्ग, विपुल गुप्ता, उपाध्यक्ष रोहित शर्मा, अश्वमेघ पांडेय, ओम शर्मा, कुंदन, बब्लू यादव आदि उपस्थित रहे।

ए के सिंह कॉलेज में वित्तीय अनियमितता एवं व्याप्त भ्रष्टाचार के मामले में गवर्नर ने लिया संज्ञान

आदेश के बाद एनपीयू ने किया जांच कमिटी का गठन

हुसैनाबाद पलामू। एनपीयू अंतर्गत एके सिंह कॉलेज जपला में विश्वविद्यालय नियमों-परिनियमों को ताक पर रखकर प्रभारी प्राचार्य एवं प्रबंधन द्वरा अवैध वित्तीय अनियमितता बरतने के मामले में विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सह राज्यपाल ने गंभीरता से लेते हुए नि पी विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर को जांच का आदेश दिया है। राज्यपाल सचिवालय द्वारा जारी आदेश के पत्रांक एनपीयू-01/2023-1118/ जीएस, दिनांक12 अप्रैल 23 के परिपेक्ष्य में निपि विश्वविद्यालय के कुलपति ने एक जांच कमिटी का गठन कर वित्तीय अनियमितता की जांच कर अतिशीघ्र जांच प्रतिवेदन जमा करने का आदेश दिया है। इस आशय की एक अधिसूचना मेमो नंबर-355 के तहत रजिस्टार द्वारा 13 जून को ही जारी की गई है। एक माह बीत जाने के बाद भी जांच कमिटी के अध्यक्ष गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य एवं सदस्य में डॉ के सी झा प्रॉक्टर एनपीयू डॉ गजेंद्र सिंह गणित विभागअध्यक्ष एवं सचिव डॉ रजि खान एडीशनल रजिस्टार एनपीयू को बनाया गया हैं लेकिन जांच प्रक्रिया अभी चालू नही हुई हैं। शिकायतकर्ता द्वारा जिन आठ बिन्दुओं पर जांच की मांग की गई है उसमें विश्वविद्यालय के अधिकारियों की भी संलिप्तता का आरोप है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि कॉलेज में झारखंड विश्वविद्यालय अधिनियम 2000 की धारा 60 (1) का उल्लंघन कर अपूर्ण एवं अवैध शासी निकाय का गठन किया गया है जिसे निपि विश्वविद्यालय द्वारा अघोषित सहमति प्राप्त है। पत्र में आरोप है कि कॉलेज में कार्यरत सहायक प्राध्यापक सुधीर कुमार सिंह ने एक ही कालखंड एवं समय में इस कॉलेज के अलावे रेहला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी इंटर कॉलेज में भी अध्यापन कार्य कर मानदेय एवं सरकारी अनुदान की राशि का भुगतान प्राप्त किया है। एके सिंह कॉलेज के तत्कालीन प्रबंध कमिटी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए श्री सिंह का मानदेय स्थगित कर दिया था। किंतु वर्तमान प्रभारी प्राचार्य ने अवैध तरीके से लगभग 6 लाख रुपये का एकमुश्त भुगतान कर दिया। इसी प्रकार कॉलेज में कार्यरत सहायक प्राध्यापक रामसुभग सिंह एवं अशोक कुमार सिंह एक ही कालखंड एवं समय पर दूसरे संस्थान में भी कार्यरत थे और उन संस्थाओं से मानदेय का भुगतान प्राप्त कर रहे थे। एक बीपीओ के पद पर तो दूसरा पारा शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। इसकी पुख्ता जानकारी मिलने पर तत्कालीन प्रबंध कमिटी ने दोनों को बर्खास्त कर दिया था। किंतु घोर आश्चर्य की बात तो यह है कि बाद में उन्हें दोषमुक्त कर सेवा में पुनः नियमित करते हुए बर्खास्त अवधि का भी मानदेय का भुगतान कर दिया गया। कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार का आलम यह है कि प्राचार्य ने कॉलेज की राशि से अपने नाम पर एक बोलेरो वाहन का क्रय कर लिया जिसके नाम पर अबतक लाखों रुपये फिजूल खर्च कर दिया गया जो गरीब विद्यार्थियों के फीस की रकम थी। बाद में इस वाहन को कॉलेज के नाम पर हस्तांतरण कर दिया गया। स्थानीय मीडिया को जांच कमिटी के चेयरमैन खालको ने बताया कि सरकार से आदेश पर विश्वविद्यालय द्वरा जांच कमिटी बनी हैं जो अभी जांच का विषय हैं मुझे हर बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच करना है, छात्रों का पैसा का दरुपयोग करने का अधिकार किसी को नही हैं।

मणिपुर हिंसा को लेकर भाकपा माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च

नवप्रदेश, जयनगर। माले प्रखंड कमेटी की ओर से पिपचो बाजार से पेट्रोल पंप तक प्रतिवाद मार्च किया गया मार्च का नेतृत्व पार्टी के प्रखण्ड सचिव अशोक यादव, मध्य जोन लोकल कमेटी सचिव असगर अंसारी कर रहे थे यह मार्च बाजार होते होते चौक पर सभा मे तब्दील हो गया सभा को संबोधित करते हुए पार्टी जिला सचिव राजेंद्र मेहता, एक्टू जिला सचिव विजय पासवान ने कहा कि मणिपुर पिछले दो महीने से जल रहा है वहाँ सैकड़ो हत्याएं हो रही है। और ये भाजपा के डबल इंजन की सरकार तमाशबीन बनी हुई है। इतना ही नही जब पिछले दो दिन पहले एक ऐसा वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल हुआ जो कि पूरे देश को राष्ट्रीय शर्मसार कर दिया और आज पूरे देश मे इस मोदी सरकार के खिलाफ एक आक्रोश बना हुआ है। उक्त विडियो में आदिवासी समुदाय के दो महिलाओं को पूरा निवस्त्र कर परेड करवाया जा रहा है और भीड़ द्वारा उन महिलाओं के साथ क्रूरता पूर्वक छेड़छाड़ एवं गुप्तांगों में भी हाथ लगाया जा रहा है और आरोप है कि उक्त महिलाओं के साथ सामुहिक बलात्कार भी किया गया है और ये घटना तब हुई जब देश के गृहमंत्री अमित शाह और मणिपुर के मुख्यमंत्री ने एक सभा किया। राज्य कमेटी सदस्य मोहम्मद इब्राहिम, जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव ने कहा विडियो से साफ साफ पता चलता है कि भाजपा के शासन काल मे ऐसे रेपिष्टों और विभत्सक घटनाओं को अंजाम देने वाले तत्त्वों का मन बढ़ा हुआ है। और ये तब बढ़ा हुआ है जब गुजरात विल्किस बानो के रेपिष्टों को अमृतकाल का हवाला देते हुए बाइज्जत बरी कर दिया गया। आदिवासी, दलित, पिछड़े अल्पसंख्यकों पर हमला और अत्याचार इस कदर बढ़ा हुआ है कि आपने देखा कि मध्यप्रदेश में एक भाजपा नेता के द्वारा एक आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब तक कर दिया जाता है। इसलिए पूरे देश मे एक आक्रोश का माहौल है और ये आक्रोश भाजपा जैसे जुमला फैलाने वाली पार्टी को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। प्रतिवाद मार्च को चांद अख्तर, कौलेशवर राणा, हकीम खान, इस्लाम अंसारी, शहादत अंसारी, देवानंद सिंह, शंभू नाथ वर्मा, श्रीकांत ठाकुर, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

मणिपुर की घटना ने किया मानव समाज को शर्मसार मुख्यमंत्री और गृहमंत्री दे इस्तीफा: सीपीआई

मेदिनीनगर पलामू। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने भाजपा शासित प्रदेश मणिपुर तकरीबन ढाई महीने से हो रही हिंसा और महिलाओं के साथ हुई घटना पर चिंता व्यक्त किया है और इसे मानवता को शर्मसार करने वाला कृत्य बताया। उन्होंने कहा कि यह विदित है कि आज भाजपा शासित प्रदेश मणिपुर में कई महीनों से हिंसा चल रहा है,दो समुदायों के बीच आपसी लड़ाई चल रही है परंतु देश के प्रधानमंत्री मोदी जी का विदेश दौरा चल रहा है और कॉरपोरेट मित्र अडानी और अंबानी का जंगल में प्लांट लगवाकर के जंगल में रहने वाले लोगो को उजाड़ने का काम कर रहे हैं,लेकिन वे इतने दिन तक खामोश रहे परंतु मणिपुर पर पूरी तरह से चुप्पी साधे रहे और उनका बयान नहीं आया। बोले भी तो केवल 36 सेकंड के लिए। श्री तिवारी ने कहा कि उन महिलाओं के साथ यह घटना 3 मई 2023 को ही घटित हो गई 2 महीने बाद जब वीडियो वायरल हुआ और इस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया तब प्रधानमंत्री अपना चुप्पी तोड़ते हैं, जो निन्दनीय है। नैतिकता के आधार पर मणिपुर के मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही सभी दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा के साथ सुरक्षा की भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मांग करती है एवं लोगों से शांति की अपील करती है।

राष्ट्रीय ध्वज दिवस पर घर-घर तिरंगा अभियान का अलख जगाया : शौकत खान

गढवा पलामू। देश दुनिया के भारतीय नागरिकों के लिए गौरव का दिन है क्योंकि आज ही के दिन 1947 में भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को अपनाया गया है और उसी दिन से तिरंगा की सम्मान हर भारतीय के साथ साथ और भी देश के लोग करते हैं और हर वर्ष 22 जुलाई को बहुत सारे कार्यक्रम देश में में आयोजित कर भारतीय ध्वज दिवस मनाया जाता है और आज इस खास मौके पर राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक शौकत खान सेना और शहीदों के सम्मान में दस वर्षों से लगातार राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह आयोजित कर अब तक दो लाख से अधिक नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज भेटकर और शहीदों के सम्मान में घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा कि नारा लेकर दस वर्ष पहले अकेले निकल चुके थे और आज कहीं ना कहीं भारत सरकार ने शौकत खान के सपने और नेक सोच को साकार कर दिया और आजादी कि 75 वीं अमृत महोत्सव में घर घर तिरंगा अभियान कि शुभारंभ कर पुरे भारतवर्ष को तिरंगा तिरंगा कर देश का मान सम्मान और भी बढ़ा दिया इस ऐतिहासिक पल से प्रफुल्लित होकर शौकत खान ने भी अनेक कार्यक्रम राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह पर आयोजित कर देश भर के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुकें हैं और शौकत खान के बहुत सारे पदाधिकारी अखबार और न्यूज के लोगो के साथ बहुत सारे गण्यमाण नागरिकों के ये है तिरंगा वाले शौकत भाई जान के रूप में इन्हे नया नाम दिया और बात करें शौकत खान के द्वारा राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजन का तो ये हर वर्ष 15 अगस्त 26 जनवरी ईद और दीपावली के मौके पर अनेक कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं।

सतगावां में डालसा द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

नवप्रदेश, सतगावां। प्रखंड सह अंचल सभागार में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं इस राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ललिता देवी एवं वही कार्यक्रम का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने किया। वही इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ बैद्यनाथ उरांव, प्रमुख ललिता देवी, जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, विधायक प्रतिनिधि धन्नजय यादव,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, बीस सूत्री महिला मोर्चा के सदस्य ब्युटी कुमारी, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी विजय शंकर, बासोडीह मुखिया अनिता देवी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुई। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने बताया की गांव घर की छोटी मोटी लड़ाई झगड़ा का केस इस राष्ट्रीय लोक अदालत में समाप्त किया सकता है। हाल फिलहाल में ईटाय पंचायत में रहने वाले एक व्यक्ति की मौत दूसरे राज्यों में गया था। रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण उस व्यक्ति का लाश वही जला दिया गया अगर उस व्यक्ति का निबंधन कराया रहता तो उस व्यक्ति का लाश घर लाया जाता लेकिन निबंधन नहीं होने के कारण उसका लाश यहां पर नहीं आया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की अगर आप बाहर कमाने जाते हैं तो अपना निबंधन करा करके जाए। वहीं उन्होंने कहा राष्ट्रीय लोक अदालत में कोई भी अपने लंबित मामलों, जिनमें दुर्घटनाओं के दावे, चेक बाउंस, बैंक वसूली आदि मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से सुलझा सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत विवादों के निपटान का प्रभावी तरीका है, जिससे लंबित मामलों में कमी आ सकती है। लोक अदालत कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की दिखा उदासीनता प्रखंड स्तरीय लोक अदालत कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख,जिला परिषद सदस्य, बसोड़ीह पंचायत के मुखिया अलावे कोई भी पंचायत प्रतिनिधि नहीं दिखे, जिसे उपस्थित जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी और बीस सूत्री सदस्य ब्यूटी कुमारी ने नाराजगी जाहिर की।

खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

बालक वर्ग अंडर 17 में उत्क्रमित उच्च विद्यालय अंगार ने परचम लहराया

बालिका वर्ग अंडर 17 में और अंडर 14 में राज्य संपोषित+2उच्च विद्यालय में परचम लहराया

नवप्रदेश, सतगावां। प्रखंड के अर्धनिर्मित ब्लॉक मैदान में शनिवार को खेलो झारखंड के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय प्री सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूनार्मेंट का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी वैद्यनाथ उरांव, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रखंड स्तर पर कुल आठ टीमों ने भाग लिया जिसमे सबसे पहला लीग मैच बालिका वर्ग से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सतगावां और राज्य संपोषित +2उच्च विद्यालय बासोडीह के बीच खेला गया जिसमे बासोडीह की टीम ने पैनाल्टी के तहत कस्तूरबा पर एक गोल से जीत हासिल किया। सुबह 9 बजे से ही सभी टीमों के बीच दिनभर मैच चला जिसके बाद प्रखंड स्तर पर बालिका वर्ग अंडर 17 से राज्य संपोषित+2उच्च विद्यालय बासोडीह की टीम ने फाइनल में जीत दर्ज कर अव्वल रहा जबकि बालक वर्ग से अंडर 17 से उत्क्रमित उच्च विद्यालय अंगार की टीम ने पेनाल्टी शूट के माध्यम से 1 गोल से जीत दर्ज किया। वहीं प्रखंड स्तर पर अंडर 14 बालक वर्ग में फाइनल मैच राज्य संपोषित +2उच्च विद्यालय बासोडीह और उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरडीहा के बीच खेला गया जिसमे बासोड़ीह की टीम ने जीत कर प्रखंड स्तर पर अपना परचम लहराया। शिक्षा पदाधिकारी शेख शकील अहमद और बीपीओ अशोक उपाध्याय के द्वारा सभी विजेता और उप विजेता टीम को

प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। रेफरी सुरेंद्र पांडेय का मुख्य योगदान रहा। जिनका साथ सीताराम कुमार ने दिया। मंच का संचालन व उद्घोषक के रूप में प्रणव मुरारी ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। मौके पर बीआरपी मो. शहजाद, बीरेंद्र कुमार, सीआरपी संतोष कुमार,राजेंद्र प्रसाद, रिसोर्स शिक्षक सुजीत कुमार, शिक्षक अमित बास्के, अनिरुद्ध प्रसाद,अजीत कुमार, राजेश कुमार, कन्हैया कुमार, बिनोद कुमार, जवाहर प्रसाद, संतोष रजक, शाहिद सलीम, संजय पांडेय, रविशंकर कुमार आदि मौजूद थे।

दहेज हत्यारोपी पति को 10 वर्ष की सजा

मेदिनीनगर पलामू। जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्यारोपी पति मुकेश कुमार यादव को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वही पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में लेस्लीगंज थाना के बनुवा निवासी तेतर यादव ने मुकेश कुमार यादव, पटन यादव, बसंती देवी व रीना कुमारी के विरुद्ध लेस्लीगंज थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। जो लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 9/2019 तिथि 20 जनवरी 2019 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी/34, 302/34, 201/34 के तहत दर्ज किया गया था ।न्यायालय में मृतिका के पति मुकेश कुमार यादव, ससुर पटन यादव, सास बसंती देवी, के विरुद्ध ट्रायल चल रहा था। इसमें सास, व ससुर को निर्दोष पाकर रिहा किया गया हैं। वहीं मुकेश कुमार यादव को साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाया है। वही पांच हजार रुपये अर्थदण्ड लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

माले जयनगर प्रखंड कमेटी की बैठक संपन्न

नवप्रदेश, जयनगर। माले प्रखंड कमेटी की बैठक पिपचो बाजार के यात्री सेड पर प्रखंड सचिव अशोक यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में माले के पूर्व जिला सचिव महेंद्र दास के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा रिपोर्ट पेश किया गया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया आगामी कार्यभार लिया गया जिसमें 27 जुलाई तक सभी ब्रांचों का गठन पूर्ण कर लेना है। पार्टी के संस्थापक पूर्व महासचिव कॉमरेड चारु मजूमदार का 51वाँ शहादत दिवस 28 जुलाई को मनाया जाएगा। जिला सचिव राजेंद्र मेहता, राज्य कमेटी सदस्य मोहम्मद इब्राहिम, विजय पासवान ने कहा पार्टी लोकल कमेटी- पर जोर देना जारी रखना चाहिए। जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव, असगर अंसारी ने कहा मोदी हुकूमत के पिछले नौ सालों में भारत की जनता ने जबर्दस्त प्रताड़ना झेली हैं. अगस्त 2019 से जम्मू-कश्मीर में जो हुआ और मणिपुर में मई 2023 से जो हो रहा है, वो कोई अलग-थलग मामलों के उदाहरण नहीं हैं; अगर यह भाजपा राज और प्रभुत्व जारी रहा तो पूरे भारत में क्या होगा, इसकी झलक हमारे सामने है। बैठक में कालेश्वर राणा, चांद अख्तर, रामचंद्र साव, असगर अंसारी, इस्लाम अंसारी एक्टू जिला संयोजक विजय पासवान, देवानंद सिंह, कांत ठाकुर, हकिम खान, शहादत अंसारी, रोहित दास सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

सीएम हाई स्कूल में तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवप्रदेश, डोमचांच। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत चंद्रवती मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय, डोमचांच, कोडरमा में तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत छात्र छात्राओं का संवेदीकरण किया गया। बच्चो को तंबाकू से होने वाली हानि के बारे बताया गया और यह बताया गया की किस तरह यह हार्ट फेल को बढ़ावा दे रहा हैं। तंबाकू से मुंह का कैंसर होने के बाद किस तरह उनके परिवार को बर्बाद कर देता है इस बात पर चर्चा की गई। छात्र-छात्राओं के बीच में स्लोगन राइटिंग कंपटीशन करवाया गया जिसमें प्रथम स्थान सोनी कुमारी, द्वितीय स्थान शुभम कुमारी एवं तृतीय स्थान शिवानी कुमारी को प्राप्त हुआ एवं अन्य छात्र छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया. कार्यक्रम के उपरांत छात्र छात्राओं के बीच शपथ भी करवाया गया की वो तंबाकू का सेवन तो नही करेंगे साथ ही अपने परिजनों को इससे होने वाले बीमारियों के बारे में बताएंगे। कार्यक्रम में जिला तंबाकू नियंत्रण टीम के तरफ से जिला परामर्शी दिपेश कुमार एवं सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार के द्वारा एवं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार मिश्रा के द्वारा संपन्न किया गया।

एक नजर

मणिपुर के सीएम नैतिकता के आधार पर अपना त्यागपत्र दे, अन्यथा राज्यपाल उनको बर्खास्त करे : ब्रजेंद्र कुमार सिंह

धनबाद। मणिपुर की घटना पर मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर अभिलंब त्यागपत्र देना चाहिए। आईसीसी के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुशासन समिति के चेयरमैन ने कहा है कि मणिपुर की घटना देश को शर्मसार करने वाली है चुनाव के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी भाषण में कहा था कि मणिपुर को कांग्रेस उसके हाल पर छोड़ दिया है लेकिन देश पूछती है जब मणिपुर जल रहा था तब आप कई विदेशो की या त्रा पर चले गए और मणिपुर पर एक शब्द भी अपना बयान नहीं दिया जब वहां दो युवती को निर्वस्त्र करके जब सड़क पर घुमाया गया तब भी वह संसद के किसी सदनों में बयान तक देना उचित नहीं समझा बल्कि जब लोकसभा और राज्यसभा चल रहा है तो उसके बाहर मीडिया को संबोधित कर कर अपना गुस्सा जाहिर किया और घिसा पीटा बयान दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा कहकर चले गए। अभी देश की मांग है मणिपुर के मुख्यमंत्री अभिलंब नैतिकता के आधार पर अपना त्यागपत्र दें और नहीं देते हैं तो मणिपुर के राज्यपाल को अभिलंब उनकी सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए आज मणिपुर पर बहस ना होकर भाजपा के नेता दूसरे दूसरे राज्यों को उदाहरण बना रहे हैं और मुख्य मुद्दा से पूरे देश का ध्यान भटका ना चाह रहे हैं प्रधानमंत्री को इस पर अभिलंब उचित फैसला लेने का समय आ गया है और उचित कार्रवाई करें।

कछुआ चाल में फाइल बढ़ रही है आगे, जीप उपाध्यक्ष समेत दर्जनों सदस्यों में आक्रोश,अध्यक्ष ने कही ये बात

धनबाद। धनबाद जिला परिषद के मद से जिले में चापाकल लगाने समेत अन्य विकास की किये जा रहे कार्यों में हो रहे विलंब को लेकर जीप सदस्यों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। अपनी तमाम समस्याओं को लेकर जीप सदस्यों ने शनिवार को अध्यक्ष शारदा सिंह के साथ बैठक कर अपनी भड़ास निकाली। बैठक के बाद जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने बताया कि जिला परिषद सदस्यों में खासकर उपाध्यक्ष में इस बात को लेकर नाराजगी है कि उनके क्षेत्र में विकास के जो कार्य हो रहे हैं उसमें काफी विलंब हो रहा है और इसके पीछे सबसे बड़ी वजह विभागीय अभियंताओं की भारी कमी का होना है। महज एक ख ए के ऊपर सभी क्षेत्रों के लिए योजना एवं रोडमैप तैयार करने की जिम्मेवारी है। ऐसे में उन्होंने सरकार से मांग की है कि जिला परिषद में खए एवं अए के खाली पड़े पदों को शीघ्र भरा जाए ताकि विकास के कार्यों में हो रहे विलंब से सदस्यों में नाराजगी ना हो। साथ ही उन्हें जनता को जवाब देना होता है क्योंकि जिस क्षेत्र से वह चुनकर आए हैं जनता उनसे काफी उम्मीद रखती है। बैठक के दौरान बीच-बीच में शोर-शराबा और हंगामा भी देखने को मिला।

गैंगस्टर प्रिंस खान समेत पांच पर मछली व्यवसायी से रंगदारी व जान मारने की धमकी का चिरकुंडा थाना में हुआ मामला दर्ज

धनबाद। धनबाद जिले के चिरकुंडा सोनार डंगाल निवासी मछली कारोबारी रोशन वर्णवाल से रंगदारी व जान से मारने की धमकी पिछले दिनों चर्चित गैंगस्टर प्रिंस खान उर्फ छोटे सरकार द्वारा दिया गया था। मामले में चिरकुंडा पुलिस ने व्यव्सायी की शिकायत पर को गैंगस्टर प्रिंस खान उर्फ छोटे सरकार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। साथ ही शिवलीबाड़ी, सलिका निवासी महताब खान, मैथन निवासी मुकेश सिंह व दो मोबाइल धारक जिससे धमकी दी गयी है के खिलाफ चिरकुंडा पुलिस ने भादवि की धारा 387, 506, 120 बी के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आपको बताते चले कि मोस्ट वांटेड और फरार गैंगस्टर प्रिंस खान के खिलाफ इंटरपोल का रेड और ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी हुआ है. इसकी जानकारी यूएई और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल को इंटरपोल के द्वारा दी गयी है।

पेड़ जीवन के अभिन्न अंग होते हैं : शंकर लाल

गुमला। लायंस क्लब गुमला के द्वारा आज रायडीह प्रखंड के एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय रायडीह मैं आज वृक्षारोपण किया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष शंकरलाल जाजोदिया ने कहा पेड़ जीवन के अभिन्न अंग होते हैं। पुत्र के समान होते हैं, पेड़ है तो जीवन है, हरियाली को देखकर मन खुश हो जाता है, लायंस क्लब सेवा कार्य करने के लिए तत्पर रहती है, आज एसएस प्लस टू स्कूल में चंदन का पेड़, गम्हार, नीम, जामुन, कटहल, आंवला आदि कई पेड़ों को लगाया गया। मौके पर लायंस क्लब गुमला के सचिव अशोक जायसवाल ने कहां वन डिस्टिक वन एक्टिविटी के तहत पूरे सप्ताह लायंस क्लब गुमला के द्वारा कार्यक्रम चलाए जाएंगे, पूरे सप्ताह अलग-अलग कार्यक्रम होंग। क्लब का मुख्य उद्देश्य है समाज सेवा करना, मौके पर पी आर ओ लायन हेमंत कुमार, बनवारी लाल अग्रवाल, विशाल कुमार, अनुराधा प्रसाद, राजलक्ष्मी आनंद, रीता कुमारी गुप्ता, शशी किरण जायसवाल, गुलाब चंद्र प्रसाद, महेश प्रसाद गुप्ता, आदि सहित स्कूल के टीचर्स मै आज के वृक्षारोपण कार्यक्रम में पुष्पा माला टोप्पो, सरोजिनी तिर्की, मो. दानिश अकरम, उत्तम लकड़ा, स्मिता एक्का, सुषमा कुजुर, अनीमा मिंज ज्योति तिर्की, आकाश सिंह आदि उपस्थित थे। एस.एस. +2 उच्च विद्यालय रायडीह के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार ने लायंस क्लब के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के निमित्त किए गए वृक्षारोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस आशय की जानकारी पी आर ओ लायन हेमंत कुमार ने दी।

रिवार्ड का झांसा दे, युवती से 11299 रुपये की साइबर ठगी

धनबाद। फोन-पे पर रिवार्ड देने का झांसा देकर एक युवती से 11299 रुपये की साइबर ठगी हो गयी। इस संबंध में आंचल कुमारी ने साइबर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, आंचल के एकाउंट से आठ ट्रांजेक्शन कर अवैध रूप से रुपये निकाल लिये गये। जानकारी के मुताबिक, उसे दोपहर में करीब 12:58 बजे एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया फोन-पे पर रिवार्ड चेक करने की बात कहते हुए उसे 4999 रुपये कैशबैक का झांसा दिया गया। उसे अपने आइडी से पैसे पे करने की बात कहते हुए एक लिंक भेजा गया। उक्त लिंक को आंचल ने टच की, तो आठ बार में उसके एकाउंट से 11299 रुपये कट गये। पहला ट्रांजेक्शन उसके एकाउंट से 999.85 रुपये व दूसरा ट्रांजेक्शन में 4999 रुपये का किया गया। आरोपित के मोबाइल नंबर सहित सभी ब्योरा संलग्न कर उसने साइबर थाना प्रभारी को दे दी है। समाचार लिखे जाने तक साइबर थाने की पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

भूली अस्पताल परिसर में विस्थापितो को बसाने का विरोध

धनबाद। भूली अस्पताल परिसर में विस्थापितो को बसाने के मुद्दे पर विधायक राज सिन्हा और भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने शुक्रवार 21 जुलाई को बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता से मुलाकात कर विरोध जताया। कहा कि भूली में काफी जमीन है। विस्थापितों को अस्पताल परिसर में नहीं बसाकर अन्यत्र बसाया जाए। अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों श्रमिक इलाज कराने आते हैं। विधायक ने सीएमडी से भूली के विकास के लिए जनहित से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने और अस्पताल को उन्नत व आधुनिक बनाने की मांग की जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने भूली अस्पताल में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी। सीएमडी ने दोनों नेताओं की मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा जो के जिला महामंत्री नितिन भट्ट, जिला मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थसारथी, मनोज मालाकार, मनजीत सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

कोनसा आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति का वार्षिक उत्सव संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। कोनसा आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के तत्वधान में कामडारा ब्लॉक परिसर में वार्षिक अधिवेशन का आयोजन हुआ जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में गुमला जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैयतू उरांव सम्मिलित हुए। इस दौरान उपस्थित समूह के दीदियों को संबोधित करते हुए चैतु उरॉव ने कहा कि उनके कार्यों की सराहना करते हुए महिलाओं को उत्साहित किया और उन्होंने कहा कि आज महिलाएं संगठन से जुड़कर कई तरह के लाभकारी कार्य कर रही हैं इसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य, आजीविका, शोषण, अत्याचार, बेरोजगारी, के खिलाफ लड़ाई लड़ कर एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर रही है। आज मुख्य रूप से महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए हमारे समाज मे आने वाले युवा पीढ़ी जिसमें किशोरियों एवं बालिकाओं को उनके स्वस्थ के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है आज हम साधारणतः पाते हैं, कि ग्रामीण महिलाएं आवश्यक पोषण के अभाव में एनीमिया की शिकार होती है हमारे आने वाला नया पीड़ी जो नवजात बच्चे आते हैं वह स्वस्थ नहीं हो पाता, इसलिए आप सभी से निवेदन होगा आप स्वस्थ के प्रति जागरूक होकर उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में मिलने वाले हरे साग सब्जी के साथ साथ प्राकृतिक चीजों के पौष्टिक आहार का सेवन से अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं इसी तरह से जागरूक समूह के माध्यम से महिलाओं के साथ अन्याय अत्याचार और शोषण ना हो इसके लिए जागरूक रहें और यदि किसी के साथ इस तरह का शोषण अत्याचार होता है उसके प्रति आवाज मुखर होते हुए आगे आकर उसकी लड़ाई लड़ने की जरूरत है हम सभी राजनीतिक कार्यकताओं का दायित्व कर्तव्य है महिला संकुल संगठन को आगे बढ़ाने के लिए जो भी आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है हम सभी इसके लिए तत्पर हैं मैं आप सभी से अपील करना चाहूंगा आप सभी को सहकारिता विभाग सभी लिंकेज होने की आवश्यकता है आज राज्य सरकार सहकारिता के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसके माध्यम से हम अपने आप को स्वावलंबी बनाते हुए आर्थिक रूप से मजबूत हो पाएंगे। इसके लिए आज खरढछ सहयोग के रूप में कार्य कर रहा है आप उनके मार्गदर्शन से सहकारिता विभाग से लिंकेज कराने की आवश्यकता है इस दिशा में जो भी आवश्यक सहयोग की जरूरत है आप निश्चिंत होकर हम सभी लोगों से जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि राजनीतिक कार्यकताओं से सहयोग प्राप्त कर सकते हैं इसके लिए हम सभी तत्पर है। मौके पर अजीत क्रेरकेटा, किरणमाला बड़ा, शकुंतला देवी, लिपट जी, अजित गुड़िया, तारकेश्वर बड़ाईक, मुकेश नाग, यसोदा देवी, तरूण गोप और काफी संख्या में महिला समूह पदाधिकारी एवं महिलाएं उपस्थित हुए।

सज-संवर कर दुल्हन रात भर करती रही इंतजार, ना आया दूल्हा, ना आयी बारात



धनबाद। हरिहरपुर थाना क्षेत्र की एक युवती का निकाह 15 दिन पहले बाघमारा महिला थाना में हुआ। फिर तय फैसले के अनुसार दुल्हन की विदाई के लिए 20 जुलाई को बरात आनी थी। रात भर दुल्हन इंतजार करती रही। ना दूल्हा आया, ना बरात आयी। इधर वधू पक्ष ने स्वागत की पूरी तैयारी कर रखी थी. बरात नहीं आने पर आक्रोशित दुल्हन पक्ष शुक्रवार को पुनः महिला थाना पहुंच गया। दुल्हन के पिता ने पुलिस को बताया कि दूल्हा पक्ष गिरिडीह जिला के खुखरा थाना क्षेत्र का रहनेवाला है. वे लोग पिछले साल उनकी बेटी के लिए रिश्ता लेकर तीन-चार बार उनके घर आये थे। युवती के परिजन भी लड़का के यहां पहुंचे थ। रिश्ता पक्का समझकर युवक-युवती की मोबाइल पर बातचीत होने लगी। अचानक दूल्हा पक्ष ने युवती पर गंभीर आरोप लगाते हुए निकाह करने से इंकार कर दिया. इस रिश्ता को तुड़वाने में दूल्हे के मामा की अहम भूमिका है. मामला महिला थाना बाघमारा पहुंचा, जहां रजामंदी के बाद पुलिस की मौजूदगी में पांच जुलाई को श्यामडीह के एक मौलाना ने निकाह पढ़वाया।

क्या है पूरा मामला

उस दिन लड़का के पिता ने कहा कि अभी दुल्हन को घर ले जायेंगे तो अच्छी बात नहीं रहेगी। लड़का का नाना और नानी हज पर गये हैं। 16 जुलाई को लौटेंगे तो 20 जुलाई को बरात लेकर दुल्हन के घर पहुंचेंगे और 21 जुलाई को दुल्हन को विदा कर अपने घर ले जायेंगे। उससे समाज में सम्मान भी बचा रहेगा। दुल्हन के पिता ने 20 जुलाई को बरात लाने का निमंत्रण दिया था। शादी का कार्ड भी वितरण किया। कुछ दिनों के बाद लड़के के पिता ने एक चारपहिया वाहन तथा एक लाख रुपए नगद की मांग रख दी। दुल्हन पक्ष ने 20 जुलाई को बरात के सम्मान के लिए अपनी क्षमता के अनुसार पूरी तैयारी कर रखी थी. दुल्हन पक्ष रात में बरात आने का इंतजार करने लगा। रात गहराने पर दुल्हन के पिता ने कई बार दूल्हे के पिता को फोन लगाया, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं किया। शुक्रवार को कतरास महिला थाना से दूल्हा पक्ष को फोन कर थाना बुलाया गया। लेकिन घर का कोई भी सदस्य नहीं पहुंचा। निकाहनामा की कॉपी है। शिकायत मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा। शनिवार की सुबह शिकायत लेकर बुलाया गया है। दूल्हा पक्ष थाना नहीं पहुंचा था।

दुष्कर्म के फरार आरोपी को पालकोट पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

गुमला। 50 वर्षीय महिला से दुष्कर्म के फरार आरोपी गोनमेर नागोटोली निवासी 25 वर्षीय राधे लोहरा पिता के केश्वर लोहरा को पालकोट पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया आरोपी गोनमेर निवासी 50 वर्षीय लोचन देवी नामक महिला के साथ घर में अकेले पाकर जबरन दुष्कर्म किया था जिसके बाद पिछले माह महिला ने पालकोट थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी वहीं आरोपी फरार चल रहा था जिसके बाद गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर में छापामारी कर शुक्रवार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया जिसके बाद न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

नाबालिक लड़की के साथ किया दुष्कर्म हुई 7 माह की गर्भवती

गुमला। चैनपुर निवासी एक नाबालिग लड़की के साथ जसपुर निवासी एक युवक ने सोहर पाट महुआडांड़ में जबरन दुष्कर्म किया जिसके बाद किशोरी 7 माह की गर्भवती हो गई। वही शुक्रवार को देर रात 9 बजे परिजनों द्वारा किशोरी को सदर अस्पताल गुमला इलाज के लाया गया जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया जनवरी माह में पीड़िता सोहर पाट महुआडांड़ मेला घूमने गई थी जिसके बाद युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और शादी का प्रलोभन भी दिया जिसके बाद किशोरी से बराबर फोन में उससे बात होता रहा इसी बीच किशोरी गर्भवती हो गई । लेकिन किशोरी ने इस बात को घरवालों से छुपा कर रखा जब किशोरी 7 माह की गर्भवती हो गई तो घर वालों को पता चला लेकिन किशोरी घरवालों को कुछ भी नहीं बता रही थी जिसके बाद सदर अस्पताल में किशोरी ने सारी बात परिजनों को बताई वही मामले को लेकर परिजन थाना में केस करने की बात कह रहे हैं।

रोटरी क्लब ऑफ गुमला सिटी एवं इनरव्हील क्लब गुमला के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ

नप प्रदेश गुमला। सचिव रोटेरियन विमल कुमार पंकज ने रोटरी इंटरनेशनल एवं इनरव्हील के कार्यकलापों से विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को अवगत कराया एवं आगे बोलते हुए पंकज ने बताया कि 1 एवं वृक्ष हमारे जीवन के लिए कितना मूल्यवान हैं तेजी से बढ़ रही गर्मी को नियंत्रित करने एवं भूमिगत जल के लिए वृक्ष एवं वन अब प्रासंगिक हो गए हैं तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी वृक्ष हमारे सहायक होते हैं तेजी से फैल रहे सल्फर एवं कार्बन डाइऑक्साइड को एक पौधे नियंत्रित करते हैं इसलिए आप हर मनुष्य को वृक्षारोपण करना चाहिए इस कार्य में रोटी के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ सुरेंद्र साय सचिव रोटेरियन विमल कुमार पंकज रोटेरियन विजय दी ग्रेट रोटेरियन पवन कुमार गुप्ता रोटेरियन विनोद अग्रवाल रोटेरियन संदीप गुप्ता रोटेरियन हीरा सोनी रोटेरियन संजू साहू एवं प्रदीप विश्वकर्मा उपस्थित थे ।

मोहर्रम पर्व को देखते हुए गोविंदपुर में पुलिस पब्लिक मीट का किया गया आयोजन

गुमला। जारी प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर गांव में मुहर्रम पर्व को देखते हुए शुक्रवार को चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव की अध्यक्षता में गोविंदपुर गांव में पुलिस पब्लिक का मीट का आयोजन किया गया मौके पर उपस्थित चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 29 तारीख को मुहर्रम का जुलूस शांति पूर्वक निकले यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा हुड़दंग या नशा पान कर गलत नारा लगाये जाने पर उसके ऊपर कानूनी करवाई किया जाएगा जारी थानेदार मनीष कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया एवं फेसबुक में कोई गलत मैसेज डालता है तो तुरंत जारी थाना को सूचित करें ताकि समय रहते उनकी विरुद्ध कानूनी करवाई किया जा सके मौके पर गोविंदपुर सदर जियारूल अंसारी रिजवान अंसारी कलीम कुरेशी सादिक खान मोईन खान सुल्तान खान आदि मौजूद थे।

एसएस गर्ल्स हॉस्टल की छात्रा के सिर में ईट गिरने से हुई घायल

गुमला। शहर के एसएस गर्ल्स हॉस्टल की 14 वर्षीय छात्रा को पढ़ाई करने के दौरान सिर में ईट गिरने से सर फट गया जिसके बाद हॉस्टल प्रबंधक द्वारा तत्काल घायल किशोरी को सदर अस्पताल लाया गया घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी छात्राएं खाना खाकर पढ़ाई कर रही थी तभी एक ईट जो ऊपर सीढ़ी के पास रखा हुआ था जो अचानक छात्रा के सर में आ गिरा जिससे उसका सर फट गया और काफी खून बहने लगा जिसके बाद उसे सदर अस्पताल इलाज इलाज के लिए लाया गया।

काला हीरा के सातवें महोत्सव में मना ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल का स्थापना दिवस

धनबाद। कोयलांचल भारत कोकिंग कोल नृत्य संगीत एवं नाट्य संघ के काला हीरा के सातवें ऑल इंडिया मल्टी लिंगुअल डांस ड्रामा एंड म्यूजिक कंपटीशन कोयला नगर में शनिवार को द्वितीय दिन कार्यक्रम की शुरूआत हुनर संस्था आजमगढ़ की प्रस्तुति गणेश वंदना से हुई और इस टीम के कलाकारों ने अपलम चपलम और हरियाणवी नृत्य मर छेड़ बलम मेरी चुनार ने की बहुत बेहतरीन प्रस्तुति पेश की जिसे दर्शको ने काफी सराहा। साथ ही सिवान की कलानिकेतन के कलाकारों ने बिहार की संस्कृति पर बहुत ही बहुत ही आकर्षक दर्शनीय एवं काबिल ए तारीफ प्रस्तुति पेश की। इस गीत में पूरे बिहार की झलक कलाकारों ने दिखाने की कोशिश की। तथा साथ ही भोजपुरी गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की। कार्यक्रम के द्वितीय दिन 100 कलाकारों ने सब जूनियर ग्रुप डांस, जूनियर ग्रुप डांस, करके दर्शकों को अपने हुनर से काफी आश्चर्यचकित कर प्रभावित किया। इन कला के हुनरवान बच्चों के प्रशंसनीय प्रस्तुतियों से उनके अभिभावक एवं अतिथि काफी गौरांवित और गदगद हुए तथा दर्शकों ने काफी सराहा और उनके प्रस्तुति का आनंद लेकर तालियों से स्वागत किया। द्वितीय दिन के पुरस्कार वितरण के दौरान काला हीरा के निर्देशक राजेंद्र प्रसाद ने कहा आज कार्यक्रम के निर्णायको को पुरस्कार के निर्णय लेना बहुत ही मुश्किल रहा क्योंकि सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पेश किया था। पश्चिम बंगाल से आए ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल के मो. तनवीर आलम ने कहा शुरूआती दौर पर लगा कि काला हीरा कार्यक्रम ज्यादा नहीं चलेगा लेकिन वर्तमान में निर्देशक राजेंद्र प्रसाद के प्रयास एवं धनबाद के कला कद्रदानो के समर्थन और सहयोग से वर्तमान में पूरे देश के 12 राज्यों के हजार की संख्या में कला संस्थाएं और नामी गिरामी कलाकार तथा स्थानीय कलाकार जुड़ कर बहुत उत्साह से अपना अपना शानदार हुनर प्रस्तुत कर अपनी कला और भारतीय संस्कृति सभ्यता की झलकियां पेश कर रहे हैं। सभी के समर्थन और प्यार से कार्यक्रम हर वर्ष भव्य होता जा रहा है। भविष्य में काला हीरा सभी कलाकारों और धनबाद के कला के प्रेमियों के समर्थन से सिल्वर जुबली और गोल्डन जुबली भी अवश्य मनाकर धनबाद का नाम रौशन करेगी। युथ थिएटर ग्रुप, शाहजहांपुर ने बहुत ही शानदार नाटक अ काइंड ऑफ प्रेगनेंसी पेश किया। जिसके निर्देशक सादान खान हैं। इस नाटक में योगेश सोमन एक ऐसी कृति है जिसमें आकांक्षा महत्वाकांक्षा और वेदना का अद्भुत मिश्रण है। जिंदगी लंबी नहीं बड़ी होनी चाहिए इस चुप्पी को बड़ी कुशलता के साथ लेखक ने चित्रित किया। नाटक की नायिका अनीता के प्रेग्नेंट होने के लक्षण दिखाई देते हैं तो वह सपनों का ताना-बाना बुनने लगती है। एक सुंदर सुखद कल को जीने की चाहत लिए जब उसे पता चलता है वह प्रेग्नेंट नहीं है बल्कि जो लक्षण दिखाई दे रहे थे उसका कारण है उसके पेट में ट्यूमर का लास्ट स्टेज पर होना। उसे जब पता चलता है कि उसके

पास सिर्फ 2 महीने का समय बचा है तो 2 महीनों की जिंदगी जीने की ललक ने नाटक को ऊंचाइयां प्रदान की तथा गंभीरता से देखने के लिए दर्शकों का ध्यानाकर्षित किया और इस नाटक के विषय पर चिंतन मनन के लिए विवश किया। द्वितीय दिन के कंपटीशन में विजेता में काजल प्रजापति और कामिनी प्रजापति रहे। उन्हें निर्णायको ने ए प्लस उनके उत्कृष्ट नृत्य प्रदर्शन पर दिया साथ ही एकल नृत्य में हर्षिता बरनवाल, जिम प्रजापति रिमझिम प्रजापति, मानस्वी प्रजापति और प्रियांशु को विजेता घोषित किया तथा सोलो में सिवान के कलानिकेतन को ए प्लस ग्रेड, हुनर संस्थान आजमगढ़ को ए प्लस ग्रेड तथा ग्रुप डांस में सिवान कलानिकेतन को ए ग्रेड देकर विजेता घोषित किया। कार्यक्रम का संचालन शिल्पा कुमारी ने बहुत ही व्यवस्थित ढंग से किया। काला हीरा कार्यक्रम के साथ साथ काला हीरा के निर्देशक राजेंद्र प्रसाद, ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल के संरक्षक अवधेश सिंह, सिवान बिहार के विजय श्रीवास्तव, वाराणसी के अष्टभुजा मिश्रा एआईटीसी के यूपी स्टेट कन्वीनर सुनील दत्त विश्वकर्मा एआईटीसी के सेक्रेटरी मो.तनवीर आलम, सुरभि जयवर्धने, क्लब इंडिया के डायरेक्टर संतोष रजक एवं अन्य अतिथियों तथा कलाकारों की उपस्थिति में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मंच पर केक काटकर मनाया गया।

जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न

धनबाद। सदर अस्पताल में शनिवार को एक महिला का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने बताया कि डिगवाडीह 10 नंबर के रहने वाले नरेश वर्मा की 43 वर्षीय पत्नी सीमा देवी को यूरीन करने में कठिनाई और बच्चेदानी निचे खिसकने की शिकायत थी। इससे वह पिछले कई महीनों से परेशान थी। गरीबी के कारण वह अपना इलाज नहीं करा पा रही थी। निजी अस्पताल में ऑपरेशन के लिए 40-45 हजार का खर्च बताया जा रहा था। मरीज में खून की कमी भी थी। वह बहुत मायूस हो गयी थी। फिर उन्हें किसी ने सदर अस्पताल में चिकित्सकों को दिखाने की सलाह दी। सदर अस्पताल में डॉ संजीव कुमार ने मरीज को देखा और ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। मरीज के लिए सदर अस्पताल के ब्लड स्टोरेज यूनिट से खून की व्यवस्था की गयी। आज दिनांक 21/07/23 को डॉ संजीव कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ और निशेच्तक डॉ आनंद कुमार और अस्पताल के कर्मियों के सहयोग से उनका सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति सामान्य है।

गहने व कई कीमती सामान ले भागे, चोर

धनबाद। धनबाद के भूली ओपी थाना अंतर्गत भूली ए ब्लॉक क्वार्टर संख्या ए 312 में बीते देर रात चोरों ने अपनी हाथ सफाई की जिसमें घर में रखे गहने व कई कीमती सामान ले भागे, मामला तब प्रकाश में आया जब अगल-बगल के पड़ोसियों की नजर घर के गेट और खिड़कियों पर पड़ी जो कि खुले दिखे जिसके बाद आनन-फानन में निजी थाना की इसकी जानकारी दी गई। दरअसल मामला यह है कि ललन पांडे नामक निवासी का यह आवास है जो कि पेसे से रेलवे के कंस्ट्रक्शन के काम में देखरेख का काम किया करते हैं पिछले कुछ दिनों इनके दामाद की मृत्यु सड़क दुर्घटना में धनबाद के ही गोविन्दपुर क्षेत्र में है ग्ई थी। परिवार के सभी सदस्य उत्तर प्रदेश स्थित बलिया अपने गांव पांडेपुर के लिए गए हुए हैं घर पर दमाद के 10 क्रम के कार्य चल रहा है। अगल-बगल के पड़ोसियों द्वारा मिली उन्हें जानकारी दी ग्ई। स्थानिय थाना मौके पर पहुंची और छानबीन में जुटी है अब देखना यह है कि कब तक इसका खुलासा होता है क्योंकि इन दिनों भूली क्षेत्र में चोरों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है और लगातार ऐसी घटना देखने को मिल रहे है।

पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

लातेहार। जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत भूषाड़ गांव में शनिवार को एक अज्ञात युवक का शव पेड़ से टंगा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर चंदवा पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतारा। मृतक के शरीर और चेहरे पर चोट के निशान पाए गए। इससे यह प्रतीत होता है कि उसकी हत्या कर दी और शव को लटका दिया गया। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकता है। उन्होंने बताया कि हर पहलू को ध्यान में रखकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

विनोद जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी से लेवी मांगने का फरार आरोपी गिरफ्तार

गुमला। बसिया थाना कांड संख्या 49/2023 6 जुलाई 23 धारा 386, 387, 458, 34आईपीसी के अभियुक्त सुकुरड़ा निवासी मनराज सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि विनोद जैन कंस्ट्रक्सन कम्पनी द्वारा ससिया से अघरमा तक बनवाये जा रहे सड़क निर्माण कार्य मे कम्पनी के सुपरवाइजर से निर्माण कार्य स्थल पर पांच नकाबपोश अपराधियो के द्वारा हथियार के बल पर दस लाख रुपया का मांग किया गया था तथा नगद पांच हजार रुपया एवं पर्स और आधार कार्ड लूट लिए गए थे तथा पुनः 3 जुलाई 23 को काला रंग के मोटरसाइकिल से हेलमेट पहन कर रोड में काम रहे लोगो को बोला गया कि काम बन्द करो और पांच दिन के अंदर दो लाख रुपये मिल जाना चाहिए। इसके उपरांत कम्पनी के कर्मियों द्वारा इसकी लिखित सूचना पुलिस को दी गयी जिसके पश्चात वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर एसआईटी टीम का गठन किया गया और 5 आरोपियो को जेल भेजा जा चुका है।

भगवान शिव : जानें रुद्र के 19 अवतारों का रहस्य

दीपेश तिवारी

सनातन धर्म में शंकर जी को संहार का देवता कहा जाता है। शंकर जी सौम्य आकृति एवं रौद्ररूप दोनों के लिए विख्यात हैं। शंकर या महादेव आरण्य संस्कृति जो आगे चल कर सनातन में शिव धर्म (शैव धर्म) नाम से जाने जाती है में सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक है। वह त्रिदेवों में एक देव हैं। इन्हें देवों के देव महादेव भी कहते हैं।

त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। इन्हें शिव, भोलेनाथ, शंकर, महेश, रुद्र, नीलकंठ, गंगाधर आदि नामों से भी जाना जाता है। तंत्र साधना में इन्हे भैरव के नाम से भी जाना जाता है। शिव अनादि व सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्त्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है, लेकिन वे हमेशा लय और प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं। हिन्दू धर्म में शिव प्रमुख देवताओं में से हैं। वेद में इनका नाम रुद्र है। इनकी अर्धांगिनी (शक्ति) का नाम पार्वती है। इनके पुत्र कार्तिकेय और गणेश हैं, रावण, शनि, कश्यप ऋषि आदि इनके भक्त हुए है। शिव सभी को समान दृष्टि से देखते हैं, इसलिये उन्हें महादेव कहा जाता है। शिव के कुछ प्रचलित नाम, महाकाल, आदिदेव, किरात, शंकर, चन्द्रशेखर, जटाधारी, नागनाथ, मृत्युंजय (मृत्यु पर विजयी), त्रयम्बक, महेश, विश्वेश, महारुद्र, विषधर, नीलकण्ठ, महाशिव, उमापति (पार्वती के पति), काल भैरव, भूतनाथ, ईवान्यन (तीसरे नयन वाले), शशिभूषण आदि। भगवान शिव को रूद्र नाम से जाता है रुद्र का अर्थ है रुत दूर करने वाला अर्थात दुखों को हरने वाला अतः भगवान शिव का स्वरूप कल्याण कारक है। यहां हम भगवान शिव के 19 अवतारों के नाम उनसे जुड़ी कुछ बातें व उनके रहस्यों के बारे में बता रहे हैं...

1. शरभ अवतार

भगवान शंकर का पहला अवतार है शरभ। इस अवतार में भगवान शंकर का स्वरूप आधा मृग (हिरण) तथा शेष शरभ पक्षी (पुराणों में बताया गया आठ पैरों वाला प्राणी, जो शेर से भी शक्तिशाली था) का था। इस अवतार में भगवान शंकर ने नृसिंह भगवान की क्रोधाग्नि को शांत किया था। लिंगपुराण में शिव के शरभावतार की कथा है, उसके अनुसार- हिरण्यकाश्यपु का वध करने के लिए भगवान विष्णु ने नृसिंहावतार लिया था। हिरण्यकाश्यपु के वध के पश्चात भी जब भगवान नृसिंह का क्रोध शांत नहीं हुआ तो देवता शिवजी के पास पहुंचे। तब भगवान शिव ने शरभावतार लिया और वे इसी रूप में भगवान नृसिंह के पास पहुंचे तथा उनकी स्तुति की, लेकिन नृसिंह का क्रोध शांत नहीं हुआ। यह देख शरभ रूपी भगवान शिव अपनी पूंछ में नृसिंह को लपेटकर ले उड़े। तब कहीं जाकर भगवान नृसिंह की क्रोधाग्नि शांत हुई।

2. पिप्पलाद अवतार

मानव जीवन में भगवान शिव के पिप्पलाद अवतार का बड़ा महत्व है। शनि पीड़ा का निवारण पिप्पलाद की कृपा से ही संभव हो सका। कथा है कि पिप्पलाद मुनि ने देवताओं से पूछा- क्या कारण है कि मेरे पिता दधीचि जन्म से पूर्व ही मुझे छोड़कर चले गए? देवताओं ने बताया कि शनि ग्रह की दृष्टि के कारण ही ऐसा कुयोग बना। पिप्पलाद यह सुनकर बड़े क्रोधित हुए। उन्होंने शनि को नक्षत्र मंडल से गिरने का श्राप दे दिया। श्राप के प्रभाव से शनि उसी समय आकाश से गिरने लगे। देवताओं की प्रार्थना पर पिप्पलाद ने शनि को इस बात पर क्षमा किया कि शनि जन्म से लेकर 16 साल तक की आयु तक किसी को कष्ट नहीं देंगे। तभी से पिप्पलाद का स्मरण करने मात्र से शनि की पीड़ा दूर हो जाती है। शिवपुराण के अनुसार, स्वयं ब्रह्मा ने ही शिव के इस अवतार का नामकरण किया था।

पिप्पलादेति तन्नाम चक्रे ब्रह्मा प्रसन्नधीः।

-शिवपुराण शतरुद्रसंहिता 24/61

3. नंदी अवतार

भगवान शंकर सभी जीवों का प्रतिनिधित्व करते हैं। भगवान शंकर का नंदीश्वर अवतार भी इसी बात का 3अनुसरण करते हुए सभी जीवों से प्रेम का संदेश देता है। नंदी (बैल) कर्म का प्रतीक है, जिसका अर्थ है कर्म ही जीवन का मूल मंत्र है। इस अवतार की कथा इस प्रकार है- शिलाद मुनि ब्रह्मचारी थे। वंश समाप्त होता देख उनके पितरों ने शिलाद से संतान उत्पन्न करने को कहा। शिलाद ने अयोनिज और मृत्युहीन संतान की कामना से भगवान शिव की तपस्या की। तब भगवान शंकर ने स्वयं शिलाद के यहां पुत्र रूप में जन्म लेने का वरदान दिया। कुछ समय बाद भूमि जोतते समय शिलाद को भूमि से उत्पन्न एक बालक मिला। शिलाद ने उसका नाम नंदी रखा। भगवान शंकर ने नंदी को अपना गणाध्यक्ष बनाया। इस तरह नंदी नंदीश्वर हो गए। मरुतों की पुत्री सुयशा के साथ नंदी का विवाह हुआ।

4. भैरव अवतार

शिवपुराण में भैरव को परमात्मा शंकर का पूर्ण रूप बताया गया है। एक बार भगवान शंकर की माया से प्रभावित होकर ब्रह्मा व विष्णु स्वयं को श्रेष्ठ मानने लगे। तभी वहां तेजपुंज के मध्य एक पुरुषाकृति4 दिखलाई पड़ी। उन्हें देखकर ब्रह्माजी ने कहा- चंद्रशेखर तुम मेरे पुत्र हो। अतः मेरी शरण में आओ। ब्रह्मा की ऐसी बात सुनकर भगवान शंकर को क्रोध आ गया। उन्होंने उस पुरुषाकृति से कहा- काल की भांति शोभित होने के कारण आप साक्षात कालराज हैं। भीषण होने से भैरव हैं। भगवान शंकर से इन वरों को प्राप्त कर कालभैरव ने अपनी अंगुली के नाखून से ब्रह्मा के पांचवे सिर को काट दिया। ब्रह्मा का पांचवां सिर काटने के कारण भैरव ब्रह्महत्या के पाप से दोषी हो गए। काशी में भैरव को ब्रह्महत्या के पाप से मुक्ति मिली।

5. अश्वत्थामा

महाभारत के अनुसार, पांडवों के गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा काल, क्रोध, यम व भगवान शंकर के 5अंशावतार थे। आचार्य द्रोण ने भगवान शंकर को पुत्र रूप में पाने की लिए घोर तपस्या की और भगवान शिव ने उन्हें वरदान दिया कि वे उनके पुत्र के रूप में अवतीर्ण होंगे। समय आने पर सवन्तिक रुद्र ने अपने अंश से द्रोण के बलशाली पुत्र अश्वत्थामा के रूप में अवतार लिया। ऐसी मान्यता है कि अश्वत्थामा अमर हैं तथा वह आज भी धरती पर ही निवास करते हैं।

6. वीरभद्र अवतार

भगवान शिव का विवाह ब्रह्मा के पुत्र दक्ष की पुत्री सती से हुआ था। एक बार दक्ष ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया, लेकिन उन्होंने शिव व सती को निमंत्रित नहीं किया। भगवान शिव के मना करने के बाद भी सती इस यज्ञ में आईं और जब उन्होंने यज्ञ में अपने पति शिव का अपमान होते देखा तो यज्ञवेदी में कूदकर उन्होंने अपनी देह का त्याग कर दिया। जब भगवान शिव को यह मालूम हुआ तो उन्होंने अपने सिर से एक जटा उखाड़ी और उसे क्रोध में आकर पर्वत के ऊपर पटक दिया। उस जटा से महाभंयकर वीरभद्र प्रगट हुए। शिव के इस अवतार ने दक्ष के यज्ञ का विध्वंस कर दिया और दक्ष का सिर काटकर उसे मृत्युदंड दिया। बाद में देवताओं के अनुरोध करने पर भगवान शिव ने दक्ष के सिर पर बकरे का मुंह लगाकर उसे पुनः जीवित कर दिया।

7. गृहपति अवतार

भगवान शंकर का सातवां अवतार है गृहपति। इसकी कथा इस प्रकार है- नर्मदा के तट पर धर्मपुर नाम का एक नगर था। वहां विश्वानर नाम के एक मुनि तथा उनकी पत्नी शुचिष्मती रहती थीं। शुचिष्मती ने बहुत समय तक निःसंतान रहने पर एक दिन अपने पति से शिव के समान पुत्र प्राप्ति की इच्छा की। पत्नी की अभिलाषा पूरी करने के लिए मुनि विश्वनार काशी आ गए। यहां उन्होंने घोर तप द्वारा भगवान शिव के वीरेश-लिंग की आराधना की। एक दिन मुनि को वीरेश के मध्य एक बालक दिखाई दिया। मुनि ने बालरूपधारी शिव की पूजा की। उनकी पूजा से प्रसन्न होकर भगवान शंकर ने शुचिष्मति के गर्भ से अवतार लेने का वरदान दिया। कालांतर में शुचिष्मति गर्भवती हुई और भगवान शंकर शुचिष्मती के गर्भ से पुत्ररूप में प्रकट हुए। कहते हैं, पितामह ब्रह्मा ने ही उस बालक का नाम गृहपति रखा था।

8. ऋषि दुर्वासा अवतार

भगवान शंकर के विभिन्न अवतारों में ऋषि दुवार्सा का अवतार भी प्रमुख है। धर्म ग्रंथों के अनुसार, सती अनुसूइया के पति महर्षि अत्रि ने ब्रह्मा के निर्देशानुसार पत्नी सहित ऋक्षकुल पर्वत पर पुत्र कामना से घोर 8तप किया। उनके तप से प्रसन्न होकर ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों उनके आश्रम पर आए। उन्होंने कहा- हमारे अंश से तुम्हारे तीन पुत्र होंगे, जो त्रिलोकी में विख्यात तथा माता-पिता का यश बढ़ाने वाले होंगे। समय आने पर ब्रह्माजी के अंश से चंद्रमा उत्पन्न हुए। विष्णु के अंश से श्रेष्ठ संन्यास पद्धति को प्रचलित करने वाले दत्तात्रेय उत्पन्न हुए और रुद्र के अंश से मुनिवर दुर्वासा ने जन्म लिया।

9. हनुमान अवतार

भगवान शिव का हनुमान अवतार सभी अवतारों में श्रेष्ठ माना गया है। इस अवतार में भगवान शंकर ने एक वानर का रूप धरा था। शिवपुराण के अनुसार, देवताओं और दानवों को अमृत बांटते हुए विष्णुजी के मोहिनी रूप को देखकर लीलावश शिवजी ने कामातुर होकर अपना वीर्यपात कर दिया। सप्तऋषियों ने उस वीर्य को कुछ पत्तों में संग्रहित कर लिया। समय आने पर सप्तऋषियों ने भगवान शिव के वीर्य को वानरराज केसरी की पत्नी अंजनी के कान के माध्यम से गर्भ में स्थापित कर दिया, जिससे अत्यंत तेजस्वी एवं प्रबल पराक्रमी श्री हनुमानजी उत्पन्न हुए। हनुमानजी को भगवान विष्णु के अवतार श्रीराम का परम सेवक माना जाता है। वाल्मीकि रामायण के एक प्रसंग में श्रीराम ने यह भी कहा है कि यदि हनुमान न होते वे सीता को रावण की कैद से मुक्त न करा पाते। हनुमानजी भी अमर हैं, उन्हें अमरता का वरदान माता सीता ने दिया था।

10. वृषभ अवतार

भगवान शंकर ने विशेष परिस्थितियों में वृषभ अवतार लिया था। इस अवतार में भगवान शंकर ने विष्णु पुत्रों का संहार किया था। धर्म ग्रंथों के अनुसार, जब भगवान विष्णु दैत्यों को मारने पाताल लोक गए तो उन्हें वहां बहुत सी चंद्रमुखी स्त्रियां दिखाई पड़ी। विष्णु ने उनके साथ रमण करके बहुत से पुत्र उत्पन्न किए। विष्णु के इन पुत्रों ने पाताल से पृथ्वी तक बड़ा उपद्रव किया। उनसे घबराकर ब्रह्माजी ऋषि मुनियों को लेकर शिवजी के पास गए और रक्षा के लिए प्रार्थना करने लगे। तब भगवान शंकर ने वृषभ रूप धारण कर विष्णु पुत्रों का संहार किया।

11. यतिनाथ अवतार

भगवान शंकर ने यतिनाथ अवतार लेकर अतिथि के महत्व का प्रतिपादन किया था। उन्होंने इस अवतार में अतिथि बनकर भील दंपत्ति की परीक्षा ली थी, जिसके कारण भील दंपत्ति को अपने प्राण गंवाने पड़े। धर्म ग्रंथों के अनुसार, अबुर्दाचल पर्वत के समीप शिवभक्त आहुक-आहुका भील दंपत्ति रहते थे। एक बार भगवान शंकर यतिनाथ के वेष में उनके घर आए। उन्होंने भील दंपत्ति के घर रात बिताने की इच्छा प्रकट की। आहुका ने अपने पति को गृहस्थ की मयार्दा का स्मरण कराते हुए स्वयं धनुष बाण लेकर बाहर रात बिताने और यति को घर में विश्राम करने देने का प्रस्ताव रखा। इस तरह आहुक धनुष-बाण लेकर बाहर चला गया। सुबह आहुका और यति ने देखा कि वन्य प्राणियों ने आहुक को मार डाला है। इस पर यतिनाथ बहुत दुःखी हुए। तब आहुका ने उन्हें शांत करते हुए कहा कि आप शोक न करें। अतिथि सेवा में प्राण विसर्जन धर्म है और उसका पालन कर हम धन्य हुए हैं। जब आहुका अपने पति की चिताग्नि में जलने लगी तो शिवजी ने उसे दर्शन देकर अगले जन्म में पुनः अपने पति से मिलने का वरदान दिया।

12. कृष्णदर्शन अवतार

भगवान शिव ने इस अवतार में यज्ञ आदि धार्मिक कार्यों के महत्व को बताया है। इस प्रकार यह अवतार पूर्णतः धर्म का प्रतीक है। धर्म ग्रंथों के अनुसार, इक्ष्वाकु वंशीय श्राद्ध देव की नवमी पीढ़ी में राजा नभग का जन्म हुआ। विद्या-अध्ययन को गुरुकुल गए नभग जब बहुत दिनों तक न लौटे तो उनके भाइयों ने राज्य का विभाजन आपस में कर लिया। नभग को जब यह पता चला तो वह अपने पिता के पास गए। पिता ने नभग से कहा कि वह यज्ञ परायण ब्राह्मणों के मोह को दूर करते हुए उनके यज्ञ को सम्पन्न करके, उनके धन को प्राप्त करे। तब नभग ने यज्ञभूमि में पहुंचकर वैश्य देव सूक्त के स्पष्ट उच्चारण द्वारा यज्ञ संपन्न कराया। अंगारिक ब्राह्मण यज्ञ का अवशिष्ट धन नभग को देकर स्वर्ग को चले गए। उसी समय शिवजी कृष्ण दर्शन रूप में प्रकट होकर बोले कि यज्ञ के अवशिष्ट धन पर तो उनका अधिकार है। विवाद होने पर कृष्ण दर्शन रूपधारी शिवजी ने उसे अपने पिता से ही निर्णय कराने को कहा। नभग के पूछने पर श्राद्ध देव ने कहा-वह पुरुष शंकर भगवान हैं। यज्ञ में अवशिष्ट वस्तु उन्हीं की है। पिता की बातों को मानकर नभग ने शिवजी की स्तुति की।

13. अवधूत अवतार

भगवान शंकर ने अवधूत अवतार लेकर इंद्र के अंहकार को चूर किया था। धर्म ग्रंथों के अनुसार, एक समय बृहस्पति और अन्य देवताओं को साथ लेकर इंद्र शंकरजी के दर्शनों के लिए कैलाश पर्वत पर गए। इंद्र की परीक्षा लेने के लिए शंकरजी ने अवधूत रूप धारण कर उनका मार्ग रोक लिया। इंद्र ने उस पुरुष से अवज्ञापूर्वक बार-बार उसका परिचय पूछा तो भी वह मौन रहा। क्रोधित होकर इंद्र ने जैसे ही अवधूत पर प्रहार करने के लिए वज्र छोड़ना चाहा, वैसे ही उनका हाथ जड़ हो गया। यह देखकर बृहस्पति ने शिवजी को पहचान कर अवधूत की बहुविधि स्तुति की, जिससे प्रसन्न होकर शिवजी ने इंद्र को क्षमा कर दिया।

14. भिक्षुवर्य अवतार

भगवान शंकर देवों के देव हैं। संसार में जन्म लेने वाले हर प्राणी के जीवन के रक्षक भी हैं। भगवान शंकर का भिक्षुवर्य अवतार यही संदेश देता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार, विदर्भ नरेश सत्यरथ को शत्रुओं ने मार डाला। उसकी गर्भवती पत्नी ने शत्रुओं से छिपकर अपने प्राण बचाए। समय आने पर उसने एक पुत्र को जन्म दिया। रानी जब जल पीने के लिए सरोवर गई तो उसे घड़ियाल ने अपना आहार बना लिया। तब वह बालक भूख-प्यास से तड़पने लगा। इतने में ही शिवजी की प्रेरणा से एक भिखारिन वहां पहुंची। शिवजी ने भिक्षुक का रूप धर उस भिखारिन को बालक का परिचय दिया और उसके पालन-पोषण का निर्देश दिया तथा यह भी कहा कि यह बालक विदर्भ नरेश सत्यरथ का पुत्र है। यह सब कह कर भिक्षुक रूप धारी शिव ने उस भिखारिन को अपना वास्तविक रूप दिखाया। शिव के आदेश अनुसार भिखारिन ने उस बालक का पालन-पोषण किया। बड़ा होकर उस बालक ने शिवजी की कृपा से अपने दुश्मनों को हराकर पुनः अपना राज्य प्राप्त किया।

15. किरात अवतार

किरात अवतार में भगवान शंकर ने पांडु पुत्र अर्जुन की वीरता की परीक्षा ली थी। महाभारत के अनुसार, कौरवों ने छल-कपट से पांडवों का राज्य हड़प लिया, जिसके कारण उन्हें वनवास पर जाना पड़ा। वनवास के दौरान जब अर्जुन भगवान शंकर को प्रसन्न करने के लिए तपस्या कर रहे थे, तभी दुर्योधन द्वारा भेजा हुआ मूड नामक दैत्य अर्जुन को मारने के लिए शूकर (सुअर) का रूप धारण कर वहां पहुंचा। अर्जुन ने शूकर पर अपने बाण से प्रहार किया, उसी समय भगवान शंकर ने भी किरात वेष धारण कर उसी शूकर पर बाण चलाया। शिव की माया के कारण अर्जुन उन्हें पहचान न पाए और शूकर का वध उसके बाण से हुआ है, यह कहने लगे। इस पर दोनों में विवाद हो गया। अर्जुन ने किरात वेषधारी शिव से युद्ध किया। अर्जुन की वीरता देख भगवान शिव प्रसन्न हो गए और अपने वास्तविक स्वरूप में आकर अपना पाशुपात अस्त्र प्रदान किया।

16. सुनटनर्तक अवतार

पार्वती के पिता हिमाचल से उनकी पुत्री का हाथ मांगने के लिए शिवजी ने सुनटनर्तक वेष धारण किया था। हाथ में डमरू लेकर शिवजी नट के रूप में हिमाचल के घर पहुंचे और नृत्य करने लगे। नटराज शिवजी ने इतना सुंदर और मनोहर नृत्य किया कि सभी प्रसन्न हो गए। जब हिमाचल ने नटराज को भिक्षा मांगने को कहा तो नटराज शिव ने भिक्षा में पार्वती को मांग लिया। इस पर हिमाचलराज अति क्रोधित हुए। कुछ देर बाद नटराज वेषधारी शिवजी पार्वती को अपना रूप दिखाकर स्वयं चले गए। उनके जाने पर मैना और हिमाचल को दिव्य ज्ञान हुआ और उन्होंने पार्वती को शिवजी को देने का निश्चय किया।

17. ब्रह्मचारी अवतार

दक्ष के यज्ञ में प्राण त्यागने के बाद जब सती ने हिमालय के घर जन्म लिया तो शिवजी को पति रूप में पाने के लिए घोर तप किया। पार्वती की परीक्षा लेने के लिए शिवजी ब्रह्मचारी का वेष धारण कर उनके पास पहुंचे। पार्वती ने ब्रह्मचारी को देख उनकी विधिवत पूजा की। जब ब्रह्मचारी ने पार्वती से उसके तप का उद्देश्य पूछा और जानने पर शिव की निंदा करने लगे तथा उन्हें श्मशानवासी व कापालिक भी कहा। यह सुन पार्वती को बहुत क्रोध हुआ। पार्वती की भक्ति व प्रेम को देखकर शिव ने उन्हें अपना वास्तविक स्वरूप दिखाया। यह देख पार्वती अति प्रसन्न हुईं।

18. अर्धनारीश्वर अवतार

भगवान शंकर का यह अवतार हमें बताता है कि समाज, परिवार व सृष्टि के संचालन में पुरुष की भूमिका जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही स्त्री की भी है। अर्धनारीश्वर अवतार लेकर भगवान ने यह संदेश दिया है कि समाज तथा परिवार में महिलाओं को भी पुरुषों के समान ही आदर व प्रतिष्ठा मिले। शिवपुराण के अनुसार, सृष्टि में प्रजा की वृद्धि न होने पर ब्रह्मा चिंतित हो उठे। तभी आकाशवाणी हुई- ब्रह्म! मैथुनी सृष्टि उत्पन्न कीजिए। यह सुनकर ब्रह्माजी ने मैथुनी सृष्टि उत्पन्न करने का संकल्प किया। परंतु तब तक शिव से नारियों का कुल उत्पन्न नहीं हुआ था। तब ब्रह्मा ने शक्ति के साथ शिव को संतुष्ट करने के लिए तपस्या की। ब्रह्मा की तपस्या से परमात्मा शिव संतुष्ट हो ह्यअर्धनारीश्वर का रूप धारण कर उनके समीप गए और अपने शरीर में स्थित देवी शिवा/शक्ति के अंश को पृथक कर दिया। इसी के बाद सृष्टि का विस्तार हुआ।

19. सुरेश्वर अवतार

भगवान शंकर का सुरेश्वर (इंद्र) अवतार भक्त के प्रति उनकी प्रेम भावना को प्रदर्शित करता है। इस अवतार में भगवान शंकर ने एक छोटे से बालक उपमन्यु की भक्ति से प्रसन्न होकर उसे अपनी परम भक्ति और अमर पद का वरदान दिया। धर्म ग्रंथों के अनुसार, व्याघ्रपाद का पुत्र उपमन्यु अपने मामा के घर पलता था। वह सदा दूध की इच्छा से व्याकुल रहता था। उसकी मां ने उसे अपनी अभिलाषा पूर्ण करने के लिए शिवजी की शरण में जाने को कहा। इस पर उपमन्यु वन में जाकर ऊं नमः शिवाय का जाप करने लगा। शिवजी ने सुरेश्वर (इंद्र) का रूप धारण कर उसे दर्शन दिए और शिवजी की अनेक प्रकार से निंदा करने लगे। इस पर उपमन्यु क्रोधित होकर इंद्र को मारने के लिए खड़ा हुआ। उपमन्यु की भक्ति और अटल विश्वास देखकर शिवजी ने उसे अपने वास्तविक रूप के दर्शन कराए तथा क्षीरसागर के समान एक अनश्वर सागर उसे प्रदान किया। उसकी प्रार्थना पर कृपालु शिवजी ने उसे परम भक्ति का पद भी दिया।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 23 जुलाई, 2023

मेष : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में न पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबार में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ। शुभांक-2-5-7

वृष : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-7

मिथुन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-6-9

कर्क : किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-6-7

सिंह : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शुभांक-2-5-6

कन्या : शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर होगी। शुभांक-3-8-7

तुला : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। शुभांक-2-3-7

वृश्चिक : स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8

धनु : बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शुभांक-4-8-9

मकर : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैम। शुभांक-5-6-8

कुंभ : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर होगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9

मीन : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8





क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट विकेट कीपर ब्रायन टैबर के निधन पर जताया शोक

मेलबर्न (हि.स.)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई और न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) विकेटकीपर ब्रायन टेबर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। 1966/70 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 16 टेस्ट मैच खेलने वाले टेबर का शुक्रवार को 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। व्यापक रूप से ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने वाले सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक माने जाने वाले टेबर अपने त्रुटिहीन ग्लववर्क और स्टंप के पीछे शांत व्यवहार के लिए प्रसिद्ध थे। जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट डेब्यू में टेबर ने सात कैच और एक स्टंपिंग की। उन्होंने 56 कैच और चार स्टंपिंग की और 48 के शीर्ष स्कोर के साथ 353 रन बनाए। वॉलोन्गॉन्ग में पले-बढ़े, टेबर 1964/65 से 1973/74 तक 129 प्रथम श्रेणी मैच खेलते हुए एनएसडब्ल्यू टीम के दिग्गज खिलाड़ी थे। उन्होंने कई मौकों पर अपने राज्य की कप्तानी की, एक प्रथम श्रेणी शतक दर्ज किया। वह एनएसडब्ल्यू क्रिकेट हॉल ऑफ फेम के सदस्य थे। अपने खेल करियर के बाद, टेबर ने एनएसडब्ल्यू कोच और ऑस्ट्रेलियाई अंडर -19 पुरुष टीम के चयनकर्ता और प्रबंधक सहित कई भूमिकाएँ निभाईं। राष्ट्रीय अंडर-19 चैंपियनशिप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को दिया जाने वाला पदक उनके सम्मान में उनके नाम पर रखा गया है। सीए के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा, ह्यब्रायन के निधन से हमें गहरा दुख हुआ है और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए हम बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा, ब्रायन की टीम के पूर्व साथियों और उन्हें जानने वाले सभी भाग्यशाली लोगों के बीच व्यापक लोकप्रियता, हमारे खेल पर उनके प्रभाव का एक संकेत मात्र है। ब्रायन को युवा खिलाड़ियों के विकास का जुनून था, पुरुषों की राष्ट्रीय अंडर-19 चैंपियनशिप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को ब्रायन टेबर मेडल मिलता रहेगा। इस दुखद समय में ब्रायन के परिवार, टीम के पूर्व साथियों और उनके कई दोस्तों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है।

भारत ने पहली पारी में बनाये 438 रन; कोहली का शतक, वेस्टइंडीज की सधी शुरूआत

पोर्ट ऑफ स्पेन (हि. स.)। भारत ने यहां क्वीन्स पार्क ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अपनी पहली पारी में 438 रन बनाए। भारत की तरफ से विराट कोहली (121) ने अपने करियर का 29वां शतक लगाया। जबकि रोहित शर्मा (80) , रवींद्र जडेजा (61), रविचंद्रन अश्विन (56) और यशस्वी जायसवाल (57) ने अर्धशतकीय परी खेली। जवाब में दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर वेस्टइंडीज ने 1 विकेट पर 86 रन बना लिए हैं। क्रेग ब्रेथवेट 37 और किर्क मैकेंजी 14 रन बनाकर खेल रहे हैं। वेस्टइंडीज का एकमात्र विकेट तेगनारायन चंद्रपॉल के रूप में गिरा है, जिन्हें रवींद्र जडेजा ने अपना शिकार बनाया है। तेगनारायन ने 33 रन बनाए। **भारत ने पहली पारी में बनाये 438 रन, कोहली का शतक** इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में 438 रन बनाए। भारत के लिए विराट कोहली ने अपने करियर का 29 वां शतक लगाते हुए शानदार 121 रन बनाए। कोहली के अलावा रोहित शर्मा (80) , रवींद्र जडेजा (61), रविचंद्रन अश्विन (56) और यशस्वी जायसवाल (57) ने अर्धशतकीय परी खेली। इस मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने एक बार फिर भारत को अच्छी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 139 रन जोड़े। इसी स्कोर पर जायसवाल 57 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेलने के बाद जेसन होल्डर का शिकार बने। जायसवाल के बाद बल्लेबाजी करने आये शुभमन गिल कुछ खास नहीं कर सके और केवल 10 रन बनाकर केमर रोच का शिकार बने। 155 के कुल स्कोर पर जोमेल वारिकन ने रोहित शर्मा को बोल्ड कर उनकी शानदार पारी का अंत किया। रोहित ने 80 रन बनाए। अजिंक्या रहाणे कुछ खास नहीं कर सके और केवल 8 रन बनाकर शैनन गैब्रियल का शिकार बने। इसके बाद विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने सम्भलकर खेलना शुरू किया और भारतीय टीम का स्कोर 300 के पार ले गए। इस दौरान कोहली ने अपना शतक व जडेजा ने अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 159 रनों की साझेदारी की। 341 के कुल स्कोर पर विराट कोहली 121 रन बनाकर रन आउट हो गए। रवींद्र जडेजा भी इसके बाद 61 रन बनाकर केमर रोच का शिकार बने। इसके बाद ईशान किशन और रविचंद्रन अश्विन ने सातवें विकेट के लिए 33 रनों की साझेदारी की। 393 के कुल स्कोर पर किशन 25 रन बनाकर जेसन होल्डर का शिकार बने।जयदेव उनादकट (07) और सिराज (00) जल्दी-जल्दी पवेलियन लौट गए। केमर रोच ने 438 के कुल स्कोर पर अश्विन को बोल्ड कर भारतीय पारी का अंत किया। अश्विन ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 56 रन बनाए। मुकेश तोमर बिना खाता खोले नाबाद लौटे। वेस्टइंडीज की ओर से केमर रोच और जोमेल वारिकन ने 3-3, जेसन होल्डर ने 2 और शैनन गैब्रियल ने 1 विकेट लिया।

फीफा महिला विश्व कप- सोफिया स्मिथ के दो गोलों की बदौलत यूएसए ने वियतनाम को 3-0 से हराया

ऑकलैंड, 22 जुलाई (हि.स.)। मौजूदा चैंपियन संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) ने शनिवार को यहां फीफा महिला विश्व कप के ग्रुप ई मैच में वियतनाम पर 3-0 से जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शुरूआत की। यूएसए के लिए सोफिया स्मिथ ने दो और लिंडसे होरेन ने एक गोल किया। टूर्नामेंट के पिछले दो संस्करण और कुल मिलाकर चार खिताब जीतने के बाद, यूएसए टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है, जबकि वियतनाम ने पहली बार पुरुष या महिला विश्व कप के फाइनल चरण के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रच दिया है।

मैच में यूएसए ने तेज शुरूआत की और गोल करने के कई मौके बनाए। मैच के 14वें मिनट में स्मिथ ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इंजुरी टाइम में स्मिथ ने अपना दूसरा गोल किया। मध्यांतर तक यूएसए की टीम 2-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद भी यूएसए की टीम ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखा।

मैच के 77वें मिनट में स्मिथ ने दाहिने फ्लैंक पर लिंडसे होरेन को पास दिया और उन्होंने इसे गोल में बदलकर यूएसए को 3-0 से जीत दिला दी। अगले गुरुवार को अमेरिका का मुकाबला नीदरलैंड से होगा, जबकि वियतनाम का मुकाबला पुर्तगाल से होगा।

सैफ अंडर-16 और अंडर-19 चैम्पियनशिप के लिए ड्रा घोषित

नई दिल्ली (हि.स.)। सैफ अंडर-16 और अंडर-19 चैम्पियनशिप 2023 के लिए बांग्लादेश के ढाका में बीएफएफ हाउस में शनिवार को ड्रा निकाला गया। अंडर-16 इवेंट में, भारत को नेपाल और बांग्लादेश के साथ ग्रुप ए में रखा गया था। मेजबान भूटान, मालदीव और पाकिस्तान को ग्रुप बी में रखा गया था। सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप 1-10 सितंबर, 2023 तक थिम्पू के चांगलिमिथांग स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। अंडर-19 इवेंट में भारत को ग्रुप बी में भूटान और बांग्लादेश के साथ रखा गया है, जबकि मेजबान नेपाल, मालदीव और पाकिस्तान ग्रुप ए में हैं। सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप 2023 का आयोजन 21-30 सितंबर, 2023 तक काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में किया जाएगा। दोनों प्रतियोगिताओं का प्रारूप एक जैसा है. एकल राउंड-रॉबिन समूह चरण के बाद, दोनों समूहों की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में मिलेंगी, जिनमें से विजेता टीमें फाइनल में जाएंगी। भारत 2022 में अंडर-20 और अंडर-17 आयु दोनों समूहों में सैफ युवा टूर्नामेंटों का चैंपियन बनकर उभरा। भारत ने अंडर-20 में भुवनेश्वर में फाइनल में बांग्लादेश को 5-2 से हराया, जबकि अंडर-17 में श्रीलंका के कोलंबो में फाइनल मुकाबले में नेपाल को 4-0 से हराया।

पीएसजी ने जापान दौरे के लिए किलियन एम्बाप्पे को टीम से किया बाहर

पेरिस (हि.स.)। फ्रांसीसी फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने जापान दौरे के लिए अपने प्री-सीजन टीम से स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे को बाहर कर दिया है। पीएसजी ने जापान दौरे के लिए अपनी टीम की घोषणा की, जहां वे 25 जुलाई से 3 अगस्त तक क्रिस्टियानो रोनाल्डो के अल नासर, चैंपियंस लीग के फाइनलिस्ट और जापानी क्लब सेरेजो ओसाका और जियोनबुक मोटर्स का सामना करेंगे। नए मैनेजर लुइस एनरिक ने जापान दौरे के लिए 29 सदस्यीय टीम की घोषणा की और एम्बाप्पे को इसमें शामिल नहीं किया गया। 24 वर्षीय फारवर्ड, जो 2017 से पीएसजी के साथ है, ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अपने अनुबंध को 2024 में वर्तमान समाप्ति तिथि से आगे नहीं बढ़ाएंगे। इस निर्णय ने पीएसजी को एक अनिश्चित स्थिति में छोड़ दिया है और इसके अध्यक्ष नासिर अल-खलीफी ने कहा है कि, पेरिस क्लब एम्बाप्पे को मुफ्त में नहीं जाने देगा। अपने अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाने के एम्बाप्पे ने अपने फैसले के बारे में पिछले महीने एक पत्र के जरिये पीएसजी को सूचित किया था। क्लब, खिलाड़ी को अगली गर्मियों में मुफ्त में जाने देने के लिए तैयार नहीं है, अब उसे इस गर्मी में उसे बेचने की संभावना का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति से फ्रांसीसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के लिए संभावित स्थानांतरण के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं। विशेष रूप से, ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि एम्बाप्पे पहले ही रियल मैड्रिड के साथ व्यक्तिगत शर्तों पर सहमत हो चुके हैं, जिससे वह 2024 में स्पेनिश क्लब में शामिल हो जाएंगे।

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने डिफेंडर सोरैशम दिनेश सिंह के साथ किया दो साल का करार

गुवाहाटी (हि.स.)। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शनिवार को बहुमुखी डिफेंडर सोरैशम दिनेश सिंह के साथ दो साल का करार किया है।

शिलांग लाजोंग और रॉयल वाहिंगदोह में संक्षिप्त युवा कार्यकाल के बाद, मणिपुर में जन्मे दिनेश की पेशेवर यात्रा 2016 में रियल कश्मीर के साथ शुरू हुई। एक साल बाद, वह टीआरएयू एफसी के लिए खेलने के लिए अपने गृह राज्य लौट आए, जहां उन्होंने तीन सीजन बिताए, जिसके दौरान रेड पायथन को आई-लीग में भी पदोन्नत किया गया। इसके बाद वह 2021-22 सीजन से पहले नए प्रवेशकों श्रीनिदी डेक्कन में चले गए, जहां उन्होंने अगले दो सीजन में बहुत प्रभावित किया। अब, अपने बड़े भाई सोरैशम संदीप सिंह के नक्शेकदम पर चलते हुए, 25 वर्षीय खिलाड़ी ने इंडियन सुपर लीग क्लब में कदम रखा है।

क्लब द्वारा जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में दिनेश के हवाले से कहा गया, ह्लनॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी मेरी पहली आईएसएल टीम होगी। मणिपुर के एक खिलाड़ी के लिए इस क्लब का प्रतिनिधित्व करना एक सपने के सच होने जैसा है। इस क्लब ने भारतीय फुटबॉल के लिए जिस प्रतिभा को निखारा है, उसने मुझे इसमें शामिल होने के लिए राजी करने में प्रमुख भूमिका निभाई है। मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने दिनेश के साथ करार पर कहा,ह्लफुटबॉल में दोनों पैरों से कुशल होना एक दुर्लभ और मूल्यवान कौशल है। इसके अलावा, ऐसे बहुत कम खिलाड़ी हैं जो पूरी बैकलाइन पर खेल सकते हैं। दिनेश ऐसे व्यक्ति हैं जिनके पास वह क्षमता है और वह तकनीकी रूप से भी प्रतिभाशाली हैं। उनके पास काफी अनुभव भी है और वह नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। कोंसम फाल्गुनी सिंह, इब्सन मेलो, रिडीम त्लांग, बुआंथांगलुन समते और मिशेल जाबाको के बाद, दिनेश नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के साथ करार करने वाले छठे नए फुटबॉलर और ट्रांसफर विंडो के तीसरे डिफेंडर बन गए हैं।

मोनाको डायमंड लीग : पुरुषों की ट्रिपल जंप स्पर्धा में छठे स्थान पर रहे प्रवीण चित्रवेल



मोनाको (हि.स.)। भारत के प्रवीण चित्रवेल यहां चल रहे मोनाको डायमंड लीग 2023 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुरुषों की ट्रिपल जंप स्पर्धा में छठे स्थान पर रहे।

डायमंड लीग में अपने पदार्पण पर, 22 वर्षीय खिलाड़ी प्रवीण ने अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में 16.59 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई। शनिवार देर रात उनकी अन्य छलांगें 15.69 मीटर, 16.44 मीटर, 16.54 मीटर और 16.32 मीटर थीं।

इस साल चार आउटडोर मुकाबलों में यह पहली बार था कि प्रवीण 17 मीटर का आंकड़ा पार करने में असफल रहे। वह चोट के कारण लगभग 1 महीने तक मैदान से दूर रहने के बाद वापसी कर रहे थे।

प्रवीण ने मई में क्यूबा में 17.37 मीटर की ट्रिपल जंप का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जो अगस्त में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग मानक को पूरा करता है।

टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता और दो बार के विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता बुर्किना फासो के ह्यूजेस फैब्रिस जैंगो ने 17.70 मीटर के प्रयास के साथ ट्रिपल जंप स्पर्धा जीती।

मोनाको के परिणाम से डायमंड लीग फाइनल 2023 के लिए प्रवीण चित्रवेल ने तीन योग्यता रैंकिंग अंक भी अर्जित किए। वह अब स्टैंडिंग में 12वें स्थान पर हैं और हमवतन अब्दुल्ला अबूबकर से आगे हैं, जिन्होंने फ्लोरेंस डायमंड लीग में प्रतिस्पर्धा की थी। मोनाको में प्रतियोगिता डायमंड लीग 2023 सीजन का नौवां चरण था। श्रृंखला 16 और 17 सितंबर को यूजीन, यूएसए में दो दिवसीय फाइनल के साथ समाप्त होगी। इससे पहले, प्रवीण को फ्लोरेंस डायमंड लीग में भाग लेना था, लेकिन चोट के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा।

बंगलादेश-ए से जीत छीनकर भारत-ए फाइनल में

कोलंबो। कप्तान यश ढुल (66) के जुझारू अर्द्धशतक और निशांत सिंधु (20/5) की दमदार गेंदबाजी की बदौलत भारत-ए ने शुक्रवार को इमर्जिंग एशिया कप के रोमांचक सेमीफाइनल में बंगलादेश-ए को 51 रन से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। भारतीय टीम ने ढुल के अर्द्धशतक के दम पर बंगलादेश-ए के सामने 212 रन का लक्ष्य रखा। सिंधु और मानव सुथार (32/3) की घातक गेंदबाजी ने बंगलादेश-ए को 160 रन पर समेट दिया। बंगलादेश-ए ने टॉस जीतकर भारत-ए को बल्लेबाजी के लिये बुलाया और उसके टिकाऊ शीर्ष क्रम की कमर तोड़ दी। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे ढुल ने एक छोर संभाले रखा लेकिन दूसरे छोर से विकेटों के पतन के कारण भारत का स्कोर 137/7 हो गया। ढुल ने इसके बाद सुथार (24 गेंद, 21 रन) के साथ आठवें विकेट के लिये 41 रन जोड़े, जबकि राजवर्धन हांगरगेकर (12 गेंद, 15 रन) के साथ 21 रन की छोटी मगर मूल्यवान साझेदारी की। ढुल ने खुद 85 गेंद पर छह चौकों की सहायता से 66 रन की पारी खेली और भारत-ए को ऑलआउट होने से पहले 49.1 ओवर में 211 रन तक पहुंचा दिया। बंगलादेश-ए के सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन (56 गेंद, 51 रन) ने अर्द्धशतक जड़ते हुए अपने जोड़ीदार मोहम्मद नईम (40 गेंद, 38 रन) के साथ पहले विकेट के लिये 70 रन की साझेदारी की। नईम और तंजीद के बाद जाकिर हसन भी जल्द ही आउट हो गये, लेकिन बंगलादेश-ए तेजी से लक्ष्य की ओर बढ़ रहा था। बंगलादेश का स्कोर जब 24.3 ओवर में 123/3 था, तब अभिषेक शर्मा की गेंद पर सैफ हसन (22) का विकेट गिरते ही उलटफेर शुरू हुआ। युवराज सिंह डोडिया ने सौम्य सरकार को आउट किया, जबकि निशांत ने अकबर अली, मेहदी हसन, राकिबुल हसन और महमूदुल हसन जॉय को आउट कर बंगलादेश का स्कोर 155/9 कर दिया।

विनीत ने लगायी रनों की बौछार, मेहता क्लब ने जीता मैच

लखनऊ (हि.स.)। फिटनेस रेजिमेंट टी-20 कॉरपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में मेहता क्लब ने अविरल टाइम्स क्लब को नौ विकेट से हराकर मैच में बढ़त बना ली। इस मैच में मेहता के बल्लेबाज विनीत सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी की।अविरल टाइम्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट गवांकर निर्धारित 20 ओवर में 154 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज विवेक पांडेय ने तीन चौका और एक छक्का की मदद से 26 रन का योगदान दिया। वहीं विवेक शर्मा दो रन बनाकर ही पवेलियन लौट गये। अक्षय मिश्रा ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए पांच चौका और एक छक्का की मदद से 33 बाल पर 46 रन बनाये। केन्नी ने चार चौका और दो छक्का की मदद से 36 बाल पर 53 रन का योगदान दिया। मेहता की टीम मात्र एक विकेट गवांकर 13वें ओवर में ही 155 रन बना लिये और मैच को नौ विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अमिताभ पाठक ने 10 चौका और एक छक्का की मदद से 10 चौका और एक छक्का की मदद से 35 बाल पर 67 रन बनाये। वहीं शिवेंद्र सिंह पहली बाल पर ही आउट होकर पवेलियन लौट गये, लेकिन इसके बाद आये विनीत सिंह ने आते ही रनों की बौछार लगा दी। उन्होंने 12 चौका और दो छक्का की मदद से 39 बाल 81 रन का योगदान दिया। मैन आफ द मैच का खिताब भी विनीत को दिया गया।

जल्द ही मैदान पर लौटेंगे जसप्रीत बुमराह, अय्यर, केएल राहुल और पंत भी वापसी की राह पर



नई दिल्ली (हि.स.)। लंबे समय से क्रिकेट से दूर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के जल्द ही मैदान पर लौटने की उम्मीद है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को बुमराह सहित पांच क्रिकेटरों प्रसिद्ध कृष्णा, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत की मेडिकल बुलेटिन जारी की। बीसीसीआई के अनुसार, सभी क्रिकेटरों के स्वास्थ्य में सुधार है। वहीं बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा अभ्यास कर रहे हैं। बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा दोनों तेज गेंदबाज अपने पुनर्वास के अंतिम चरण में हैं और नेट्स में पूरी तीव्रता के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं। यह जोड़ी अब कुछ अभ्यास मैच खेलेगी, जिसका आयोजन एनसीए करेगा। बीसीसीआई मेडिकल टीम उनकी प्रगति से खुश है और अभ्यास खेलों के बाद उनका आकलन करने के बाद अंतिम निर्णय लेगी।" बीसीसीआई ने आगे कहा," केएल राहुल और श्रेयस अय्यर दोनों ने नेट्स पर बल्लेबाजी फिर से शुरू कर दी है और वर्तमान में ताकत और फिटनेस अभ्यास से गुजर रहे हैं। बीसीसीआई मेडिकल टीम उनकी प्रगति से संतुष्ट है और आने वाले दिनों में कौशल और ताकत और कंडीशनिंग दोनों पर काम करेगी, वहीं ऋषभ पंतने अपने पुनर्वास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और नेट्स पर बल्लेबाजी के साथ-साथ कीपिंग भी शुरू कर दी है। वह वर्तमान में उनके लिए डिजाइन किए गए एक फिटनेस कार्यक्रम का पालन कर रहे हैं जिसमें ताकत, लचीलापन और दौड़ शामिल है।

कोरिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची सात्विक-चिराग की जोड़ी

येओसु (हि.स.)। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को कोरिया ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय जोड़ी ने यहां जिन्नम स्टेडियम में सेमीफाइनल में चीन के लियांग वी केंग/वांग चांग को 21-15, 24-22 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यह सात्विकसाईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की तीन मुकाबलों में चीनी विश्व नंबर 2 जोड़ी पर पहली जीत थी। लियांग वेइकेंग और वांग चांग ने इस साल की शुरूआत में ऑल इंग्लैंड ओपन और मलेशिया ओपन में भारतीय जोड़ी को शिकस्त दी थी। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी पहले ही 2023 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में स्विस और इंडोनेशिया ओपन खिताब जीत चुकी है।

कोरिया ओपन के फाइनल में, उनका सामना रविवार को इंडोनेशियाई शीर्ष वरीयता प्राप्त फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो और कोरिया गणराज्य के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे के बीच दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के विजेता से होगा।

यह बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय जोड़ी की तीसरी उपस्थिति होगी, जिन्होंने 2019 थाईलैंड ओपन और 2022 इंडिया ओपन में पिछले दो प्रदर्शनों में जीत हासिल की थी। यह उनका साल का तीसरा फाइनल भी है।

मैच में कड़ी शुरूआत के बाद, तीसरी वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज और चिराग ने लगातार पांच अंक जीतकर पहले गेम में बढ़त हासिल कर ली और स्कोर 9-8 से 14-8 कर दिया। इसके बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने गति पकड़ते हुए पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में, एक समय 14-9 से पीछे चल रहे लियांग वेइकेंग और वांग चांग ने स्कोर 19-19 से बराबर कर लिया, लेकिन यहां से भारतीय खिलाड़ियों ने जोरदार वापसी की और 24-22 से गेम जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। यह मुकाबला 40 मिनट तक चला। बता दें कि कोरिया ओपन के नतीजे पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की क्वालीफाइंग रैंकिंग में गिने जाएंगे। बैडमिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंडो इस साल 1 मई से शुरू हो चुकी है।

यस बैंक का मुनाफा जून तिमाही में 10 फीसदी बढ़कर 343 करोड़ रुपये



नई दिल्ली (हि.स.)। निजी क्षेत्र के यस बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। यस बैंक का मुनाफा जून तिमाही में सालाना आधार पर 10 फीसदी वृद्धि के साथ 343 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बैंक को 311 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। यस बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका मुनाफा 10 फीसदी वृद्धि के साथ 343 करोड़ रुपये रहा है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की जून तिमाही में बैंक को 311 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बैंक ने बताया कि उसके फंसे हुए कर्ज में भारी कमी आई है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) नियंत्रित यस बैंक ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसकी कुल आय 7,584 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,876 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान बैंक की ब्याज से आय 6,443 करोड़ रुपये हो गई, जो अप्रैल-जून, 2022 तिमाही में 5,135 करोड़ रुपये थी।यस बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) प्रशांत कुमार ने कहा कि बैंक ने क्रमिक रूप से लाभप्रदता में करीब 69.2 फीसदी की वृद्धि की है। इसी तरह जून तिमाही के दौरान सकल गैर-निष्पादित संपत्तियां (एनपीए) पिछले साल के 13.4 फीसदी से घटकर सकल अग्रिम का दो फीसदी हो गईं। इसी तरह शुद्ध एनपीए जून, 2022 के 4.2 फीसदी से गिरकर अब एक फीसदी हो गया है।

एनसीएलटी ने लवासा के लिए 1,814 करोड़ की समाधान योजना को मंजूरी दी

नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने निजी हिल स्टेशन लवासा को बेचने की मंजूरी दे दी है। एनसीएलटी ने लवासा के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू होने के करीब पांच साल बाद 1,814 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दी है। यह मंजूरी डार्विन कर्जदाताओं की ओर से समाधान योजना के पक्ष में मतदान करने के बाद दी गई है। न्यायाधिकरण ने शनिवार को पारित 25 पेज के आदेश में 1,814 करोड़ रुपये के निवेश की समाधान योजना को मंजूरी दी है। दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत दिवाला समाधान प्रक्रिया अगस्त 2018 में शुरू हुई थी। एनसीएलटी के मुताबिक डार्विन प्लेटफॉर्म इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (डीपीआईएल) लवासा कॉरपोरेशन लिमिटेड के लिए विजेता बोलीदाता बनी है। यह कंपनी मुख्य रूप से पुणे में निजी हिल स्टेशन के व्यवसाय में है। एनसीएलटी ने पारित आदेश में कहा कि इस राशि में 1,466.50 करोड़ रुपये की समाधान योजना राशि शामिल है, जिससे कॉरपोरेट कर्जदार को किश्तों में दिए गए धन के लिए भुगतान किया जाएगा। इस समाधान योजना को एक निगरानी समिति की देखरेख में लागू किया जाएगा। इस समिति में दिवाला पेशेवर, वित्तीय ऋणदाता और डार्विन प्लेटफॉर्म का एक-एक प्रतिनिधि शामिल होगा।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी का रुख जारी है। ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन ब्रेंट क्रूड 1.43 डॉलर यानी 1.80 फीसदी की उछाल के साथ 81.07 डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 1.42 डॉलर यानी 1.88 फीसदी की बढ़त के साथ 77.07 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है।

विवेक अग्निहोत्री को एक यूजर ने दी 'द मणिपुर फाइल्स' बनाने की सलाह

मुबंई/विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स 2022 की सफल फिल्मों में से एक थी। इसके बाद विवेक अग्निहोत्री द कश्मीर फाइल्स अनरिपोर्टेड सीरीज लेकर आए हैं। ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है। इस समय मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र करने की घटना का देश में गहरा असर हो रहा है। इसी बीच, एक ट्विटर यूजर ने विवेक को द मणिपुर फाइल्स बनाने का चैलेंज दिया है। विवेक अग्निहोत्री ने शुक्रवार को द कश्मीर फाइल्स अनरिपोर्टेड को लेकर एक पोस्ट किया। उन्होंने कहा, हमारे संविधान में किए गए वादे के अनुसार कश्मीरी हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा करने में पूरी तरह से विफल रहा है। इस पर एक यूजर लिखा, अपना समय बर्बाद मत करो, अगर तुम आदमी हो तो जाओ और मणिपुर फाइल्स फिल्म बनाओ। इस ट्वीट का जवाब देते हुए विवेक अग्निहोत्री ने कहा, मुझ पर इतना विश्वास करने के लिए धन्यवाद, लेकिन क्या आप सारी फिल्में मुझसे बनवाना चाहते हैं? क्या आपकी टीम इंडियाह्न में कोई पुरुष फिल्म निमार्ता नहीं है एक ट्विटर यूजर को विवेक अग्निहोत्री का जवाब वायरल हो गया है।

रणबीर ने कहा चौकस है फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी

कानपुर (हि.स.)। 'कभी अलविदा न कहना' ऐ दिल है मुश्किल से लेकर 'माय नेम इज खान जैसी कई फिल्मों में काम करने वाले फिल्म अभिनेता रणबीर और आलिया शनिवार को कानपुर में बनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का प्रमोशन करने पहुंचे। मीडिया से बात करते हुए कनपुरिया अंदाज में कहा कि फिल्म को चौकस बोल सकते हैं।

फिल्म अभिनेता रणबीर ने कहा कि कानपुर की बाजार में गर्दा उड़ा दिए। कानपुर अंदाज में कहा कि कान के नीचे वाला कंटाप के लिए मशहूर शहर है। आप लोगों के तरफ से जब फिल्म के संबंध में जानकारी मिलती है तो उसे हम सदैव सुधारने का प्रयास करते हैं।

अभिनेत्री आलिया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि फिल्म रॉकी और रानी बहुत ही चौकस है। फिल्म के दौरान चौकस रैम्प किया। हम फिल्म का प्रमोशन करने के साथ ही कानपुरवासियों से लोगों के विचार जानते हैं। फिल्म में क्या कमी है, जिससे आगे आने वाले फिल्म में और अच्छा करने का प्रयास करें।

अपकमिंग फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी फिल्म के प्रमोशन को लेकर कानपुर पहुंचे रणबीर और आलिया काफी रोमांटिक मूड में नजर आए, कानपुर के एक निजी होटल में फिल्म प्रमोशन के दौरान रणवीर और आलिया ने फिल्म से जुड़े अनुभव को मीडिया से साझा किया।

सारा अली खान ने लोटस सिग्नेचर में खरीदा नया ऑफिस

मुबंई/बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान पिछले कुछ दिनों से नए ऑफिस की तलाश में थीं। सारा को पिछले हफ्ते पैपराजी ने मां अमृता सिंह के साथ बांद्रा स्थित एक ऑफिस में देखा था। ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अब जानकारी सामने आई है कि सारा ने अंधेरी में नए ऑफिस के लिए जगह ले ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सारा अली खान ने लोटस सिग्नेचर में नया ऑफिस स्पेस खरीदा है। लोटस सिग्नेचर का स्वामित्व निमार्ता आनंद पंडित के पास है। रिपोर्ट्स के मुताबिक खरीदे गए नए ऑफिस की कीमत लगभग 1.01 से 1.46 करोड़ है। ह्यलोटस सिग्नेचरह्न का निर्माण फिलहाल चल रहा है और एक्ट्रेस को दिसंबर, 2025 में इस ऑफिस का कब्जा मिल सकता है। सारा की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ह्यजरा हटके जरा बचकेह्न की सफलता के बाद ऐसी अफवाहें हैं कि अभिनेत्री ने भविष्य की परियोजनाओं पर काम करने के लिए पदभार संभालने का फैसला किया है। इस बीच सारा अली खान ने फिल्म ह्यजरा हटके जरा बचकेह्न में एक्टर विक्की कौशल के साथ मुख्य भूमिका निभाई थी। सारा जल्द ही अनुराग बसु की फिल्म ह्यमेट्रो इन डिनोह्न में अहम किरदार निभाएंगी। फिल्म में सारा के साथ-साथ आदित्य रॉय कपूर, कोंकणा सेन शर्मा, पंकज त्रिपाठी, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, अली फजल और नीना गुप्ता अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

पेटीएम के पास साल के अंत तक होगा मुक्त नकदी प्रवाह : सीईओ

नई दिल्ली (हि.स.)। डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को इस साल के अंत तक मुक्त नकदी प्रवाह की स्थिति में आने की उम्मीद है। पेटीएम के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने शनिवार को यह बात कही।

विजय शेखर शर्मा ने कंपनी के नतीजों पर एक चर्चा के दौरान कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान कंपनी की वृद्धि भुगतान, वित्तीय सेवाओं और वाणिज्य व्यवसाय में विस्तार के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि हम साल के अंत तक मुक्त नकदी प्रवाह को सकारात्मक बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) द्वारा नए ग्राहकों को जोड़ने पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रोक के बारे में उन्होंने कहा कि उसने बैंकिंग नियामक को एक अनुपालन रिपोर्ट दी है, इसकी समीक्षा की जा रही है। शर्मा ने कहा कि आरबीआई से मंजूरी में अनुमान से अधिक समय लगा है, लेकिन इसके जल्द आने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम ने एक दिन पहले जारी बयान में बताया था कि 30 जून को समाप्त चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में उसका घाटा कम होकर 358.4 करोड़ रुपये रह गया है। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी को 645.4 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

ड्रीम गर्ल-2 के नए टीजर के बाद एकता कपूर और करण जौहर की बीच हुई मजेदार नोक-झोंक

मुबंई/इस साल की बहुप्रतीक्षित सीक्वल ड्रीम गर्ल-2 की रिलीज को लेकर फैंस जबरदस्त तरीके से उत्साहित हो गए है। फिल्म में आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म के वॉयसओवर टीजर्स ने पहले ही पूजा की पॉपुलैटिरी को आसमान पर पहुंचा दिया है, जिसमें पूजा बॉलीवुड के अलग-अलग सुपरस्टार्स के साथ बातचीत करती दिखाई दीं। फिल्म के हालिया टीजर में पूजा और रॉकी बने रणवीर सिंह के बीच की मजेदार बातचीच ने लोगों का खूब ध्यान खींचा। इसी कड़ी में अब दो बड़े निमार्ता एकता आर कपूर और करण जौहर की एक मस्ती भरी नोक-झोंक सामने आई, जहां वे एक-दूसरे की अपकमिंग थिएट्रिकल रिलीज, ड्रीम गर्ल 2 और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की सराहना करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। दोनों के बीच ये मजेदार नोकझोंक तब शुरू हुई जब करण जौहर ने ड्रीम गर्ल-2 का नया टीजर अपने सोशल मीडिया पर एक कैप्शन के साथ अपलोड किया, जिसमें लिखा था, दूसरे यूनिवर्स में एक प्रेम कहानी सिनेमाघरों में मिलते हैं पूजा! इस बातचीत को जारी रखते हुए करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन ने कैप्शन दिया, रुको, रानी तुमसे बात करना चाहती है! पूजा! इस पर रिएक्ट करते हुए, एकता आर कपूर ने करण जौहर को रणवीर सिंह स्टारर उनकी अपकमिंग रिलीज की बधाई दी और लिखा, पूजा के रॉकी और मेरे करण करण जौहर को बेस्ट विशेज फॉर द ब्लॉकबस्टर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी इसके बाद फिर इस नोक-झोंक को एंड करते हुए करण जौहर ने एकता आर कपूर को एक प्यारा सा जवाब लिखा, एक्तू तुम अमर ड्रीम गर्ल हो ड्रीम गर्ल-2 का निर्माण एकता आर कपूर ने अपने प्रोडक्शन हाउस बालाजी मोशन पिक्चर्स के तहत किया है और इसमें आयुष्मान खुराना, अनन्या पांडे, अभिषेक बनर्जी, मनजोत सिंह, परेश रावल और अन्नू कपूर जैसे कलाकार शामिल हैं। ये बहुप्रतीक्षित सीक्वल 25 अगस्त को बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है।

क्या था पत्नी का रिएक्शन, अंगद बेदी ने किया खुलासा

मुबंई/कुछ दिनों पहले फिल्म ह्यलस्ट स्टोरीज-2 ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। फिल्म को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इस फिल्म में एक शॉर्ट स्टोरी में नेहा धूपिया के पति और एक्टर अंगद बेदी मुख्य भूमिका में थे। अंगद बेदी, मृणाल ठाकुर और नीना गुप्ता उस लघु कहानी के मुख्य कलाकार थे। इसमें अंगद और मृणाल का रोमांस दिखाया गया था। दोनों ने काफी बोल्ड सीन दिए थे। अंगद शादीशुदा हैं और नेहा धूपिया उनकी पत्नी हैं। दोनों के दो बच्चे हैं। अंगद ने इस फिल्म के बोल्ड सीन पर नेहा के रिएक्शन के बारे में बताया है। जब उनसे पूछा गया आपने अपनी पत्नी नेहा को इस रोल के बारे में बताया तो उनकी पहली प्रतिक्रिया क्या थी, उन्होंने क्या कहा इस सवाल पर अंगद ने कहा, उन्हें यह पसंद आया और वह बहुत खुश थीं। जब मैंने उन्हें कहानी सुनाई तो उनकी प्रतिक्रिया सकारात्मक थी। ऐसी बोल्ड कहानियों या दृश्यों को देखकर दर्शकों के लिए एक अलग नजरिया बनता है, तो इस सीन की शूटिंग के दौरान सेट पर कैसा माहौल था? ऐसा सवाल अंगद से पूछा गया। अंगद ने मीडिया को बताया, इस तरह के सीन को शूट करने के लिए सबसे पहले एक इंटिमेसी कोच और प्रोड्यूसर्स की ओर से एक या दो लोग होते हैं। बाकी लोगों को कमरे से बाहर या सेट से बाहर भेज दिया जाता है, ताकि किसी को असहज महसूस न हो।

पार्श्व गायक स्व0 मुकेश की 100 वी जयंती मनी

रांची। कायस्थ कल्याण समन्वय समिति द्वारा शनिवार को महान पार्श्व गायक स्व० मुकेश की 100 वी जयंती समारोह लटमा बाजार स्थित लाला एच पी नारायण के आवास पर टी एल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्वलन तथा पुष्प अर्पित करके की गई। कार्यक्रम में मंच संचालक निर्भय कुमार सिन्हा और ई० शशि सिन्हा द्वारा स्व० मुकेश के जीवन से जुड़े कुछ विशेष घटना को प्रकाशित किया गया। डा० अभिषेक कुमार सिन्हा, निर्भय कुमार सिन्हा, ई० शशि सिन्हा, संजय पराशर, मिली वर्मा, लाला एच पी नारायण, टी एल श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में अपनी सुरीली संगीतमय गीतों की प्रस्तुति से समां बांधा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुशील वर्मा, अमरकांत सिन्हा, स्वेता सिन्हा, रंजन प्रसाद इत्यादि भी मौजूद थे।

फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' का ट्रेलर रिलीज

मुबंई/सुपर स्टार प्रदीप पांडेय चिंटू और संचिता बनर्जी स्टारर भोजपुरी फिल्म ह्यभारत भाग्य विधाताह्न का धांसू ट्रेलर आउट हो गया है। फिल्म का ट्रेलर टीजर का विस्तार है, जिसमें एक बार फिर से प्रदीप पांडेय चिंटू छाए रहे। उनका एक्शन, उनके डायलॉग, उनके रोमांस का जादू भोजपुरी के दर्शकों पर भी छा गया है और ट्रेलर रिलीज होने के साथ वायरल हो रहा है।

भारत भाग्य विधाता के ट्रेलर का रन टाइम 3:54 है, जिसकी प्रस्तुति पलक झपकने का वक्त तक नहीं देती है। फिल्म के ट्रेलर को बी4यू के वाइस प्रेसिडेंट संदीप सिंह ने तगड़ा बताते हुए कहा कि कई अवॉर्ड शो में बेस्ट एक्टर रह चुके प्रदीप पांडेय चिंटू का रंग फिल्म के ट्रेलर में खूब चढ़ा है। फिल्म की कहानी में बेहद फिट भी नजर आए हैं।

फिल्म को लेकर प्रदीप पांडेय चिंटू ने कहा कि यह फिल्म बिहार और यूपी के एक पुलिस वाले के जीवन पर आधारित है। मैंने फिल्म में पुलिस का किरदार निभाया है। इससे पहले भी कई फिल्मों में पुलिस का किरदार निभा चुका हूं, लेकिन यह उन सबसे अलग है। आपने अगर ट्रेलर देखा है तो आपको अंदाजा हो गया होगा कि फिल्म कितनी बड़ी और व्यापक बनी है। बाकी आपको फिल्म देखनी होगी, फिर पता लग जाएगा कि यह कितनी बड़ी फिल्म होने वाली है।

बी4यू भोजपुरी प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म ह्यभारत भाग्य विधाता 18 अगस्त को रिलीज होगी। इसकी जानकारी बी4यू के वॉयस प्रेसीडेंट संदीप सिंह पहले ही दे चुके हैं, जब उन्होंने ये भी बताया था कि भोजपुरी में अभी तक पुलिस डिपार्टमेंट पर ऐसी कोई पिक्चर नहीं बनी है। यह फिल्म फुल एक्शन और रोमांच से भरपूर है। फिल्म के निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। हाई आईक्यू एंटरटेनमेंट एलएलपी के एसोसिएशन में बी4यू मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत फिल्म भारत भाग्य विधाताह्न के निमार्ता संदीप सिंह, अरविन्द कुमार अग्रवाल व म्यूजिक सेटेलाइट हैं।

फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू और संचिता बनर्जी के साथ भूपेंद्र सिंह, विनीत विशाल, उमेश सिंह धामा वर्मा मुन्ना सिंह साहिल शैख, पुष्पेंद्र सिंह संजीव मिश्रा और करिश्मा सैनी प्रमुख भूमिका हैं। फिल्म का कॉन्सेप्ट बी4यू के वॉयस प्रेसीडेंट संदीप सिंह का है। निर्देशक अनंजय रघुराज है।

वुशु खेल

झारखंड ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए तैयार है

नेशनल जजेस ट्रेनिंग एन्ड सर्टिफिकेशन कोर्स सम्पन्न

राँचीः सरला बिरला यूनिवर्सिटी परिषर में चल रहे नेशनल जजेस ट्रेनिंग एन्ड सर्टिफिकेशन कोर्स का शनिवार को समापन हो गया। इस कोर्स की शुरूआत दिनाँक 18 को बी के बिरला सभागार में हुई जिसमे पूरे भारत के विभिन्न 32 इकाइयों के 226 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इस सेमिनार के समापन समारोह के अवसर पर सभी तकनीकी पदाधिकारियों को उनके ग्रेड सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। सेमिनार के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित निदेशक खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग की निदेशक ने भारत मे वुशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, उन्होंने झारखंड में वुशु के बढते कदमों के बारे में चर्चा की। उन्होंने उपस्थित वुशु एसोसिएशन के पदाधिकारियों से झारखंड में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि झारखंड ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए तैयार है। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में आर्मी स्कूल के प्रिंसिपल अभय कुमार सिंह, डॉ कविता सिंह, डेप्युटी रजिस्ट्रार अमित गुप्ता, आशुतोष द्विवेदी, प्रकाश जमुआर, ऋषिराज जमुआर,राहुल रंजन, सुभाष शाहदेव, हरि बाबू शुक्ला, भारद्वाज शुक्ला, चंचल भट्टाचार्य, उदय साहू, शैलेन्द्र कुमार, मनोज साहू, प्रियदर्शी अमर,शैलेन्द्र दुबे, दीपक गोप, रत्नेश कुमार, कोर्स इंस्ट्रक्टर ताऊलू पी बेहरा, अभिलाष सक्सेना, शम्भू सेठ, सी पी आरिफ, अशोक। मोकाशी आदि उपस्थित थे जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।

समापन समारोह के इस अवसर पर तकनीकी पदाधिकारियों ने अपबे अनुभव साझा किए। इस अवसर पर अर्जुन अवार्डी एम बिमोलजीत सिंह और अंतरराष्ट्रीय वुशु पदक विजेता खिलाड़ी पूर्णिमा लिंडा को सन्मानित किया गया।

अंत मे धन्यवाद ज्ञापन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने किया।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात, बारिश व भूस्खलन पर की चर्चा

नई दिल्ली (हि.स.)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यभर में बारिश, रायगढ़ जिले में भूस्खलन और मुंबई में पुनर्विकास परियोजनाएं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री शिंदे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा, मैं और मेरा परिवार प्रधानमंत्री मोदी से मिले। उन्होंने हमें अपना काफी समय दिया और मैं इसके लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं। प्रधानमंत्री से मुलाकात के लिए शिंदे के साथ उनकी पत्नी लता शिंदे, पिता संभाजी शिंदे, बेटा श्रीकांत, बहू रुशाली और पोता रुद्राक्ष भी पहुंचे थे। शिंदे ने कहा कि हमने महाराष्ट्र में अत्यधिक वर्षा की स्थिति, रायगढ़ जिले के इरशालगढ़ भूस्खलन, राज्य में चल रही परियोजनाओं और मुंबई में पुनर्विकास परियोजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों को घर उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी है। इसके बाद मुख्यमंत्री शिंदे गृहमंत्री अमित शाह से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात करेंगे।

बीते तीन वर्षों में करीब 20 हजार एमएसएमई उद्योग हुए ठप्प : खड़गे

नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने रोजगार के नाम पर देश की जनता से छल किया है। खड़गे ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पूरी तरह तबाह हो गया है। बीते तीन वर्षों में ही करीब 20 हजार एमएसएमई उद्योग बंद हो गए हैं। अकेले सरकारी महकमों में ही 30 लाख पद खाली हैं। लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दो करोड़ नौकरी हर वर्ष देने का वादा किया था लेकिन यह सरकार, सरकारी विभागों में खाली 30 लाख पदों को नहीं भर पाई है। उन्होंने कहा कि करोड़ों युवाओं की नौकरियां खत्म हो गई हैं। उनका भविष्य अंधकारमय हो गया। एससी, एसटी, औबीसी, ईडब्ल्यूएस को तो खासा चोट पहुंची है। देश का युवा अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस युवा विरोधी सरकार को अब जाना होगा।

मणिपुर मुद्दे पर संसद में जवाब दें प्रधाननमत्री मोदी : कांग्रेस

नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस ने मांग की है कि मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद संसद में जवाब दें। कांग्रेस प्रवक्ता रंजीत रंजन ने शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मणिपुर में जो भी कुछ हुआ है वह गंभीर है। इस मुद्दे पर खुद देश के प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए। रंजीता ने कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि वायरल वीडियो में जिस तरह महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार हुआ है, वैसी राज्य में सैकड़ों घटनाएं हुई हैं और कई एफआईआर दर्ज हैं। क्या इसकी जानकारी प्रधानमंत्री को नहीं होगी उन्होंने कहा कि जहां हिंसा हो रही है, वह अंतरराष्ट्रीय सीमा वाला इलाका है, तो क्या सरकार को सदन में जवाब नहीं देना चाहिए रंजीता ने कहा कि कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष की मांग है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसद में आएं और मणिपुर हिंसा पर चर्चा हो। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने को लेकर भी विपक्ष ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से ऐसे मुद्दों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने को कहा है। मणिपुर में मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को रैली का आयोजन हुआ था। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने इस रैली का आयोजन किया था। रैली के दौरान हिंसा भड़क गई थी। अभी तक इस हिंसा में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है।

रायगढ़ हादसा: तीसरे दिन मिले तीन शव, अब तक 26 लोगों की मौत

मुंबई (हि.स.)। रायगढ़ जिले के आपदाग्रस्त इरशालवाड़ी गांव में शनिवार को तीसरे दिन मलबे में दबे तीन और शव मिले हैं। इनमें एक पुरुष का और दो महिलाओं के शव हैं। अब तक इस हादसे में 26 लोगों की मौत हो चुकी है। 143 लोगों को मलबे से निकाला जा चुका है, जबकि 87 लोगों की तलाश अभी भी जारी है। कोंकण संभागीय आयुक्त डॉ. महेंद्र कल्याणकर के अनुसार भारी बारिश के कारण बुधवार रात रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी में पहाड़ी का हिस्सा धसककर इरसालवाड़ी गांव घरों पर गिर गया था। इसके बाद गुरुवार से यहां पहाड़ी हिस्से के मलवे से लोगों को ढूंढने का काम जारी है। मौके पर जाने का रास्ता न होने की वजह से यहां जेसीबी अथवा पोकलेन नहीं जा सकती है। इसी वजह से मौके पर फावड़े और कुदाल के सहयोग से मलबा बहुत ही सावधानी से हटाया जा रहा है। मौके पर एनडीआरएफ और सिडको सहित स्वयंसेवी संस्थाओं के लगभग एक हजार लोग राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं। भारी बारिश की वजह से यहां राहत कार्य में अड़चन आ रही है। इरशालवाड़ी गांव में कुल 48 परिवार में 228 लोग रहते थे। इस घटना में बचाए गए लोगों के लिए 60 कंटेनर उपलब्ध कराए गए हैं। मौके पर बचाए गए लोगों के लिए भोजन और अन्य सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। मौके पर मेडिकल टीम को भी तैनात किया गया है।

इमरान खान नहीं पहुंचे अदालत, जज ने व्यक्त की नाराजगी, सोमवार को तलब किया

इस्लामाबाद (हि.स.)। इस्लामाबाद के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में शनिवार को बहुचर्चित तोशखाना मामले की सुनवाई हुई। इस केस में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान आरोपी हैं। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने सुनवाई की। उन्होंने इमरान खान के बार-बार गैरहाजिर रहने पर नाराजगी जताई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में बैरिस्टर गौहर अली ने इमरान खान और अधिवक्ता अमजद परवेज ने चुनाव आयोग का प्रतिनिधित्व किया। बैरिस्टर अली ने इस मामले की दैनिक सुनवाई पर आपत्ति जताई। तब न्यायाधीश ने इमरान खान के बार-बार उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त की। मगर उन्होंने इमरान को उपस्थिति में आज (एक दिन) की छूट देने की याचिका स्वीकार कर ली। अदालत ने हुक्म दिया कि इमरान की उपस्थिति 24 जुलाई को सुनिश्चित कराई जाए। बैरिस्टर अली ने कहा कि इमरान अपने खिलाफ क्वेटा में दायर एक मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश होंगे। इस पर न्यायाधीश ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शीर्ष अदालत में पेश होने के बाद इस अदालत में पेश हो सकते हैं।

मंदिरों का एकत्रीकरण समाज को जोड़ेगा, राष्ट्र को बनाएगा समृद्ध : मोहन भागवत

वाराणसी (हि.स.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दुनियाभर के मंदिर प्रमुखों के तीन दिवसीय महासम्मेलन- इंटरनेशनल टेंपल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो का शनिवार को उद्घाटन किया।

महासम्मेलन में जुटे देश-विदेश के मंदिर प्रमुखों और अन्य प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि मंदिर हमारी सनातनी परंपरा का अभिन्न अंग हैं। पूरे समाज को एक लक्ष्य लेकर चलाने के लिए मठ-मंदिर चाहिए। मंदिर हमारी प्रगति का सामाजिक उपकरण है। मंदिर में आराधना के समय आराध्य का पूर्ण स्वरूप होना चाहिए। मंदिर में शिक्षा मिले, संस्कार मिले, सेवा भाव हो और सबको प्रेरणा मिले। समाज की चिंता करने वाला मंदिर होना चाहिए। सभी मंदिर का एकत्रीकरण समाज को जोड़ेगा, ऊपर उठाएगा, राष्ट्र को समृद्ध बनाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का लक्ष्य एक ही है, हमारा कर्म और धर्म, यह लोक भी ठीक करेगा और परलोक भी।

सरसंघचालक ने कहा कि हमारे मंदिर, आचार्य, देवस्थान, यति साथ चलते हैं, सभी सृजन के लिए हैं। इतिहास में कई बार ऐसा समय आया कभी हम गिरे, कभी किसी ने धक्का मारकर गिराया, लेकिन हमारे मूल्य नहीं गिरे। हमारे जीवन का लक्ष्य एक ही है हमारा कर्म और धर्म। समाज में धर्म चक्र परिवर्तन के आधार पर ही सृष्टि चलती है। शरीर, मन और बुद्धि को पवित्र करके ही आराधना होती है। उन्होंने कहा कि पहले बलि परम्परा थी किंतु जब पता चला कि यह काल संगत नहीं

है तो अब नीबू और नारियल की बलि देते हैं। समाज प्रकृति और परंपरागत राजा पर निर्भर नहीं है। राजा का काम संचालन है। इसके लिए हम सत्ता देकर सो नहीं जाते बल्कि उनके कामों का फल चुनाव में देते हैं।

संघ प्रमुख ने काशी विश्वनाथ धाम का खास तौर पर उल्लेख कर कहा कि कुछ मंदिर समाज के हाथ में हैं, कुछ मंदिर सरकार के हाथ में हैं। सरकार के हाथ में ऐसे मंदिर भी हैं जो अच्छे चल रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर देखकर आइए उसका स्वरूप कैसा हो गया। करने वाले सरकार के लोग हैं, लेकिन वह भक्ति के साथ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर केवल पूजा नहीं, मोक्ष और चित्त सिद्धि का स्थल है। उन्होंने कहा कि देश के छोटे स्थान पर छोटे से छोटे मंदिर को समृद्ध बनाना है। हमें हर गली की छोटी-छोटी मंदिरों की सूची बनानी चाहिए। वहां रोज पूजा हो, सफाई रखी जाए। मिलकर सभी आयोजन करें। संगठित बल साधनों से संपूर्ण करें। समय आ गया है, अब देश और संस्कृति के लिए त्याग करें।

महासम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता और सार्वजनिक वितरण मामलों के राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि हर सनातनी का घर एक मंदिर है। मंदिर ही ऊर्जा है। इन मंदिरों को जोड़कर भारत को हम दोबारा विश्वगुरु बनाएंगे। मंदिरों को जोड़कर मानस को सांस्कृतिक रूप से एक करेंगे। मंदिर जुड़ेंगे तो मन भी जुड़ेंगे। हमारी संस्कृति भी जुड़ेगी। उन्होंने कहा कि देश में मंदिर केवल पूजा स्थल ही नहीं सेवा, चिकित्सा, शिक्षा का भी बड़ा केंद्र रहे हैं। अतीत में आतताइयों ने हमारे मंदिर और संस्कृति को क्षति पहुंचाई, उनके संसाधनों को क्षीण किया, लेकिन हमारा इतिहास हमेशा ऊंचा रहा।

महासम्मेलन में वाराणसी के सांसद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पढ़कर सुनाया गया। इसके पहले इंटरनेशनल टेंपल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो के चेयरमैन और अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। महासम्मेलन में 41 देशों के हिन्दू, सिख, बौद्ध और जैन धर्म के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इसमें मंदिर की सुरक्षा, संरक्षण व निगरानी, फंड प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता और पवित्रता के साथ ही साथ साइबर हमलों से सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) टेक्नोलॉजी का उपयोग और एक सुदृढ़ मंदिर समुदाय को बढ़ावा देने पर विमर्श होगा। तीर्थयात्रियों के अनुभव के तहत भीड़ और कतार प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और आधारभूत संरचना में विस्तार जैसे विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। सम्मेलन के आयोजकों के अनुसार तीन दिनों के महासम्मेलन के बाद सभी मंदिरों के लिए एक श्वेत पत्र जारी किया जाएगा और आने वाले भविष्य में देशभर के सभी मंदिरों को इससे जोड़ा जाएगा।

इसरो और नौसेना ने 'मिशन गगनयान' के लिए पूरे किये हार्बर रिकवरी परीक्षण

नई दिल्ली (हि.स.)। इसरो और भारतीय नौसेना ने ह्यमिशन गगनयानह्न के लिए विशाखापत्तनम हार्बर में मानव अंतरिक्ष मिशन क्रू मॉड्यूल रिकवरी और लिफ्टिंग परीक्षण पूरे कर लिए हैं। इसरो ने यह परीक्षण विशाखापत्तनम स्थित पूर्वी नौसेना कमान में भारतीय नौसेना के एक जहाज पर किये हैं। भारत का लक्ष्य 2025 तक 400 किमी ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का है। 'मिशन गगनयान' की क्रू रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा (डब्ल्यूएसटीएफ) में पहले चरण का परीक्षण दिया गया है।

विशाखापत्तनम के नौसेना डॉकयार्ड में बंदरगाह परीक्षणों की शुरूआत के साथ गगनयान मिशन का रिकवरी परीक्षण संचालन दूसरे चरण में प्रवेश कर गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और भारतीय नौसेना ने संयुक्त रूप से 20 जुलाई को

परीक्षण वाहन के पहले विकास मिशन के दौरान पुनर्प्राप्ति कार्यों के लिए पहचाने गए जहाज के साथ परीक्षण किया। विशाखापत्तनम स्थित पूर्वी नौसेना कमान में इसरो और भारतीय नौसेना ने गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल मॉकअप का उपयोग करके बंदरगाह पुनर्प्राप्ति परीक्षण आयोजित किए। यह प्रशिक्षित टीम अब आने वाले महीनों में इसरो के ह्यमिशन गगनयानह्न की लॉन्चिंग टीम में शामिल होगी।

इसरो के बेंगलुरु मुख्यालय की तरफ से शनिवार को जारी बयान में कहा कि यह मॉकअप परीक्षण प्रक्रिया में इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे रिकवरी प्रक्रियाएं स्थितियों का सटीक अनुकरण करती हैं। बयान में यह भी कहा गया कि परीक्षणों के दौरान पुनर्प्राप्ति के विभिन्न चरणों का अनुकरण किया गया था, जिसमें जहाज के डेक पर क्रू मॉड्यूल को खींचना, संभालना और उठाना शामिल था। इसरो के अनुसार गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के एक दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी की कक्षा में लॉन्च करके और भारतीय समुद्री जल में उतरकर उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है।

इसरो के ह्यमिशन गगनयानह्न की क्रू रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा (डब्ल्यूएसटीएफ) में पहले चरण का प्रशिक्षण दिया गया है। नौसेना के गोताखोरों और समुद्री कमांडो की एक टीम ने विभिन्न समुद्री परिस्थितियों में क्रू मॉड्यूल को प्रशिक्षित किया। कोच्चि स्थित डब्ल्यूएसटीएफ भारतीय नौसेना की एक जल जीवन रक्षा परीक्षण सुविधा है, जहां विमान चालक दल को कई दुर्घटना परिदृश्यों और मौसम की स्थिति के तहत फंसी हुई उड़ान से बचने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। दो सप्ताह के प्रशिक्षण कैप्सूल में मिशन के संचालन, चिकित्सा आवश्यकताओं के दौरान की जाने वाली कार्रवाइयों और विभिन्न विमानों और उनके बचाव उपकरणों से परिचित होने के बारे में जानकारी दी गई।

अनुराग ठाकुर ने राजस्थान सरकार पर साधा निशाना, कहा- महिलाओं के प्रति अपराध में प्रदेश नंबर वन

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शनिवार को कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे पर राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजस्थान महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में नंबर वन पर है। अनुराग ठाकुर ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि देश के कुछ राज्यों में महिलाओं के खिलाफ हो रही घटनाएं मानवता को शर्मसार कर रही हैं। राजस्थान में पिछले साढ़े 4 साल में महिला अपराध की 1.09 लाख घटनाएं और 33 हजार महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं घटित हुई हैं। दस लाख से अधिक आपराधिक घटनाएं राजस्थान में रजिस्टर की गईं। राज्य में पूरी तरह अराजकता का माहौल है। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के चुनाव में कहा था कि लड़की हूं लड़ सकती हूं, लेकिन पश्चिम बंगाल, बिहार और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध पर चुप्पी साधे बैठी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ लोग सब चीजों को केवल राजनीतिक चश्मे से ही देखते हैं। एक ओर नारी अस्मिता बिहार में तार-तार है। जबकि नीतीश-तेजस्वी के चश्मे से बिहार में बहार ही बहार है। वहां बेगूसराय में घटी घटना पर मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री के मुंह से एक शब्द नहीं निकला।

छत्तीसगढ़: आईएएस रानू साहू तीन दिनों के लिए ईडी की रिमांड पर



रायपुर (हि.स.)। छत्तीसगढ़ की आईएएस अधिकारी रानू साहू तीन दिनों के लिए केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रिमांड पर रहेंगी। कोल मामले में आईएएस रानू साहू को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया गया। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 14 दिन की रिमांड की मांग की थी मगर कोर्ट ने 3 दिनों की रिमांड दी है। ईडी ने कोल मामले में गिरफ्तार किया है। उन्हें 25 जुलाई को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। आईएएस अधिकारी रानू साहू पर कोयला परिवहन से लेकर डीएमएफ और सार्वजनिक खाद्य वितरण (पीडीएस) में भ्रष्टाचार करने का आरोप है। रानू साहू छत्तीसगढ़ की दूसरी आईएएस अधिकारी हैं, जिन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया। इससे पहले आईएएस समीर विश्नोई गिरफ्तार हो चुके हैं और कोयला घोटाला मामले में फिलहाल रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार 21 जुलाई की देर रात तक आईएएस अधिकारी रानू साहू के रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित सरकारी आवास में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की थी। इसमें मिले अहम सबूतों के मुताबिक रानू साहू करोड़ों रुपये के हेरफेर में शामिल थीं, फिलहाल मामले की जांच जारी है।

संक्षिप्त

यवतमाल में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात, वायु सेना से मांगी मदद

नागपुर (हि.स.)। महाराष्ट्र के यवतमाल में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। बाढ़ के कारण फंसे 45 लोगों को बचाने के लिए जिला प्रशासन ने वायुसेना से मदद मांगी है। इस पर वायु सेना ने राहत और बचाव कार्य में एमआई-17 वी-5 हेलीकॉप्टर को लगाया है। महाराष्ट्र के यवतमाल में शुक्रवार रात हुई भारी बारिश से जिले के कई रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए और शनिवार को भी कई घरों में पानी घुस गया। बीती रात यवतमाल में लगभग 4 घंटे तक बारिश हुई। नतीजतन शहर की सड़कों पर पानी भर गया और सुबह 4 बजे बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि 500 से ज्यादा घर पानी में डूब गए हैं। इस पर जिला प्रशासन ने वायुसेना से एमआई-17 वी-5 हेलीकॉप्टर की मांग की है। नागपुर के रक्षा पीआरओ विंग कमांडर (डब्ल्यूजी सीडी) रत्नाकर सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन की मांग पर यवतमाल जिले में बाढ़ के कारण फंसे 45 लोगों को निकालने के लिए नागपुर से एक एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर राहत एवं बचाव कार्य में शामिल किया जा रहा है। महाराष्ट्र में भारी बारिश के कारण जलभराव के बाद मुंबई और आसपास के इलाकों में ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं है। वडाला से मानखुर्द खंड तक हार्बर लाइन के कुर्ला स्टेशन पर जलभराव के कारण सुरक्षा एहतियात के तौर पर कुछ समय के लिए उपनगरीय यातायात बंद कर दिया गया। महाराष्ट्र में लगातार बारिश के कारण इसके जिलों के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति देखी गई है। क्षेत्रीय मौसम विभाग ने पालघर, ठाणे, मुंबई, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग सहित कई जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है।

मणिपुर में महिलाओं का जबरदस्त प्रदर्शन, हटाने के लिए पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले

इंफाल (हि.स.)। मणिपुर में दो महिलाओं के यौन उत्पीड़न के विरोध में शनिवार को इंफाल में महिलाओं ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। इन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मणिपुर की राजधानी इंफाल के घारी इलाके में आज सुबह सैकड़ों महिलाएं कार के टायर जलाकर और सड़क अवरुद्ध करके हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। सुबह करीब 9 बजे स्थिति उस समय अराजक हो गई, जब महिलाओं ने सड़क के दोनों तरफ जाम लगा दिया और सरकार के खिलाफ अभद्र नारे लगाए। स्थिति नियंत्रण से बाहर होने पर पुलिस ने रैपिड एक्शन फोर्स और सेना के साथ त्वरित कार्रवाई की। खबरों के मुताबिक जब सुरक्षाकर्मियों ने टायर में लगी आग को बुझाने की कोशिश की, तो प्रदर्शनकारी महिलाएं हिंसक हो गईं। तब स्थिति पर काबू पाने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। संबंधित इलाकों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेना निकटवर्ती संवेदनशील इलाकों में फ्लैगमार्च कर रही है।

जम्मू से अमरनाथ यात्रा पर निकले 3,472 श्रद्धालुओं को रोका गया चंद्रकोट में

रामबन (हि.स.)। रामबन में भूस्खलन के कारण बंद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के कारण जम्मू से अमरनाथ यात्रा पर निकले 3,472 श्रद्धालुओं को चंद्रकोट में रोक दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार 3,472 श्रद्धालुओं का 20वां जत्था 132 वाहनों में सवार होकर जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से अमरनाथ यात्रा के लिए शनिवार सुबह रवाना हुआ। इसमें से 2,515 श्रद्धालु अनंतनाग जिले के पहलगाम लिए, जबकि 957 श्रद्धालु गांदरबल जिले के बालटाल मार्ग के लिए रवाना हुए। दोनों जत्थों को रामबन में भूस्खलन के कारण राजमार्ग बंद होने के चलते उन्हें चंद्रकोट में ही रोक दिया गया है। रामबन में शनिवार सुबह मेहर और दलवास इलाकों में बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, जिसके चलते जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। मार्ग को खोलने का कार्य फिलहाल जारी है। इसी बीच 1 जुलाई को शुरू होने के बाद से शुक्रवार शाम तक तीन लाख से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बाबा बफार्नी के मंदिर की तीर्थयात्रा कर चुके हैं।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया लेबर-20 सम्मेलन का उद्घाटन

लखनऊ (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को होटल फार्च्यून में बैंक आफ इंडिया वर्कर्स आगेर्नाइजेशन की ओर से आयोजित लेबर-20 सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश एवं देश की समृद्धि में बैंकों का विशेष योगदान है। दुग्ध उत्पादन एवं गेहूं उत्पादन में आज उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। सभी क्षेत्रों में तरक्की के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने भय मुक्त वातारण दिया है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार के साथ-साथ भारतीय मजदूर संघ के कार्यों की सराहना कर करता हूं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व में भारतवर्ष की लोकप्रियता बढ़ी है। पिछले नौ वर्षों के अंदर ही मोदी सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हो गये हैं। भारत के लिए जी-20 की अध्यक्षता करना हमारे लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर भारतीय मजदर संघ (बीएमएस) के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम और बीएमएस के पूर्व वित्त सचिव सर्वेश चन्द्र प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम ने कहा कि बीएमएस का भारतीय जनता पार्टी से कोई संबंध नहीं है। कर्मचारियों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। बीएमएस दुनिया का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन है। गैर राजनीतिक संगठन होने के नाते ही हमें अन्य मजदूर संगठनों से अलग करता है। अन्य जितने भी श्रमिक संगठन हैं वह किसी न किसी राजनीतिक दल के सदस्य हैं। पहले लाल झंडा ही ट्रेड यूनियनों की पहचान हुआ करती थी आज स्थिति बदली है और पूरी दुनिया में बीएमएस की धाक है। बीएमएस के पूर्व वित्त सचिव सर्वेश चन्द्र ने कहा कि बीएमएस राष्ट्रहित, उद्योग हित एवं मजदूर हित को ध्यान में रखकर काम करता है। बीएमएस का दृष्टिकोण लोकहितकारी है। शोषितकारी आर्थिक नीति को बदलने की जरूरत है। इसके लिए ट्रेड यूनियन एवं मजदूरों को जागृत होने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में शीर्ष पर : अजय भट्ट

देहरादून (हि.स.)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज रोजगार और स्वरोजगार सहित विभिन्न क्षेत्रों में तेजी के साथ शीर्ष पर पहुंचा है। अब तक 05 लाख से ज्यादा छात्रों को रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र वितरण किया जा चुका है। आज विश्व में भारत के बढ़ते मान सम्मान का ही परिणाम है कि प्रधानमंत्री को 14 देशों से टॉप अवार्ड मिला है।

शनिवार को हाथीबड़कला स्थित सर्वे ऑडिटोरियम में आयोजित 7वां रोजगार मेला कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट अपने हाथों से 08 विभागों से 25 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण किया। कुल 09 विभाग से 118 युवाओं को नियुक्ति पत्र मिला।

इस अवसर पर अजय भट्ट ने कहा कि पिछले 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 लाख लोगों को रोजगार देने की बात कही थी। आज 07वें रोजगार मेले का आयोजन किया गया। लगभग 05 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल चुका है। यह नियुक्ति पत्र खुलेआम दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 09 साल में देश को शीर्ष पर पहुंचाया है। भारत की आवाज को विश्व फॉलो कर रहा है। विश्व के 14 देशों में प्रधानमंत्री को टॉप अवार्ड मिला है। आज अमेरिका सहित अन्य देश भारत की बात को गंभीरता से लेते हैं। एक समय ऐसा था कि भारत के प्रधानमंत्री को अमेरिका के प्रधानमंत्री से मिलने के लिए इंतजार करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी विश्व

के सर्वमान्य नेता हैं। यूक्रेन युद्ध में भारत का विश्वास और कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि देश के सभी छात्र बम-गोले के गड़गड़ाहट में बीच सुरक्षित देश लौटे।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यार्थियों से कहा कि काम के साथ कोई समझौता नहीं करना है। राष्ट्र हित में अपने लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ने के संकल्प के साथ काम की ललक को बनाएं रखें।

केंद्रीय मंत्री के हाथों संचार मंत्रालय से विकास कुमार, वैष्णवी शाह, धीरज, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से विजय कुमार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से पूजा, मंत्रालय विज्ञान से दिब्या राज, वित्त मंत्रालय से नवजोत कौर, ऊर्जा मंत्रालय से शिवम धीमान, अविनाश आंनद, सुमित मनवाल, मुकुल सिंह, देवनीत कौर, शालिनी प्रिया, वेदांत शुक्ला, सिमरीन शाहीन, पावर ग्रिड से श्वेता राणा, एलआईसी से रजत भारती, हरभजन सिंह, प्रवीण नेगी, लव कुश श्रीअंष भट्ट, रोहित कंसवाल, नंदिनी साक्षी चौहान, शोहित कुमार सहित अन्य को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

इस मौके पर वित्त व संसदीय मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल, कृषि व कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, मंत्री धन सिंह रावत, सांसद टिहरी गढ़वाल माला राज्य लक्ष्मी शाह, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक मुन्ना सिंह चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)